* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 317

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

‘भारत के बच्चे खुद अपना सैटेलाइट कर रहे लांच’








FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### क्रिकेटर रवींद्र जडेजा ने भाजपा ज्वाइन की

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने बीजेपी ज्वाइन कर ली है। गुरुवार को उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली। जडेजा की पत्नी रिवाबा गुजरात के जामनगर से भाजपा विधायक हैं। जडेजा ने इस साल जून में टी-20 वर्ल्ड कप के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया था। जडेजा पत्नी रिवाबा के साथ कई बार चुनावी कैंपेन कर चुके हैं। वे इलेक्शन के दौरान रिवाबा के साथ बीजेपी का प्रचार करते हुए दिखे थे।

## गुमला में मुख्यमंत्री ने एक बार फिर विपक्ष पर हमला बोला

# कोशिश तो मुझ पर भी की गयी, मगर हम बिकनेवालों में से नहीं: हेमंत सोरेन

- कहा, विपक्ष नहीं देख सकता ग्रामीणों के चेहरे की मुस्कान
- ‘आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार’ कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर भाजपा पर करारा हमला किया। कहा कि विपक्ष का काम केवल विधायक और सांसद खरीद कर सरकार बनाना है। मुझ पर भी बहुत कोशिश की गयी, मगर उन्हें सफलता नहीं मिली। मुख्यमंत्री गुरुवार को गुमला के पेंद्रानी गांव में ‘आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार’ कार्यक्रम के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गांवों में सरकारी योजनाओं के लाभ ने ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। सफल सरकार वही है, जो जनता के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दे।

**मेरे खिलाफ षडयंत्र किया:** विपक्ष पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब विपक्ष ने देखा कि झारखंड का बेटा राज्य में योजनाओं की बारिश कर रहा है, उससे यहां के किसान और ग्रामीण खुश हैं, तो उन्होंने मेरे खिलाफ षड्यंत्र करके मुझे जेल भिजवा दिया। आप लोगों की दुवाओं के कारण आज मैं आपके सामने खड़ा हूं।

**347 योजनाओं का दिया तोहफा, 217 परिसंपत्ति बाटीं :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गुमला और लोहरदगा जिले को 347 विकास योजनाओं का दिया तोहफा, 1 लाख 62 हजार 769 लाभुकों के बीच 217 करोड़ 71 लाख 17 हजार रुपये की परिसंपत्तियां बांटी।



### बाहर के लोग राज्य का माहौल बिगाड़ रहे

हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष असम, गुजरात, ओड़िशा आदि राज्यों से लोगों को झारखंड बुला कर यहां की सामाजिक समरसता को तोड़ देना चाहती है। विपक्ष के लोग सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ना चाहते हैं, ताकि यहां के हिंदू मुस्लिम ईसाई सभी आपस में लड़ते रहें। उन्होंने कहा कि कहने को हम आदिवासी जरूर हैं, लेकिन हमारी कोई पहचान नहीं। हमने सरना कोड बिल पास किया, मगर केंद्र सरकार ने उसे रोक रखा है। ये आदिवासी विरोधी लोग हैं, जो आदिवासियों का हित नहीं चाहते।

### उत्पाद सिपाही मौत के लिए केंद्र जिम्मेदार

हेमंत ने उत्पाद सिपाही दौड़ में हुई युवाओं की मौत का जिम्मेवार केंद्र सरकार को ठहराया। उन्होंने कहा कि यह सब कोरोना वैक्सीन का नतीजा है। केंद्र सरकार ने भारी चंदा उठाने के लिए सभी को जबरन कोरोना की वैक्सीन लगवा दी। कितनों को मौत के मुंह में धकेल दिया। यह सरकार निजी फायदे के लिए किसी की भी जान ले सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कभी नहीं चाहती कि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले। इसलिए योजनाओं को विफल करने के उद्देश्य से मुझे जेल भेजा गया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के खिलाफ विपक्ष न्यायालय गया। विपक्ष झारखंड की भोली-भाली जनता के चेहरे पर मुस्कान नहीं देख सकता है।

# उत्पाद सिपाही की नियुक्ति के लिए दौड़ 10 सितंबर से

- पलामू के चियांकी एयरपोर्ट पर अब नहीं होगी दौड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में 1 लाख 31 हजार 17 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इसकी जानकारी एडीजी आरके मल्लिक ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है। बताया कि 10 सितंबर से उत्पाद सिपाहियों की बहाली भी शुरू हो जायेगी। मल्लिक ने बताया कि उत्पाद सिपाही के लिए 5 लाख 13 हजार आवेदन आये। 4 लाख तक के रोल नंबर वाले की दौड़ हो चुकी है, जिसमें एक लाख 87 हजार 704 लोगों ने दौड़ में हिस्सा लिया है। इसमें 1 लाख 31 हजार 17 लोग सफल हुए हैं। 1.13 लाख की दौड़ बची हुई है। आरके मल्लिक ने बताया कि प्रतिदिन तीन हजार लोगों को दौड़ में शामिल किया जायेगा। जिनकी दौड़ 3 सितंबर को होनी थी, उनको 10 और 11 को दौड़ाया जायेगा। जिनकी दौड़ 4 को थी, वे 12 और 13 को दौड़ में हिस्सा लेंगे। मल्लिक ने आगे कहा कि पलामू के चियांकी में जो दौड़ हो रही थी, अब वहां नहीं होगी। 19 और 20 को पलामू के जो लोग बचे हैं, शेष 6 केंद्रों में 19 और 20 को उनकी दौड़ होगी। इसके लिए अभ्यर्थी अपना फ्रेश एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। कहा कि अब सुबह 9 बजे के बाद दौड़ नहीं होगी। किसी अभ्यर्थी को मेडिकल समस्या है तो वह चिकित्सक से परामर्श जरूर कर लें। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए ऑक्सीजन और बीपी नापने का यंत्र अब सेंटर पर उपलब्ध होंगे।

# सिक्किम में सेना के 4 जवानों की रोड-एक्सीडेंट में हुई मौत

**गुवाहाटी (आजाद सिपाही)।** सिक्किम के पाकयोंग जिले में गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में सेना के 4 जवानों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पश्चिम बंगाल के पेडोंग से सिक्किम के जुलुक जाते समय हुई। 3 की मौत मौके पर ही हो गयी, वहीं एक जवान की अस्पताल के लिए जाते समय मौत हो गयी। मरनेवालों में मध्यप्रदेश के सिपाही प्रदीप पटेल, इंफाल के सीएफएन डब्ल्यू पीटर, हरियाणा के नायक गुरसेव सिंह और तमिलनाडु के सूबेदार के थंगापंडी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शव सेना को सौंप दिये गये हैं।

## संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में हुई सुनवाई

# हाइकोर्ट ने छह जिलों के डीसी की रिपोर्ट पर जतायी हैरानी

- कोर्ट ने दी चेतावनी- घुसपैठ का एक भी मामला मिला, तो संबंधित डीसी पर अवमानना का मामला चलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने संथाल के छह जिलों के उपायुक्त की उस रिपोर्ट पर हैरानी जतायी, जिसमें उन्होंने संथाल में घुसपैठ की बात से इनकार किया है। कोर्ट ने सभी डीसी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक भी घुसपैठी पाया गया, तो संबंधित जिला के डीसी पर अवमानना का केस चलेगा। बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में याचिकाकर्ता दानियल दानिश ने जनहित याचिका दाखिल की है, जिस पर हाइकोर्ट सुनवाई कर रहा है।

सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने हाइकोर्ट से मौखिक कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की वजह से संथाल परगना में ट्राइबल आबादी का घटना गंभीर मामला है। केंद्र सरकार इस पर गहन अध्ययन कर रही है। केंद्र सरकार इस संवेदनशील विषय पर अपने सभी स्टेक होल्डर यथा आइबी, बीएसएफ आदि से विचार-विमर्श कर एक कंप्रिहेंसिव जवाब दाखिल करेगी। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर निर्धारित की है। सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया की ओर से खंडपीठ से आग्रह किया गया कि इस मामले में आइबी को प्रतिवादी से हटाया जाये, क्योंकि कई सीक्रेट चीज आइबी के पास होती है, जो सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। आइबी से मिले कुछ डाटा को वह केंद्र सरकार के कंप्रिहेंसिव जवाब के रूप में दायर कर सकती है। जिस पर कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र सरकार को आवेदन दाखिल करने का निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट की खंडपीठ ने वर्चुअल रूप से हाइकोर्ट से जुड़े सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता से मौखिक कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का झारखंड में प्रवेश अलार्मिंग स्थिति है, क्योंकि ये घुसपैठिये झारखंड के रास्ते देश के अन्य राज्यों में भी घुस कर वहां की आबादी को प्रभावित करेंगे। बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकना होगा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा।

वहीं केंद्र सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। हाइकोर्ट ने पूर्व की सुनवाई में भारत सरकार के इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के डायरेक्टर जनरल, चीफ इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया, डायरेक्टर जनरल यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एनआइए को प्रतिवादी बनाया था, उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। लेकिन उनकी ओर से पिछली सुनवाई में जवाब दाखिल नहीं किया गया था, जिस पर कोर्ट ने कड़ी फटकार लगायी थी। पिछली सुनवाई में संथाल के छह जिलों के डीसी ने अपने जवाब में गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ में घुसपैठ से इनकार किया था। वहीं केंद्र सरकार ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बच्चों की स्वेटर खरीद में गड़बड़ी का लगाया आरोप

# निविदा में अनियमितता बरती जा रही: बाबूलाल

- महिला, बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि अंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए स्वेटर (विंटर यूनीफार्म) की खरीद में अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने इस संबंध में महिला, बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। दो पन्नों के पत्र में उन्होंने सारी बातों का जिक्र विस्तार से करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

बाबूलाल ने प्रधान सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि आपके विभाग द्वारा राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए स्वेटर (विंटर ड्रेस) की खरीददारी के लिए प्रत्येक जिला को राशि आवंटित की गयी है। यह योजना वर्ष 2022 से शुरू हुई है एवं इसकी खरीददारी जिला स्तर पर की जाती है। जब से यह योजना शुरू हुई,



तब से ही निविदाकर्ताओं ने एक सिंडीकेट बना कर काम करना शुरू किया। जिला स्तरीय निविदा में तकनीकी शर्तें एवं वित्तीय शर्तें अपने अनुसार बनवा कर लगभग पूरे राज्य का कार्य किया। वर्ष 2023 में भी सिंडिकेट ने अपने अनुकूल शर्तें शामिल करवा कर एक-दो जिला को छोड़ कर शेष सभी जिलों का काम ऊंची दरों पर हथिया लिया।

इस वित्तीय वर्ष में भी अपने अनुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय शर्तें बनवा कर सभी जिलों में आपूर्ति करने का काम लेने की तैयारी में है। सिंडीकेट की पकड़ इतनी है कि सभी जिलों में अपने फर्म की वित्तीय एवं तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए निविदा की शर्तें भी बनवा लेते हैं, ताकि निविदा प्रतिस्पर्धी नहीं हो एवं न्यूनतम निविदा मूल्य पर आपूर्ति नहीं हो। इस संबंध में एक आपूर्तिकर्ता ने शिकायत भी की है एवं ज्ञापन भी दिया है।

बाबूलाल ने ज्ञापन की कॉपी भी पत्र के साथ भेजी है। उन्होंने विस्तार से एक-एक मुद्दे को रखते हुए त्रुटिपूर्ण एवं पक्षपातपूर्ण निविदा प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। साथ ही लाभुक बच्चों के माता-पिता के बैंक खाते में स्वेटर की खरीददारी के लिए आवंटित राशि जमा कराने का आग्रह किया है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
194000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,400 रु./10 ग्राम
चांदी 86,000 रु./प्रति किलो



# बहरागोड़ा, घाटशिला और पोटका विस क्षेत्र के ढाई लाख संथालों में से कितनों को भाजपा के पक्ष में ला पायेंगे चंपाई

## अब तक तो जेएमएम के दम पर हासिल करते रहे हैं इनका साथ, अब दिखानी होगी खुद की ताकत

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता और मंत्री पद से इस्तीफा सौपे अभी सप्ताह भी नहीं बिता था कि चंपाई सोरेन और उनके पुत्र और पार्टी के केंद्रीय महासचिव बाबूलाल सोरेन की सुरक्षा वापस लेने का फरमान राज्य सरकार ने जारी कर दिया, इसकी चर्चा क्षेत्र में खूब है। खैर, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अब भाजपाई बन चुके हैं और कंधे पर हरे की जगह भगवा गमछा लिये, फिलहाल कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों का लगातार दौरा कर रहे हैं। झामुमो छोड़ने के बाद चंपाई सोरेन, अब जनता के बीच फिलहाल अपनी खुद की राजनीतिक हैसियत को तौल रहे हैं। इस क्रम में अभी तक यही स्थिति सामने आयी है कि झामुमो की प्रदेश, जिला या ब्लॉक लेवल कमेटी का कोई पदधारी या पार्टी का नामचीन चेहरा अब तक खुले तौर पर कोल्हान टाइगर के साथ नहीं दिख रहा है। हां, उनके गृह जिला सरायकेला-खरसावां के दर्जनों पंचायत प्रतिनिधि जरूर उनके पीछे खड़े दिख रहे हैं। भाजपा ज्वाइन करने के बाद चंपाई अब तक जहां कहीं भी यथा चौका, कांड्रा, गम्हरिया, चाइबासा गाये, समर्थकों का हुजूम बढ़ा ही है, लेकिन बात तो तब बनेगी, जब ये भीड़ वोट में तब्दील हो जाये। बहरहाल, भाजपा ये आस लगाये बैठी है कि संथाल मतदाताओं के रूप में चंपाई उसके लिए नया वोट बैंक तैयार करने में कामयाब होंगे। चंपाई सोरेन के आने से क्या है बहरागोड़ा, घाटशिला और पोटका के संथाल बहुल गांवों का मिजाज बता रहे हैं आजाद सिपाही के संवाददाता अरुण सिंह।**

### बहरागोड़ा, घाटशिला और पोटका विधानसभा क्षेत्र में ढाई लाख मतदाता संथाली

जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के बहरागोड़ा, घाटशिला और पोटका विधानसभा क्षेत्र में लगभग ढाई लाख मतदाता संथाल जाति के हैं। अभी तक के चुनावों पर नजर डालें तो यही देखने को मिला है अब तक संथालों का दिल जीतने में भगवाधारी नेताओं को कामयाबी हाथ नहीं लग पायी है। बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र में बड़ी कानपुर, कलापथर, मीनाबाजार, बढ़ियागजर, उदाल, नाकदोहा, चंदनपुर, बड़तोलिया, शाकाभंगा, पाकुड़िया, लोधाशोली, बड़ामारा, ज्वालभंगा, पूर्णपानी, माकड़ी, ढंगशोली, माकड़ी, श्यामसुंदर पुर, दूढ़याशोली, करुकोचा, जामुआ, मचाड़ीहा, इंडबनी, बहुटिया, बेनगड़िया, नकनशोल, अर्जुनबेड़ा, लाउबेड़ा, कुम्हाराशोल, वनग्राम, पूनसिया जैसी बड़ी आबादी वाले गांव हैं, जहां संथालो की बहुतायत है। इन गांव में लगभग 80 हजार वोटर संथाली हैं।

इसी तरह, घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में संताल बहुल गांव हैं- बघूड़िया, कसपानी, केशरपुर, जगन्नाथपुर, ज्वालभंगा, झातिझरना, भोमराडीह, बालिडीह, भादुआ, खरसाती, देओली, लेदा, पिठाती, दुबराजपुर, आसाना, धाकपथर, बरडीह, शिरीषबनी, ढंगकमल, बगुला, डोभा, हारूडीह, सोनाखुन, उदारडीह, सर्बिला, चुकरिपाडा, स्वर्गछिड़ा, बासझोर, बाबायदा, रावतड़ा, निश्चिंतपुर, करुकता, नाल्डोहा, कुर्मीमूड़ी, टेरेंगा, पथरगोड़ा, बेनाशोल, लॉकेशरा, जामशोल, सोनागाड़ा, कुलिसुता, कूदगड़िया, चापरी, फारेस्ट ब्लॉक, भाल्की, कन्यालुका, बागजट्टा, मुद्दाथाकरा, रेडआ, खेजूरधढ़ी, सुंदगी, माचभंडार आदि। पोटका विधानसभा इलाके में राजदोहा, झरिया, भाटिन, मेछुआ, बंसीला, बालिजुड़ी, ढीरौल, चिमआईजुड़ी, रसूनचोपा, मानहारा, कनिकोला, बाघमारा, काशीडीह, असती, काशीयाबेदा आदि। उपरोक्त कई जंगलवर्ती गांवों में भाजपा प्रयास करती है, लेकिन वोट का लाभ चुनाव में नहीं मिल पाता है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विद्या भारती, एकल विद्यालय, वन वंधू परिषद आदि भी सक्रिय हैं, लेकिन चुनावी परिणाम ढाक के तीन पात वाला है । जाहिर सी बात है कि भाजपा नेतृत्व चंपाई सोरेन के सहारे संथाल समाज में अपनी पैठ बनाने की जुगत में है। चंपाई कितना सफल होंगे, यह भविष्य बतलायेगा। फिलहाल झामुमो संगठन की बात करें तो पोटका प्रखंड के सिर्फ दो नेता लव सरदार एवं शंकर मुंडा खुलेतौर पर चंपाई सोरेन जिंदाबाद का नारा लगाते दिख रहे हैं।

### 12 को केरुकोचा हाट मैदान में स्पष्ट होगा ग्रामीण किसके साथ

#### शहीद साबुआ को श्रद्धांजलि देंगे हेमंत, चंपाई और विद्युत

12 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के करुकोचा हाट मैदान में शहीद साबुआ हांसदा को श्रद्धाजलि देने आनेवाले हैं। चंपाई सोरेन के पार्टी छोड़ने के बाद मुख्यमंत्री पहली बार यहां आ रहे हैं, तो सबको उम्मीद है कि जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के तीनों विधानसभा क्षेत्र में असर पड़ेगा। बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती श्रद्धांजलि सभा की सफलता के लिए अपने सामर्थकों के साथ मिल कर मेहनत कर भी रहे हैं। दूसरी ओर, झामुमो से भाजपा में आकर सांसद बनने के बाद भी विद्युत बरण महतो शहीद साबुआ को श्रद्धांजलि देने हर साल जरूर पहुंचते हैं। इस बार भगवा ओढ़ कर नये रूप में चंपाई सोरेन भी करुकोचा आ जायें, तो किसी को हैरत नहीं होगी। कुल मिला कर 12 सितंबर को चाकुलिया प्रखंड के करुकोचा हाट मैदान में झामुमो और भाजपा सामर्थकों का जमावाडा होना तय है। इस आयोजन में चंपाई और विद्युत वरण महतो के साथ जो भीड़ आयेगी, उसमे संथालों की संख्या पर सबकी नजर रहेगी।



### चुनावी बैठकों से बाबूलाल सोरेन को दूर क्यों रख रही भाजपा

झामुमो के केंद्रीय महासचिव और पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन वर्षों से घाटशिला और पोटका विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं। पिछले पंचायत चुनाव में बाबूलाल सोरेन का समर्थन पाकर धालभूमगढ़ प्रखंड में हेमंत मुंडा और गुड़ाबांदा प्रखंड में शिवनाथ मार्डी जिला परिषद का चुनाव भारी मतों से जीतने में कामयाब रहे हैं। इसके अलावे कुछ मुखिया को बाबूलाल सोरेन ने अपना समर्थन देकर जितवाया था। ये सभी अब भी इनके प्रति वफादार दिखते हैं। बाबूलाल सोरेन कई दफा घाटशिला से विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाता चुके हैं। बाबूलाल जब तक झामुमो में रहे तो घाटशिला सीट पर जेएमएम से रामदास सोरेन विधायक रह, इसलिए बाबूलाल सोरेन को जेएमएम से मौका हाथ लगता, इसकी संभावना कम दिखती रही। अब ये भाजपा में आ चुके हैं। भाजपा में विस चुनाव लड़नेवालों की लंबी फेहरिश्त पहले से ही है। भाजपा इन्हें विस चुनाव में आजमायेगी या नहीं, ये पार्टी नेतृत्व तय करेगा। हां, इतना तो है कि भाजपा से जितने टिकटार्थी लाइन में हैं, बाबूलाल सोरेन उनसे अगर भारी नहीं तो कमजोर भी नहीं हैं, लेकिन जानकारों का मानना है कि भाजपा अपने राजनीतिक विरोधियों पर वंशवाद का आरोप लगाती है, इसलिए बाबूलाल या किसी अन्य भाजपा नेता के भाई, बेटा, पत्नी को टिकट देकर शायद अपना एक बड़ा चुनावी मुद्दा हाथ से जाने नहीं देगी ।एक और खास बात यह भी है कि भाजपा के जिला या ब्लॉक स्तरीय चुनावी बैठकों में बाबूलाल सोरेन को संगठन की तरफ से न्योता नहीं दिया जा रहा है। एक तरफ चंपाई सोरेन का भरपूर सहयोग भाजपा नेतृत्व चाहता है, लेकिन बाबूलाल सोरेन से परहेज क्यों, ये समझ से परे है। जिला कमेटी के एक पदधारी से पूछने पर जवाब मिला- विस चुनाव के लिए अलग-अलग समिति बनायी गयी है, जो उसमं शामिल हैं, उन्हें ही बैठक में बुलाने का रिवाज है। बहरहाल, विस चुनाव में भाजपा बाबूलाल सोरेन का कैसे सहयोग लेगी, ये स्पष्ट नहीं है।

बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र में झामुमो का मजबूत संगठन है, लेकिन उमीदवार के नाम पर एक अकेला विधायक समीर मोहंती का नाम ही सामने आ रहा। पिछली बार चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंचे। काफी संघर्षशील हैं, लेकिन विधायक बनने के बाद ये पूरी तरह से दूसरी भूमिका में दिखलाई पड़ने लगे। विधानसभा क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत बनाने के फेर में अच्छे - बुरे का ख्याल ही भुला दिया विधायक जी ने। चुनाव जीतने के बाद ये वैसे तमाम लोगों से घिर कर रह गये, जो इलाके में अपने कारनामों के लिए चर्चित हैं। इनके विरोधियों का तो यहां तक आरोप है कि क्षेत्र में बालू, पत्थर, गो तस्करी तक में इनके नाम का इस्तेमाल असामाजिक तत्व खुलेआम करते हैं। ये विपक्ष के आरोप हैं। समीर मोहंती के समर्थकों का कहना है कि विधायक बनने के बाद समीर मोहंती ने बहरागोड़ा में काफी काम किया है और उनके कामों से मिली लोकप्रियता के कारण विरोधी उनके खिलाफ तरह तरह के आरोप लगा रहे हैं। अफवाहों को जन्म दे रहे हैं।

कुल मिला कर इन तीन विधानसभा सीटों पर चंपाई सोरेन की भाजपा नेता के रूप में परीक्षा होनी है। यह तो समय ही बतायेगा कि परिणाम क्या होगा, लेकिन चंपाई भी चाहेंगे कि उनकी हैसियत बरकरार रहे। दूसरी तरफ झामुमो के लिए यह सीट प्रतिष्ठा की सीट बन गयी है। झामुमो हर हाल में चंपाई सोरेन के प्रभाव को कम करने की पुरजोर कोशिश करेगा। अब देखना यह है कि इस शह और मात के खेल में बाजी कौन मारता है। फिलहाल तो चंपाई सोरेन को लेकर भाजपा बहुत उत्साहित है। भीड़ जुटने के कारण चंपाई सोरेन भी उत्साहित है कि इतनी दिन के संघर्ष और आंदोलनों का फल उनके पक्ष में आयेगा।

---

## चिंता : झारखंड में घुसपैठ सामाजिक मुद्दा

# खामोश रहने से आनेवाली पीढ़ियां कभी माफ नहीं करेंगी : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने एक बार फिर झारखंड में घुसपैठ को लेकर चिंता जाहिर की है। खासकर संताल परगना में लगातार हो रही बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर सवाल उठाया है। सोशल मीडिया के जरिए इसे साझा भी किया है। कहा है कि संथाल-परगना में लगातार हो रही बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण आदिवासी समाज के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। वहां दर्जनों गांव ऐसे हैं, जहां आदिवासी खोजने पर भी नहीं मिल रहे। उदाहरण के तौर पर, पाकुड़ के जिकरहट्टी स्थित संथाली टोला में अब कोई संथाल परिवार नहीं रहता। इसी प्रकार मालपहाड़िया गांव में आदिम जनजाति का कोई सदस्य नहीं बचा है। आखिर वहां के भूमिपुत्र कहां गये? उनकी जमीनों, उनके घरों पर अब किसका कब्जा है?

चंपाई के मुताबिक, समाज के स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि बरहेट के गिलहा गांव में एक आदिवासी परिवार की जमीन पर जबरन कब्रिस्तान बनाया गया है। ऐसी घटनाएं कई जगह हुई हैं। आप खुद देखिए कि वीर भूमि भोगनाडीह एवं उसके आसपास कितने आदिवासी परिवार बचे हैं?

बाबा तिलका मांझी एवं वीर सिदो-कान्हू ने जल, जंगल व जमीन की लड़ाई में कभी भी विदेशी अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके, लेकिन आज उनके वंशजों की जमीनों पर घुसपैठिए कब्जा कर रहे हैं। हमारी माताओं, बहनों एवं बेटियों की अस्मत खतरे में है। चंपाई के अनुसार घुसपैठ की समस्या हमारे लिए राजनैतिक नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दा है। अगर हम इस विषय पर खामोश रहे, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।



### चंपाई सोरेन के घर के बाहर से हटे सुरक्षाकर्मी बेटे-सलाहकार को मिले अंगरक्षक भी वापस

**सरायकेला (आजाद सिपाही)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन के जिलिंगगोड़ा स्थित घर के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों को राज्य सरकार के आदेश से हटा लिया गया है। इसके साथ ही चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन, प्रेस सलाहकार धर्मेंद्र गोस्वामी उर्फ चंचल को राज्य सरकार की ओर से जो अंगरक्षक दिये गये थे, उसे हटा लिया गया है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को जो अंगरक्षक दिये गये थे, वे उसी तरह से तैनात है। पूर्व की भांति की उनके प्रत्येक दौरे के क्रम में अंगरक्षक उनके साथ रहेंगे। सूत्रों की माने तो घर की सुरक्षा में तैनात तीन से चार जवानों को हटा दिया गया था, लेकिन जल्द ही पुनः उन अंगरक्षकों को बहाल कर दिया जायेगा।**

# प्रविष्टि शुद्ध कर 5 दिनों में राशि का भुगतान होगा

**बैंक खाता और आइएफएससी कोड की त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के कारण झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि से कुछ लाभुक रह गये हैं वंचित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में कुछ लाभार्थियों के बैंक खाते एवं आइएफएससी कोड की त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के कारण माह अगस्त की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। महिला,बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने बताया है कि माह अगस्त में स्वीकृत सभी लाभार्थियों के खाते में सम्मान राशि भेजी गई थी ,लेकिन ज्ञात हुआ है कि कुछ लाभार्थियों को यह राशि प्राप्त नहीं हुई है ,मामले की सघन जांच के बाद यह प्रकाश में आया है कि बैंक खाते एवं आइएफएससी कोड की त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के कारण भुगतान नहीं हो पाया है। विभाग ने बताया है कि वैसे लाभार्थियों की सूची ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा शहरी क्षेत्रों में अंचलाधिकारी को उपलब्ध कराते हुए उनके कार्यालय में संधारित बैंक खाता संबंधी कागजात के आधार पर प्रविष्टि शुद्ध करने का निर्देश दिया गया है। इनके द्वारा बैंक खाता संबंधी विवरणी को योजना के पोर्टल पर शीघ्र अद्यतन कर दिया जायेगा। तदोपरांत 5 दिनों के अंदर माह अगस्त 2024 एवं सितंबर 2024 के सम्मान राशि का भुगतान कर दिया जायेगा। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं के बैंक खाते में प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये (प्रत्येक महीने एक हजार रुपये) की राशि का हस्तांतरण किया जा रहा है।

# चार आइपीएस को मिला अतिरिक्त कार्य का प्रभार

**रांची (आजाद सिपाही)।** अलग अलग जिले में पदस्थापित चार एसपी को अपने काम के अलावा अतिरिक्त कार्य का प्रभार दिया गया है। इसको लेकर डीजीपी के निर्देश पर आइजी मानवाधिकार ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक, चार जिले के एसपी को अतिरिक्त कार्य का प्रभार दिया गया है। साहिबगंज एसपी अमित कुमार को जैप- 9, लातेहार एसपी कुमार गौरव को आइआरबी- 4 और जंगल वॉरफेयर स्कूल, गोड्डा एसपी अनिमेष नैथानी को आइआरबी- 8 और गिरिडीह एसपी को आइआरबी- 9 का प्रभार मिला है।

# आज डीजीआर का पूर्व सैनिक रोजगार मेला मोरहाबादी मैदान में

## झारखंड बेस्ड 38 कंपनियां पूर्व सैनिकों को रोजगार देंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षा मंत्रालय के महानिदेशालय पुनर्वास (डीजीआर) 6 सितंबर को रांची के मोराबादी में एक पूर्व सैनिक रोजगार मेले का आयोजन कर रहे हैं। इस मेले का उद्देश्य पूर्व सैनिकों (इएसएम) को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस मेले झारखंड बेस्ड 38 कंपनियां भाग ले रही है जो पूर्व सैनिकों को रोजगार देगी।

रोजगार देने वाली कंपनियों के नाम सुदिसा फाउंड्री, सूरज लॉजिस्टिक्स, विशेष उत्पाद और सेवाएं, आइइएमको इंडस्ट्रीज, उत्कल ऑटोकोच, भारतीय सुरक्षा एवं संबद्ध सेवाएं, केजीडीसी एंटरप्राइजेज, यूनाइटेड इन्फ्राकोर, टाटानगर एंटरप्राइजेज, हाईको इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, मॉल ऑफ रांची, न्यूक्लियस मॉल, रेडिसन ब्लू होटल, रांची सिक्योरिटी (प्राइवेट) लिमिटेड, रक्षा अकादमी, हिल व्यू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, सैमफोर्ड अस्पताल प्राइवेट लिमिटेड, राज सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, क्यूरेस्टा अस्पताल, ऑर्किड अस्पताल, देवनीका अस्पताल, पारस अस्पताल, मेडिका हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड, केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस, यस बैंक, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स फेडरेशन, विनायका ईको रिसॉर्ट्स केनरा एचएसबीसी बीमा, प्रेमसंस मोटर्स ग्रुप,श्रीयुनत मेटालिक्स आरएम लिमिटेड, अल्कोर होटल, सिग्मा एलएलपी, महिंद्रा डीलर्स, बीके ग्रुप, न्यूक्लियस मॉल, बेस्ट जॉब जैसी कंपनियां पूर्व सैनिकों को रोजगार देगी। मेले में भाग लेने के लिए पूर्व सैनिकों को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण करना होगा। उन्हें अपना ईएसएम पहचान पत्र और एक तस्वीर के साथ नवीनतम सीवी या बायोडाटा की पांच प्रतियां लानी होगी। इस मेले में विभिन्न कॉर्पोरेट साक्षात्कार/स्क्रीनिंग करेंगे और बाद में वरिष्ठ पर्यवेक्षकों, मध्य/वरिष्ठ स्तर के प्रबंधकों से लेकर रणनीतिक योजनाकारों और परियोजना निदेशकों तक की नियुक्तियों में इएसएम को नियुक्त करेंगे। अतिरिक्त जानकारी के लिए लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मुखर्जी से 9516848211 पर संपर्क कर सकते हैं। कंपनी/कॉर्पोरेट/नियोक्ता ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं और www.dgrindia.gov.in पर अपने स्टॉल बुक कर सकते हैं। पुनर्वास महानिदेशालय वेस्ट ब्लॉक IV, आरके-पुरम, न/१ दिल्ली-110066 से 011-20862542 पर संपर्क कर सकते हैं या seopadgr@desw.gov.in, drzekol@desw.gov.in पर ईमेल भेज सकते हैं।

# 13 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** आरपीएफ ने रांची रेलवे स्टेशन से एक तस्कर को 13 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी विक्की बिहार के नालंदा का रहनेवाला है। आरपीएफ निरीक्षक डी शर्मा ने गुरुवार को बताया कि रांची मंडल में मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ लगातार गांजा और शराब तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी क्रम में ऑपरेशन नार्कोस के तहत आरपीएफ पोस्ट रांची के लगेज स्कैनर्स मशीन के पास ड्यूटी पर अलर्ट आरपीएफ महिला स्टाफ प्रतिमा कुमारी और आरती बारला ने एक तस्कर के पास संदिग्ध सामान को नोटिस किया। इसके बाद उपनिरीक्षक सूरज पांडे और सोहन लाल ने पहुंच कर विक्की से पूछताछ की। ट्रॉली बैग की जांच करने पर बैग से गांजा बरामद किया गया। मामले की सूचना रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक सिंह को दी गयी। गांजा की कीमत एक लाख 35 हजार रुपये आंकी गयी है। जब्त गांजा और तस्कर को जीआरपी को सौंप दिया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.4 °C | 23.8 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.32 बजे |



## दिउड़ी मंदिर के मुख्य द्वार में सुबह-सुबह लगा दिया ताला

# एसडीएम की मौजूदगी में तोड़ा गया ताला, शुरू की गयी पूजा





- मंदिर में सरकार का हस्तक्षेप नहीं चाहते ग्रामीण
- प्रशासन ने लगायी निषेधाज्ञा

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ स्थित दिउड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर सुबह-सुबह ग्रामीणों के एक समूह ने ताला जड़ दिया। हालांकि सूचना मिलने के बाद प्रशासन ने ताला खुलवा दिया है। वहीं मंदिर परिसर क्षेत्र में धारा 144 लगा दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार तमाड़ स्थित दिउड़ी मंदिर में गुरुवार सुबह 5 बजे आदिवासी समूह ने मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया था। आदिवासी समूह का कहना है कि यह 'दिउड़ी मंदिर' नहीं, बल्कि 'दिउड़ी दिरी' है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर पर सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। मंदिर पहले की तरह बिना सरकार के हस्तक्षेप से ही चलना चाहिए।

सुबह में आदिवासी समूह द्वारा मंदिर के मुख्य द्वार में ताला लगा देने से मंदिर में पूजा पाठ बंद हो गयी। यही नहीं ,मंदिर में लगा ताला देख पुजारी और पाहन भी परेशान रहे, जिसके बाद मंदिर के पुजारी ताला बंद होने के कारणों को जानने में जुट गये। पुलिस को सूचना मिलते ही बुंडू एसडीओ मोहन लाल मरांडी, डीएसपी रतिभान सिंह सहित बुंडू और तमाड़ के थानेदार दिउड़ी मंदिर पहुंचे। मौके पर आदिवासी समूह के लोगों से वार्ता कर मंदिर में जड़े ताला को खुलवाया। इसके साथ ही पुलिस ने दोनों समुदाय के लोगों के साथ वार्ता की।

वार्ता के बाद एसडीओ ने बताया कि दिउड़ी मंदिर का सौंदर्यीकरण आठ करोड़ की लागत से होना है। सौंदर्यीकरण के लिए मंदिर के बाहर लगी दुकानों को हटाने के लिए कहा गया था। लेकिन दुकान नहीं हटायी गयी, जिसके कारण लोगों में रोष काफी बढ़ गया। मंदिर की जमीन पर आदिवासियों ने दावा करते हुए मंदिर का द्वार ही बंद कर दिया। एसडीओ ने बताया कि सौंदर्यीकरण कार्य से पूर्व दुकानों को हटाने संबंधित बुंडू थानेदार को पत्राचार किया गया था। लेकिन उन्होंने संज्ञान नहीं लिया, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। फिलहाल दोनों समुदाय से वार्ता चल रही है और मंदिर का बंद द्वार खुलवाया गया है। इसके अलावा क्षेत्र में धारा 144 भी लगा दी गयी है। साथ ही पुलिस ने अफवाहों से बचने की अपील की है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए तैयार नहीं हैं और ट्रस्ट गठन के तरीके से वे सहमत नहीं हैं। इस मुद्दे पर प्रशासन को भी सूचित किया गया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी मांगों के लिए अडिग रहेंगे और मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य को रोकने के लिए हरसंभव कदम उठायेंगे।

## सीएम से मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर ने की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को जीओसी 23 इंफेंट्री डिवीजन के मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, कर्नल सुनील राजदेव और कर्नल अनुज शर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को भारतीय सेना की ओर से रांची के मोरहाबादी में 6 से 8 सितंबर तक आयोजित होनेवाले सशक्त सेना, समृद्ध भारत महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि तीन दिवसीय इस महोत्सव में थल, नौ एवं वायु सेना की ओर से सैन्य सेवा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।
क्रम सं.: 1. कार्य का नाम एवं स्थान: 2x25KV का डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग प्रधानखुंटा यार्ड, राखीतपुर यार्ड और में ओएचई और पीएसआई कार्य (01 नंबर एसपी और 01 नंबर एसएसपी) पीकेए – सुदामडीह (यार्ड को छोड़कर) के दोहरीकरण के संबंध में एसडीवीएच से पीईएच (यार्ड सहित) और एमडीवीएच – एसएनएमवाई और डिप्टी सीईई/सी/एस/एमएचएक्स के तहत कोई अन्य स्थान पर। निविदा संख्या: EL/C/S/MHX/ETEN/10/24-25, 2. अनुमानित कार्य की लागत: रू. 28,51,40,424.22/– 3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य: NIT के अनुसार एवं रु. शून्य, 4. कार्य पूर्ण करने का समय: 12 माह, 5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय: 20.09.2024 दोपहर 12:00 बजे तक, 5. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है: आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाईट पर www.ireps.gov.in पर निविदा डाउनलोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।
हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।
उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ
पूर्व मध्य रेलवे, महेंद्रूघाट, पटना
पीआर/01045/कॉन/इंजी०/टी/24–25/40

# सीएम हेमंत सोरेन ने अपने पिता को बताया पहला गुरु

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने तमाम शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया में पोस्ट में लिखा है कि मेरा पिता ही मेरे पहले गुरु हैं। दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को मेरा प्रणाम। आगे लिखा है कि शिबू सोरेन ने मुझे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण सबक सिखाये। वह महत्वपूर्ण सबक है, लोगों की सेवा करना और हमेशा सत्य के लिए खड़ा रहना। आज के दिन मैं उनके और सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने हमारे समाज को आकार दिया है।





### राजनीति में आने से पहले शिक्षक थी : कल्पना सोरेन

**उधर** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। इस बाबत सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्होंने कहा है कि आज का दिन मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि राजनीति में आने के पहले मैं शिक्षक थी। मेरे विद्यार्थियों के साथ हमेशा से मेरा गहरा जुड़ाव था। स्कूल के गलियारों और कक्षाओं में बिताये पल आज भी मेरी यादों में बसे हुए हैं। मेरे जीवन का अधिकांश समय स्कूल में बच्चों के बीच बीतता रहा, लेकिन एक दिन ऐसा आया, जिसने मेरे जीवन की दिशा बदल दी। भाजपा ने साजिश रच कर मेरे पति को जेल में डाल दिया। मैं अपने काम से संतुष्ट थी, लेकिन उस दिन की घटना ने मुझे राजनीति में आने के लिए मजबूर कर दिया। तभी से अन्याय के खिलाफ मेरी लड़ाई शुरू हो गयी। आज सार्वजनिक जीवन में व्यस्त रहते हुए मैंने भले ही अपने शिक्षक वाले जीवन से दूरी बना ली हो, लेकिन शिक्षक दिवस पर जब पुराने विद्यार्थियों के कॉल आये तो मेरा मन फिर उसी कक्षा में पहुंच गया। उनके प्यार और सम्मान के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी।

## डॉक्टर परिवार सहित गये थे मुंबई

# फ्लैट का ताला तोड़ 12 लाख के जेवरात की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोअर वर्धमान कंपाउंड में रहनेवाले एक डाक्टर के फ्लैट में ताला तोड़ 12 लाख के जेवरात की चोरी हुई है। इस संबंध में डॉ सौरभ कुमार बेसरा ने लालपुर थाना में 4 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार वे सपरिवार 1 सितंबर की सुबह 7.15 में मुंबई के लिए निकले थे। 4 सितंबर को जब वे वापस परिवार के साथ रांची फ्लैट पहुंचे तो दरवाजा का लॉक टूटा हुआ था। अंदर कमरे में गये तो देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ है। कमरे के अंदर अलमीरा में रखे 12 लाख रुपये मूल्य के जेवरात गायब थे। इसके बाद उन्होंने लालपुर थाने की पुलिस को सूचना दी और मामला दर्ज कराया। पुलिस उनके कोयल इनक्लेव अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है। हालांकि अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है।

# हजारीबाग के चरही के पास वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** रांची से चल कर पटना जानेवाली वंदे भारत ट्रेन पर गुरुवार को पथराव हुआ है। ट्रेन नंबर 22350 पर हजारीबाग के चरही एवं बेस रेलवे स्टेशन के बीच में पथराव हुआ। इससे ट्रेन को नुकसान पहुंचा है। बोगी नंबर ई वन की सीट नंबर 5 और 6 के पास का ग्लास पूरी तरह टूट गया। हालांकि, इससे अंदर बैठे किसी यात्री को नुकसान नहीं हुआ है।

सीसीटीवी फुटेज के जरिए असामाजिक तत्वों की पहचान की कोशिश हो रही है। इस हमले को लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है और न ही किसी ओर से इस घटना की आधिकारिक पुष्टि ही की गयी है। रेलवे पुलिस इस मामले में पड़ताल कर रही है कि किसने और क्यों पत्थरबाजी की, सीसीटीवी के आधार पर इसके सुराग खोजने की कोशिश की जा रही है।

# स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक परीक्षा 2016 की मेरिट लिस्ट वेबसाइट पर जारी नहीं होने से हाइकोर्ट नाराज

## आज जेएसएससी के अध्यक्ष को किया तलब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 की राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट की बजाय अभ्यर्थियों का सिर्फ स्कोर कार्ड जारी किये जाने को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह हाइकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने मामले में कल यानी शुक्रवार को जेएसएससी के अध्यक्ष को हाइकोर्ट तलब किया है। झारखंड हाइकोर्ट में मीना कुमारी एवं अन्य की याचिका की सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएसी) ने हाइकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया है।




जेएसएससी ने स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 की राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट की बजाय अभ्यर्थियों का अलग-अलग स्कोर कार्ड जारी किया है। वहीं जेएसएससी की ओर से भी कोर्ट को बताया गया कि उसने वेबसाइट पर स्कोर कार्ड ही अपलोड किया है। कोर्ट को बताया गया कि पिछली सुनवाई में जेएसएसी ने वर्ष 2016 के हाइस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करने पर सहमति जतायी थी।

# इंटरपोल की लिस्ट में झारखंड के तीन अपराधी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन, यानी इंटरपोल ने कुख्यात अपराधियों की सूची जारी की है। इसमें झारखंड के तीन अपराधियों के नाम शामिल किये गये हैं। इंटरपोल ने इन अपराधियों के नाम अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी लिस्ट में डाले हैं। वेबसाइट पर रेड नोटिस और येलो नोटिस वाले अपराधियों की लिस्ट पोस्ट की गयी है। रेड नोटिस में 282 अपराधियों के नाम हैं। लिस्ट में रांची का रत्नेश सहाय, जमशेदपुर के हैदर सईद मुहम्मद आर्शियान औरन संजय कुमार चौधरी के नाम इसमें हैं। हैदर पर आतंकवादी गतिविधियों में संलग्न रहने का आरोप है। हैरानी की बात ये है कि तमाम संभावनाओं के बावजूद इसमें प्रिंस खान का नाम नहीं है। बताया जा रहा है कि इंटरपोल की सूची जो सीबीआइ की वेबसाइट पर डाली गई है उसमें प्रिंस खान का नाम शामिल नहीं है। हालांकि इस सूची में झारखंड के तीन गैंगस्टर के नाम शामिल हैं। लेकिन प्रिंस खान का नाम नहीं होना हैरान करनेवाली बात है। इंटरपोल की लिस्ट में प्रिंस खान का नाम शामिल करने का दावा किया जाता रहा है। लेकिन भारतीय भगोड़ों की जो लिस्ट इंटरपोल के माध्यम से सीबीआइ की वेबसाइट पर डाली गयी है, उसमें प्रिंस खान उर्फ हैदर का नाम नहीं है। इसको अर्थ यह हुआ कि धनबाद पुलिस को इस गैंगस्टर तक पहुंचने में अभी और समय लग सकता है। हालांकि इसके लिए लगातार पत्राचार किया जा रहा है।

# भाजपा के टॉप लीडर सात को चुनावी रणनीति पर करेंगे मंथन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को 7 सितंबर को एक बार फिर से भाजपा के टॉप लीडर विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन करेंगे। इस बैठक में बीजेपी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा भी शामिल होंगे। हिमंता दो दिनों तक झारखंड में ही रहेंगे। इस बार चुनाव में भाजपा ने घुसपैठ को अहम मुद्दा बनाया है।

बैठक में प्रमंडलों में होनेवाली परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर भी चर्चा होगी। बता दें कि पिछले दिनों भाजपा की पहली चुनाव समिति की बैठक हुई थी।

# राज्यपाल संतोष गंगवार से कुलपति ने की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सह झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान शांडिल्य ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से गुरुवार को लघु उद्योग भारती का एक शिष्टमंडल विजय छापड़िया के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की । इस दौरान राज्यपाल को संस्था की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।

## गो-पूजन के साथ 57वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव शुरू

# आज निकलेगी श्री श्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची का 57वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव गुरुवार को गो-पूजन एवं गौ सेवा के साथ अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में शुरू हुआ। प्रातः 8 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में भव्य आरती हुई। इसमें भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। आरती के पश्चात श्री श्याम मंडल के लगभग 50 सदस्यों की टोली ने श्री श्याम प्रभु का जयकार करते हुए सुकुरहुटू गौ शाला के लिए प्रस्थान कर गौशाला में पूरे विधि-विधान से गौ माता का पूजन-वंदन किया। तत्पश्चात गौशाला में स्थित सभी गौ माताओं को बड़े ही श्रद्धा भाव से गुड़, चोकर, रोटी, हरी सब्जी एवं दलिया खिलायी। इस अवसर पर गौमाता का पूर्ण प्रांगण श्री श्याम प्रभु एवं गौमाता के जयकारों से गूंज रहा था। साथ ही गौ सेवा के पश्चात रोली चावल से गौमाता का तिलक कर 57वें श्री श्याम महोत्सव की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया गया। साथ ही गौशाला परिसर में श्री श्याम मंडल, रांची के सदायों ने 50 फलदार पौधरोपण किया। इसी कार्यक्रम में अपराह्न 3 बजे श्री श्याम मंडल, रांची के सदायों ने गांधी चौक अपर बाजार स्थित मारवाड़ी कन्या पाठशाला में पाठ-पाठन की सामग्री का वितरण किया। साथ ही शिक्षक दिवस पर पाठशाला के शिक्षकों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद पंसारी, ज्योति पोद्दार, अमित जलान, ज्ञान प्रकाश बागला, प्रियांश पोद्दार, प्रदीप अग्रवाल, महेश सारस्वत, बालकिशन परसरामपुरिया, अरुण धनुका, अंकित मोदी का सहयोग रहा। जानकारी के अनुसार छह सितंबर को शाम 4 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर से श्री श्याम प्रभु की भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी।

# पलामू की महिला से रांची में एक लाख की चेन छिन स्नैचर फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में स्नैचरों का कहर जारी है। अलग-अलग इलाका बदल कर स्नैचिंग की घटना को अंजाम दे रहे हैं। लालपुर थाना क्षेत्र के डिप्टी पाड़ा स्थित आंख के अस्पताल में इलाज कराने आयी पलामू की महिला से एक लाख रुपये मूल्य की चेन छिन बाइक सवार स्नैचर फरार हो गये।

इस संबंध में लालपुर थाना में महिला के पति रंजीत सोनी ने छिनतई की प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार वे अपनी पत्नी और मां के साथ इलाज कराने के लिए 3 सितंबर को रांची आये थे। दिन के करीब 1.45 बजे एक बाइक से दो युवक आये। एक बाइक पर बैठा रहा और दूसरा उतर कर नीचे आया। उनकी पत्नी के गले से चेन छिन और बाइक पर बैठ अपने साथी के साथ भाग निकला। चेन का वजन 15 ग्राम था।



पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी खंगाल रही है। हालांकि अभी तक पुलिस को स्नैचरों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

## भेलवारा की माता-बहनों से भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने की मुलाकात



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड के भेलवारा पंचायत में गुरुवार को हर्ष अजमेरा ने स्थानीय माता-बहनों से सीधा संवाद कर उनसे मुलाकात किया, इस अवसर पर हर्ष अजमेरा का स्थानीय लोगों ने स्वागत व अभिनंदन किया, माता बहनों ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका गांव में स्वागत किया। इस अवसर पर माता बहनों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से श्री अजमेरा को रूबरू करवाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव के विकास और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उपायों पर चर्चा करना था। हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में कहा कि गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं,उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का सुधार, और महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी और उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया। पत्रकारों से हर्ष अजमेरा ने संवाद करते हुए कहा कि माता बहनों से संवाद कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के हमारे प्रयासों का हिस्सा है। हम चाहते हैं कि गांव की हर महिला अपने पैरों पर खड़ी हो सके और समाज के विकास में अपनी भूमिका निभा सके। महिलाओं के उत्थान के लिए कृत संकल्प हूं, और हम उनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि केंद्रीय सरकार की योजनाओं को गांव के हर घर तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि समाज के सबसे कमजोर वर्गों को भी इनका पूरा लाभ मिल सके।

## सरकार आपके द्वार 4.0 कार्यक्रम का आयोजन




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार 4.0 कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत सतडीहा और योगियाटिल्हा पंचायत भवन के प्रांगण में शिविर के माध्यम से किया। सतडीहा पंचायत भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार और बीस सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में कल्याण मंच से परिसंपत्ति और स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम के तहत 5-5 लाभुकों को झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, 10 मनरेगा जॉब कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन की स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। सतडीहा में जेएसएलपीएस के अंतर्गत (शारदा, कमल , दुर्गा , महिमा और लक्ष्मी) 6 आजीविका सखी मंडल के बीच 3 लाख रुपए की सामुदायिक निवेश निधि जबकि योगियाटिल्हा में साक्षी आजीविका सखी मंडल को 30 हजार चक्रीय निधि के डेमो चेक का वितरण किया गया। शविर में प्रभारी पंचायत सचिव पंकज कुमार वर्णवाल, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ टिनी एक्का, प्रधान सहायक गिरधारी प्रसाद, नाजिर तानेश्वर राम, एबीएफ अशोक कुमार, जनसेवक दिलीप कुमार यादव, उद्योग समन्वयक मनोरंजन कुमार, जेएसएलपीएस प्रखंड समन्वयक नितेश कुमार, बीएफटी राजेश कुमार यादव, कंप्यूटर आपरेटर सुभाष कुमार पासवान, अखिलेश कुमार, कनीय अभियंता छोटू कुमार, ओम प्रकाश, बीएओ अनिल कुमार यादव, एटीएम रंजीत कुमार पांडेय, लिपिक आइजैक जॉन प्रसाद आदि कर्मी सहित शिविर में सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नावाडीह पंचायत भवन में भाजपा की बैठक गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील यादव की अध्यक्षता में की गयी। आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव का शंखनाद कर दिया है। इस निमित्त मरकच्चो मंडल भाजपा की संगठनात्मक कामकाजी बैठक नवाडीह पंचायत कार्यालय में की गई। संचालन मंडल महामंत्री पवन कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम प्रभारी सांसद जनार्दन सिंह सिगरीवाल, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, विधानसभा प्रभारी भैया अभिमन्यु, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव जिला महामंत्री विजय यादव उपस्थित थे। सांसद जनार्दन सिंह ने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चुनावों में जीत हासिल करने के लिए हमें प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंच बनानी होगी और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना होगा। विधायक डॉ नीरा यादव ने कार्यकर्ताओं को बताया कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन मरकच्चो उतरी के मुखिया रंजीत कुमार सिंह ने किया। मौके पर वरिष्ठ नेता बेदू साव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश सिंह, नवाडीह मुखिया वैजयंती देवी, पूर्व प्रमुख मरकच्चो सावित्री देवी, सकलदेव सिंह, मुखिया रंजीत सिंह, रविंद्र पांडे, रामकृष्ण वर्मा, टुकलाल यादव, विजय यादव, उमेश प्रसाद कुशवाहा, त्रिपुरारी रजक, उमेश सिंह, शंकर यादव, पवन यादव, सुभाष यादव, वीरेंद्र वर्मा, जाकिर हुसैन मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड के पंचायत सिमरिया सचिवालय के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंचलाअधिकारी मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, बाल विकास परियोजना पदाधिकरी, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर राकेश कुमार सिंह के अलावे प्रखंड के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा खाद आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, कृषि ऋण, अबुआ आवास योजना, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों के स्टाल लगाये थे। जेएसएलपीएस के द्वारा महिला समूह को व्यापार बढ़ाने हेतु 45 लाख का चेक महिला मंडल को दिया गया। मौके पर कृषणा सिंह, नीतीश कुमार, लेखराज कुमार, रोहन देव, राजेश यादव, राजेश पासवान उपस्थित थे।

### एनटीपीसी की केडी कोल माइंस में आंदोलनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़प

# तीन पुलिसकर्मी घायल और तीन आंदोलनकारी हिरासत में

**आंदोलनकारियों ने सुरक्षा कर्मियों पर किया पथराव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना सहित क्षेत्र में संचालित कोल कंपनियों के विरुद्ध विस्थापित और प्रभावित क्षेत्र के भू-रैयतों और ग्रामीणों ने अपने हक और अधिकार को लेकर गुरुवार से कोयले के खनन कार्य को ठप कराने को लेकर आंदोलित हुए एकजुट होकर माइंस को अनिश्चित काल के लिए बंद कराने का प्रयास भी किया और प्रदर्शन करते हुए प्रतिबंधित खनन



क्षेत्र में घुसे लेकिन इसी दौरान सुरक्षा कर्मियों ने आंदोलन कर्मियों को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान भू-रैयतों और पुलिस प्रशासन के बिच झड़प हो गया और आंदोलनकारियों ने सुरक्षा कर्मियों पर पथराव कर दिया। इस पथराव में दो पुलिस कर्मी घायल हो गये जिसके बाद पुलिस ने दो ग्रामीणों को हिराशत में ले लिया है। हिराशत में लिए गये आंदोलनकारियों की रिहाई की मांग को लेकर बेंगवरि स्थित एनटीपीसी केरेडारी कोल माइंस केबिन के समीप धरने पर बैठ गये। इस धरने पर बैठी ग्रामीण महिला कलावती देवी ने बताया की प्रदूषण समेत ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर हम सभी ग्रामीम महिला पुरुष गये हुए थे जहां एनटीपीसी के लिखित आवेदन पर जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस के जवानों के द्वारा महिला और पुरुषों को क्षेत्र से बलपूर्वक हटा दिया गया। हिराशत में लिए गये आनंद कुमार की मां रुक्मिणी देवी ने बताया की मेरे बेटे को बलपूर्वक हिराशत में लिया गया है जो सरासर गलत है। वहीं झड़प के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कर्मियों में बिनोद कुमार यादव और संतोष सिंह को सर में चोट आयी और धर्मदेव मेहता घायल हुए जिन्हें केरेडारी सीएचसी में प्राथमिक उपचार बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने संतोष साव, पार्वती देवी और आनंद कुमार को हिराशत में लिया है।

### एस्कॉर्ट सर्विस और मसाज रिपब्लिक वेबसाइट से ठगी के मामले का उद्भेदन

## चार युवकों को किया गया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** एस्कॉर्ट सर्विस और मसाज रिपब्लिक वेबसाइट के माध्यम से ठगी के मामले का उद्भेदन हुआ है। कोडरमा एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी छापेमारी अभियान में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि पुलिस को बीती रात्रि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थानान्तर्गत हरली बिरसोडीह रोड स्थित मकान में एस्कॉर्ट सर्विस और मसाज रिपब्लिक वेबसाईट के नाम पर कुछ व्यक्तियो द्वारा साईबर ठगी किया जा रहा है। मामले की जांच और कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने अनु पुलिस पदा जीतवाहन उरांव के नेतृत्व मे एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा छापामारी करते हुए 4 साईबर अपराधियों को गिरफ्तार



किया गया। इन साईबर अपराधियों द्वारा एस्कॉर्ट सर्विस और मसाज रिपब्लिक वेबसाईट के नाम पर लड़की उपलब्ध कराने का प्रलोभन देकर ऑनलाईन वीडियो कॉलिंग कर अश्लील स्क्रीनशॉट लेकर लोगो को ब्लैकमेल कर ऑनलाईन पैसे की ठगी किया जाता था। इस संबंध में तिलैया थाना काण्ड सं 217/24 दर्ज कर विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

कोडरमा पुलिस ने चंदन कुमार, संदीप रौशन, सचिन कुमार यादव और संदीप कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों के पास से मोबाईल फोन 4, सिम कार्ड 7, एक हाईटेक कंपनी का मेमोरी कार्ड, साईबर ठगी करने से संबंधित मोबाईल स्क्रीनशॉटबरामद किया गया। छापामारी दल में पुनि सह तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, पुअनि देवेन्द्र उरांव, तिलैया थाना, पुअनि निताई चंद्र साह, तिलैया थाना, पुअनि बबलु कुमार, तकनिकी शाखा और सशस्त्र बल, तिलैया थाना की भूमिका रही।

## कांडतरी पंचायत मुखिया पारसनाथ प्रसाद ने पद से दिया इस्तीफा

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत के 43 वर्षीय मुखिया पारसनाथ प्रसाद ने अपने मुखिया पद को त्याग दिया है। उन्होंने गुरुवार को बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम प्रखंड के बड़ा बाबू खुर्शीद को मुखिया पद से त्यागपत्र दिया है। पारसनाथ प्रसाद बताया कि घरेलू समस्या और व्यस्तता के कारण त्यागपत्र दिया हूं। कांडतरी पंचायत मुखिया रहते हुए पंचायत की जो भी सेवा करने का मौका मिला, उसके लिए मैं हृदय से पंचायत के लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। बताते चलें कि पारसनाथ प्रसाद काफी कम समय में अपने पंचायत के विकास के लिए कई कार्य किये हैं, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। पंचायत के उनके समर्थकों ने उनसे डिसीजन वापस लेने की मांग की है।

## विधायक ने इलाज के लिए उपलब्ध करायी छह लाख की सरकारी मदद

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चोपदार बलिया निवासी निवासी नागेश्वर यादव के लगभग 38 वर्षीय पुत्र सुदामा यादव किडनी रोग से ग्रसित है तथा उनका इलाज सीएमसी वेल्लोर में चल रहा था इसके बाद चिकित्सकों ने किडनी प्रत्यारोपण कराने की सलाह दी थी। उक्त इलाज में अत्यधिक खर्च होने के कारण 20 सूत्री अध्यक्ष और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि ने विधायक अंबा प्रसाद को इसकी सूचना दें इसके बाद विधायक ने तत्काल मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना से इलाज का खर्च उपलब्ध कराने हेतु अनुशंसा किया इसके बाद पांच लाख रुपये की मरीज के परिजनों को प्राप्त हुआ वहीं विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष से भी एक लाख रुपए उपलब्ध कराई गई जिसका चेक विधायक ने गांव पहुंचकर नागेश्वर यादव को सौंप दिया। विधायक ने सुदामा के शीघ्र स्वस्थ होने की मंगल कामना की।

## मां दुर्गा नर्सिंग होम में पेट दर्द का इलाज कराने गये युवक की गलत इलाज के कारण हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के सरदार चौक स्थित मां दुर्गा नर्सिंग होम में पेट दर्द का इलाज कराने गये युवक की गलत इलाज के कारण मौत हो गयी। घटना बुधवार की बतायी जा रही है। युवक इचाक थाना क्षेत्र के कुरहा गांव का रहने वाला आशीष कुमार था। मृतक आशीष कुमार की मां ने बताया की बेटे को पेट दर्द हो रहा था जिसे इलाज करवाने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज गयी, मगर वहां ज्यादा भीड़भाड़ थी, तभी एक महिला ने मुझसे कहा की यहां तुम्हारे बेटे का इलाज नहीं हो पायेगा। सरदार चौक के पास मां दुर्गा नर्सिंग होम है वहां चलो वहां तुरंत इलाज हो जायेगा। मैं उसके बहकावे में आ



गयी। यहां एडमिट करने के बाद कोई डॉक्टर नहीं आया बल्कि मुझसे पांच हजार रुपये मांगने लगे। मगर मेरे पास पैसे नहीं थे जिस कारण मैंने कहा की कल सुबह दे दूंगी। तभी कंपाउंडर ने मेरे बेटे को इंजेक्शन लगाया जिसके दस मिनट बाद ही मेरे बेटे की मौत हो गयी। घटना के बाद नर्सिंग होम के सारे स्टाफ भाग गये। मृतक के परिजनों ने बताया की घटना के बाद डॉक्टर से कई बार संपर्क करने की कोशिश की मगर उन्होंने फोन नहीं उठाया। परिजनों ने नर्सिंग होम के संचालक, डॉक्टर और स्टाफ पर कार्रवाई की मांग करते हुए मुआवजे की मांग की है। कहा की ऐसे नर्सिंग होम पर कार्रवाई होनी चाहिए। ये भी कहा की इस नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है और सदर अस्पताल में अपना दलाल रखे हुए है।

## चलकुशा अंचल के पंजी-2 में हेराफेरी का खेल

**भय मुक्त होकर वन भूमि का किया गया खेला**

**उपायुक्त से कार्रवाई करने कि लगायी गुहार**

**आखिर इस मामले में डीएफओ क्यों है मौन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चलकुशा/हजारीबाग।** अंचल कार्यालय में एक मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि उस समय के तत्कालीन चलकुशा सीओ शशिकांत सिंकर के द्वारा तैयार किये गये। 29 दिसंबर 2023 को पत्रांक संख्या 246 में ठाकुर मियां चौबे निवासी के नाम पर खाता 56 प्लॉट संख्या 4555 में 26 डी प्लॉट संख्या 4556 में 74 डी वन भूमि की खरीद बिक्री के लिए एलपीसी बना कर रैयती बताया गया है। वहीं अंचल कार्यालय के पंजी 2 के भौलुम नंबर 01 पेज नंबर 77 पर ठाकुर मियां के नाम पर दर्ज है। जिसका रशीद संख्या



7131006 वर्ष 2011-12 तक निर्गत है। वन भूमि का खुलासा तब हुआ कि ठाकुर मियां के वंशज सकिना खातुन पति स्व गुलाव हुसैन के द्वारा खरीद बिक्री के लिए देवंती देवी पति स्व जागेश्वर नायक, बडकु देवी पति कामेश्वर नायक, लक्ष्मी देवी पति भुनेश्वर नायक के पास 7 लाख 75000 रूपये में जमीन बिक्री के लिए अवर निबंधक कार्यालय बरही पहुंचे। अवर निबंधक कार्यालय में उपरोक्त दोनों प्लॉट की जमीन वन भूमि की सुची में दर्ज पाया गया। जिसके बाद अवर निबंधक अधिकारी बरही के द्वारा दिनांक 8 जनवरी 2024 को पत्रांक संख्या 16 के द्वारा पश्चिम वन प्रमंडल पदाधिकारी हजारीबाग को पत्र लिखकर स्पष्ट करने को कहा कि चलकुशा सीओ के पत्रांक संख्या 246 में उपरोक्त दोनों प्लॉट रैयती बतलाया गया है। क्या यह दोनों प्लांट वन सीमा के अंदर है या बाहर। जिसके बाद वन विभाग के द्वारा वन भूमि होने कि पुष्टि की गयी। जिसके बाद जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लगा दी गयी। लेकिन अब सवाल यह उठता है कि जमीन खरीद बिक्री के लिए 8 जनवरी 2024 को दस बज कर 46 मिनट पर बडकु देवी के द्वारा 31 हजार रुपये का अष्टम ड्यूटी ऑनलाइन भी निकाल ली गयी थी, और अवर निबंधक कार्यालय में 23 हजार 914 का रशीद कटा चुकी है जो सरकारी खजाने में जा चुका है। जिसकी भरपाई कोन करेगा। वहीं 19 जुलाई 2024 को बडकु देवी चौबे निवासी ने उपायुक्त नैंसी सहाय से कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है और कहा कि सीओ के द्वारा भुमि किस किस्म की है जिसकी जानकारी सही सही नहीं दी गयी, जिसके वजह से 31 हजार और 26 हजार 914 रुपये मेरा फंस गया है। मजबुर न मुझे न्यालय का दरवाजा खटखटाना होगा। वहीं दूसरी ओर ग्राम बरियौन में भी वन भूमि का फर्जी दस्तावेज बना कर कई एकड़ वन भूमि को पंजी 2 में दर्ज करायी जा चुकी है, और रशीद भी निर्गत कर दिया गया है। जब अधिकारियों को पुछा गया कि किनके आदेश पर पंजी 2 में दर्ज कि गयी है तो चुपकी साध लेते हैं। जिसके बाद बरियौन में भी वन भूमि पर आज भी मनरेगा योजना का धड़ल्ले से निमार्ण कार्य किया जा रहा है। चौबे मामले में वन विभाग भी आठ महीने बित जाने पर ना तो सीओ पर किसी तरह कि कार्रवाई की है ना जमीन बिक्री करने वाले पर।

## टाटीझरिया थाना में जन शिकायत कार्यक्रम



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ अनुमंडल अंतर्गत बिष्णुगढ़, टाटीझरिया और दारू थाना क्षेत्र के ग्रामीणों के आपसी समझौता सह सुलहनामा को लेकर संबंधित थाना की जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन। टाटीझरिया थाना में विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें विष्णुगढ़ थाना से 02, दारू थाना क्षेत्र से 02 और टाटीझरिया थाना क्षेत्र से 09 मामला आया। सभी मामला में आगामी 22 सितंबर को दोनों पक्षों को बुलाकर मामला को निष्पादन के लिए एक रशीद दिया गया। तीनों थाना मिलाकर कुल 13 मामला आया है सभी का समझोता 22 सितंबर होगा। जनशिकायत कार्यक्रम में विष्णुगढ़ थाना प्रभारी, सीओ, दारू थाना प्रभारी सफीक खान, सीओ, टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, सीओ नीलु टुडु समेत थाना के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक त्रिवेणी यादव के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद साहू और संचालन भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सूर्यदेव मंडल उर्फ टिंकू ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन मंत्री सह बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी सरोज सिंह, प्रदेश मंत्री कुमकुम देवी, जिला महामंत्री सुनील मेहता और जिला मंत्री रमेश हेंब्रम उपस्थित थे। बैठक में संगठन मजबूती को लेकर विशेष चर्चा हुई। विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रभारी के द्वारा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को पार्टी की गाइड लाइन से अवगत कराया और प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बूथों को मजबूत करने को लेकर प्रत्येक पंचायत में प्रभारी नियुक्त किया गया।

## जगदेव बाबू की 50वीं पुण्यतिथि



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** शहादत दिवस के अवसर पर बड़कागांव स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में अमर शहीद जगदेव प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जगदेव विचार मंच बड़कागांव अध्यक्ष उमेश दांगी के नेतृत्व में 50वीं शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह मंच के संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि बिहार के लेनिन नायक जगदेव बाबू शोषितों की आवाज बुलंद करने के लिए लोगों को जागरुक करते हुए शहीद हो गये। उनकी शहादत को हमें यादकर उनके विचारों पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर डॉक्टर बालेश्वर महतो, प्रो कीर्तिनाथ महतो, टुकेश्वर प्रसाद, रंजीत मेहता, उपेंद्र कुमार प्रसाद, सत्यदेव प्रसाद, इंद्र भूषण, रितेश ठाकुर, शिव शंकर कुमार, उपेंद्र कुमार, लालमणि महतो, भीखन महतो, दीपक कुमार, विकास कुमार मेहता, रामकुमार, कुलदीप कुमार, सरोज मेहता, सुजीत कुमार, सनी कुमार, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## वन विभाग की टीम पहुंची बरियौन

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरियौन वन भूमि के खाता 41 प्लॉट संख्या 300 वन भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण और वन भूमि पर काटे गये विशाल महुआ का पेड़ का निरीक्षण करने पहुंचे। बरही रेंजर कमलेश कुमार सिंह और उनकी टीम इस दौरान उन्होंने काटे गये महुआ पेड़ का लंबाई-चौड़ाई का मापी किया, और 300 प्लॉट का मुवायना किया।

## विष्णुगढ़ भाजपा मंडल की बैठक संपन्न



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पश्चिमि मंडल कार्य समिति की बैठक मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस संबंध में मंडल अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी और संयोजक सहसंयोजक को शक्ति केंद्र में बैठक कर बूथ कमिटी पन्ना प्रमुख गठन कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना और झारखंड की वर्तमान सरकार द्वारा किए जा रहे जन विरोधी कार्यों को उजागर कर घर-घर पहुंचने का निर्देश दिया गया। मौके पर सुनील कुमार मिश्रा, शंभू नाथ पांडे, निर्मल कुमार, प्रभु विश्वकर्मा, राजेंद्र प्रसाद, अशोक कुमार, सुखदेव मंडल, द्वारिका साव, शंकर सिंह ,संजय मंडल, रामधन माली, गोवर्धन महतो, जुगल साव उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार, गैड़ा और अलपिटो पंचायत में



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गैड़ा व अलपिटो पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें 2098 आवेदन आये निष्पादन 1162 का हुआ, लंबित 036। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मईया सम्मान योजना में 328, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 86, अबुआ आवास 330, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 29, किसान क्रेडिट कार्ड 16, सर्वजन पेंशन 178, सावित्री बाई फुले 44, बिरसा कूप सिचाई 1, जाती प्रमाण पत्र 15, आवासीय प्रमाण पत्र 13, आय प्रमाण पत्र 12, स्वास्थ्य जांच 603, जलापूर्ति योजना 01, शिक्षा विभाग बुक वितरण 15, मनरेगा जॉब कार्ड 94, आयुष्मान कार्ड 3, एस एच जी क्लस्टर 248, राजस्व अभिलेख 35, आधार/राशन कार्ड में संसोधन 46, बिजली बिल से सम्बंधित 01 आवेदन आये। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह, जिप सदस्य शेख तैयब, पूर्व जिलाध्यक्ष झामुमो शंभूलाल यादव, पसस महताब हुसैन, घनश्याम पाठक, चमेली देवी, सुनील राणा, यशोदा देवी, बिनोद रजक, प्रवीण बख्सी, दिनेश उपाध्याय, कौलेश्वर यादव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चेक बाउंस मामले को लेकर पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पैसे की लेनदेन के मामले को लेकर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया ।मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि चेक बाउंस मामले को लेकर 163/23 धारा 138 एनआई एक्ट के वारंटी संजय कुमार यादव पिता रामेश्वर गोप ग्राम गोंदलपूरा निवासी को बड़कागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हजारीबाग जेल भेज दिया। छापामारी दल में एएसआई हादी खान सहित बड़कागांव पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 06 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in
05

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण विद्या मंदिर परिसर में गुरुवार को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बरकाकाना डीएवी स्कूल की पूर्व प्राचार्य उर्मिला सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता आनंद अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ उर्मिला सिंह ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि एक अच्छे समाज की स्थापना में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने मिशन 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए शिक्षकों और बच्चों को आगे आने का आह्वान किया। वही, स्कूल के प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी ने शिक्षकों के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं की छात्राओं ने किया। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता आनंद अग्रवाल ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी। कार्यक्रम में विद्यालय के उपाध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, सचिव विमल किशोर जाजू, संयुक्त सचिव अशोक अग्रवाल सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## भाजपा की विस चुनाव को लेकर बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सुंदरनगर पंचायत सचिवालय में गुरूवार को भाजपा भुरकुंडा मंडल और भदानीनगर मंडल की संयुक्त कार्य समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और संचालन भदानी नगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, भुरकुंडा मंडल प्रभारी विजय जायसवाल व भदानीनगर मंडल प्रभारी राजीव रंजनआर उपस्थित थें। बैठक का शुभारंभ अतिथियों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। बैठक में आगामी 8 और 9 सितंबर को शक्ति केंद्र के सभी बूथ का सत्यापन करने और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की विशेष रणनीति पर चर्चा की गयी। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा हम सब का एक ही प्रत्याशी कमल का निशान हैं। जिस तरह से लोकसभा चुनाव में हमसबों ने अपनी तन्मयता दिखाई है, उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी मिलकर कार्य करते हुए चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस निकम्मी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकेंगे के लिए अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जायें। बैठक में उतरी छाटानागपुर प्रमंडलीय प्रभारी झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के योगेश दांगी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सनी कुशवाहा, रामगढ़ जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रशिक्षण प्रमुख सुरेंद्र करमाली, सत्येंद्र नारायण सिंह, शैलेंद्र कुमार, राजन पांडेय, कन्हैया सिंह यादव, कमलेश सिन्हा, ज्योति सिंह, राजेंद्र मुंडा, आशीष शर्मा, आनंद कुमार, झागू बेदिया, रणवीर सिंह, बालेश्वर राम, प्रकाश नायक, बाबूलाल नायक, अखिलेश टोप्पो, बलजीत सिंह सहित कई भाजपाई मौजूद थें।

## हत्या के आरोपी पति गिरफ्तार

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के वशिष्ठ नगर थाना की पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर अपनी पत्नी की हत्या के आरोपी पति जोलडीहा पंचायत के सुरहुद गांव के पिंटू सिंह भोक्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे उसके गांव से गिरफ्तार किया है। पिंटू सिंह भोक्ता पर उसकी पत्नी कुंती देवी की हत्या करने का आरोप है। इस मामले में पिंटू भोक्ता के मां, पिता, भाई और बहन नामजद अभियुक्त है। अन्य फरार अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया शिक्षकों को सम्मानित



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी संस्था मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति की सदस्यों ने समिति की अध्यक्षा निशा जैन के नेतृत्व में शहर के प्रमुख विद्यालय रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल और कस्तूरबा इंटर बालिका महाविद्यालय पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य को शॉल ओढ़ाकर तथा पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए पौधा प्रदान कर और सभी शिक्षकों को उपहार भेंट कर किया। इस अवसर पर अपने विचार प्रकट करते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने कहा कि शिक्षक हमारे समाज की नींव और रीढ़ होते हैं, जन्म तो हमें प्रभु कृपा से प्राप्त होता है। परंतु जीवन जीने की सही राह और कर्तव्य पथ का ज्ञान हमें गुरु से ही प्राप्त होता है। इस कारण मानव जीवन में गुरु का महत्व भगवान से भी ऊंचा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस को राष्ट्रीय पर्व घोषित करना चाहिए। इन विद्यालयों के अध्ययन कार्य, कर्मठ और मेहनती शिक्षकों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि इन विद्यालयों से ज्ञानार्जन कर शहर के अनेक बच्चें भारत में उच्च पदों को सुशोभित कर रहे हैं। इस कारण हमारी समिति ऐसे शिक्षकों को सम्मानित कर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने का निश्चय किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुणा जैन, नम्रता जैन, सरिता जैन, प्रिया अग्रवाल,रेनू मित्तल, मंजू अग्रवाल, पूनम गर्ग, अनिता बंसल, पुष्पा अग्रवाल ने अपना योगदान दिया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डुमरी कला और चकला पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शिविर का आयोजन किया है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ सुरेंद्र उरांव उपस्थित हुए जिनके द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। एसडीओ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार नन नन परद्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने लेने की बात कहा। साथ ही बताएं की सरकार की योजनाएं आपके घर पर आ रही है जिसका लाभ लीजिए शिविर में सभी विभाग के लोगों को स्टॉल लगाने का निर्देश दिये अगर कोई भी विभाग के लोग स्टॉल नहीं लगते हैं तो उसे पर कार्रवाई करने की भी बात कही। अबुआ आवास, अबुआ स्वास्थ्य योजना के बारे में बताएं शिविर में मंईया योजना, वृद्धापेंशन, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाडी, मनरेगा, बिजली, पेयजल, अबूआ आवास वन विभाग स्टॉल लगाया गया। इस शिविर में कौशलेंद्र कुमार सिंह, देवलाल यादव, निखिल गौरव, कमान कश्यप, सीताराम महतो, एमओ अर्जुन कुमार, डॉ वेद प्रकाश, सुरेश पासवान के अलावा सदस्य वार्ड सदस्य के अलावा सभी विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# रामगढ़ महाविद्यालय में ओपीएस की खुशी के साथ मना शिक्षक दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय के शिक्षक संघ के तत्वावधान में गुरुवार को महाविद्यालय में शिक्षकों को उपहार देकर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक संघ ने रामगढ़ महाविद्यालय परिवार के साथ ओपीएस के संकल्प के लागू होने की खुशी को साझा किया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रत्ना पांडे ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वे 2004 के बाद नियुक्त हुए उन प्राध्यापकों के लिए बहुत खुश हैं, जिन्हें सेवानिवृत्ति के पश्चात आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, अथवा आगे सेवानिवृत्त होने वाले को सामना करना पड़ता। वही, शिक्षक संघ की अध्यक्ष प्रो रोज उरांव ने कहा कि मौजूदा सरकार के द्वारा ओपीएस लागू कर देना शिक्षकों के लिए एक बड़ी राहत है। हम सभी शिक्षक मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। जबकि, वरिष्ठ शिक्षक डॉ बक्शी ओमप्रकाश, प्रो सरिता सिंह और किसुन महतो द्वारा शिक्षक समुदाय को बधाई देते हुए उनके कर्तव्य और अधिकारों पर प्रकाश डाला गया। खोरठा विभाग के बीरबल महतो द्वारा शिक्षक के तौर खोरठा विभाग को संभालने के प्रतिफल के लिए अपनी अपेक्षाओं से अवगत कराया गया। उर्दू के सहायक प्राध्यापक डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि सारी योग्यता और नियुक्ति प्रक्रिया समान होने के बाद भी अनुबंध पर बहाल शिक्षकों का भविष्य अधर में हैं और अनिश्चित है। हिन्दी विभाग में शिक्षणकार्य में सहयोग के लिए आई तीन जेआरएफ से हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका ने सभी शिक्षकों का परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ की सचिव डॉ प्रीति कमल किया। कार्यक्रम में डॉ राजेश उपाध्याय, डॉ कामना राय, डॉ रामाज्ञा सिंह, डॉ मालिनी डीन, डॉ बलवंती मिंज, प्रो विजेता तिग्गा, डॉ राहुल कुमार, डॉ शालिनी प्रकाश, प्रो साजिद हुसैन, प्रो मोहित जैन, वासुदेव महतो, उज्जवल राय, अजिता किण्डो, प्रेमचंद महतो, बीरेन्द्र उरांव, जोगेन्द्र राम, दशरथ महतो, सुरेश महतो, शिवानंद, आनंद शारदेय, भुवनेश्वर राम, बबीता, पुष्पा, दीपाश्री आदि उपस्थिति थे।

## राधा गोविंद विवि में मना शिक्षक दिवस



रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक दिवस समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, फूलमती देवी, कुलपति प्रो समरेंद्र नाथ साहा, प्रतिकुलपति प्रो रश्मि, कुलसचिव प्रो निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार और रानी ने संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व राधा देवी और गोविंद साह और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद केक काटकर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन मनाया गया। कुलसचिव प्रो निर्मल कुमार मंडल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है। सचिव प्रियंका कुमारी ने शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई दी और उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस शिक्षा के महत्व और हमारे जीवन पर इसके सकारात्मक प्रभाव की याद दिलाता है। कार्यक्रम समाज सेवी विकास प्रीतम, सेवानिवृत डीएसपी गोपीनाथ तिवारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुनील कुमार दुबे, मीडिया प्रभारी संजय सिंह, रितेश कश्यप उपस्थित रहे।

## कोल इंडिया अध्यक्ष से मिले पूर्व मंत्री जेपी पटेल

# बंद पड़ी परियोजनाएं खोलने और लोकल सेल में ज्यादा कोयला आवंटन की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** झारखंड के पूर्व मंत्री जेपी पटेल ने कोलकोता में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान जेपी पटेल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल की पुंडी समेत बंद पड़ी अन्य परियोजनाओं को जल्द से जल्द चालू करने, नयामोड़ गिद्दी जर्जर सड़क का निर्माण करने, कोतरे बसंतपुर पंचमो परियोजना को जल्द से जल्द चालू करने, रैयतो को उचित मुआवजा दिलाने, स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के तौर पर नौकरी देने, लोकल रोड सेल में ज्यादा से ज्यादा कोयला आवंटन करने की मांग की। इस दौरान जेपी पटेल ने कोलियरी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से कोल इंडिया अध्यक्ष पीएम प्रसाद को अवगत कराया। इस दौरान पीएम प्रसाद ने जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। वही, जेपी पटेल ने बताया कि कोल इंडिया अध्यक्ष पीएम प्रसाद से हमारा शिष्टाचार मुलाकात हुआ है। हमे विश्वास है कि पीएम प्रसाद द्वारा जनहित में जल्द ही सार्थक कदम उठाये जायेंगे।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक

**गोला (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की जिलास्तरीय बैठक गुरुवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के मगनपुर पंचायत सचिवालय में हुई। अध्यक्षता रामचंद्र प्रसाद व संचालन जिला अध्यक्ष कार्तिक महथा ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 10 सितंबर को संध्या 5 बजे गोला डीवीसी चौक से लेकर थाना मसाल जुलूस निकाला जायेगा। वहीं 11 सितंबर को सुबह 6 बजे से लेकर संध्या 6 बजे तक झारखंड बंद का आह्वान किया गया। झारखंड बंद में सभी झारखंड आंदोलनकारी हरवे हथियार के साथ शामिल रहेंगे। मौके पर जटाधारी साहू, रामचंद्र प्रसाद, मोहम्मद मुस्लिम अंसारी, दिनेश हेंब्रम, मंसू हेम्ब्रम, मोहम्मदी यासीन, मोहम्मद रिजवान, नेपाल मुखर्जी, धीरेन साहब, नरघु महतो, वाहिद, फारूक, आजम दर्जनों उपस्थित थे।**

## भाजपा की प्रखंड कार्य समिति की बैठक आयोजित

# विस चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुंदा/चतरा।** प्रखंड के बाजार टांड़ परिसर में भाजपा प्रखंड कार्य समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर सिंह भोक्ता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी टुनू गोप, जिला विस्तारक संजय दास उपस्थित थे टुनू गोप ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो देश के निचले पायदान पर रहने वाले लोगों के हित में काम करती है। बैठक में आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। प्रखंड अध्यक्ष ने सभी शक्ति केंद्र प्रभारियों को चुनाव की तैयारी को लेकर अविलंब बूथ स्तर पर मजबूत बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना है। ओबीसी गढ़वा जिला प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने हेतू गांव में कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने का आग्रह किया। साथ ही कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो चुनाव जीतो के मूल मंत्र के साथ काम करने को कहा गया। बैठक उपस्थित लोगों ने अपना अपना विचार रखा।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी बिद्या सागर आर्य, गंदौरी साव, महेंद्र ठाकुर, दिव्या भोक्ता, जितेंद्र कुमार यादव, रविन्द्र कुमार भारती, प्रमोद गुप्ता, जितेंद्र शौण्डिक, बिनोद साव, रवि शंकर वर्मा, सत्येंद्र सिंह, अनिता देवी उपस्थित थे।

## धूमधाम से मना गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश उत्सव, सजा विशेष दीवान

# अमृतवाणी हर हर तेरी, सुन सुन होवे परम गत मेरी...

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश उत्सव को लेकर विशेष दीवान से जायेगा। इस विशेष दीवान में बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु उपस्थित हुए। मौके पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने सभी साध संगत को बधाई दी है। इस दौरान जालंधर से पहुंचे बीबी जागीर कौर ने अपने मधुर गायन से साध संगत को निहाल किया। जिसमें, 'अमृतवाणी हर हर तेरी सुन सुन होवे परम गत मेरी, जलन बुझी शीतल हुए मनवा सतगुरु का दर्शन पाये जिओ' जैसे शब्दों से साध संगत को निहाल किया। इसके पश्चात गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने अरदास किया। वही, गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी ने भी एक से बढ़कर एक सबद पढ़कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, रघुवीर सिंह छाबड़ा, जोगिंदर सिंह जग्गी, रविंद्र सिंह छाबड़ा, नरेंद्र सिंह चमन, जगजीत सिंह, परमजीत सिंह, जिगर छाबड़ा, अनमोल सिंह, आनंद कशिश छाबडा, जगजीत सिंह जग्गी, अमरजीत सिंह जग्गी, हरप्रीत सिंह खालसा, विकी छाबड़ा, रानी सलूजा, जसमीत सोनी, मीता चमन, स्वीटी छाबड़ा, बंपी अरोड़ा, हरजीत सोनी, कनिका सोनी, वर्षा गांधी, रोमी छाबड़ा, गुरबख्श सैनी, सतनाम छाबड़ा, चरणजीत कौर जोली सहित सिख समाज के कई महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## कंडेर पंचायत के डेलिया पत्थर नदी में बनेगा उच्च स्तरीय पुलः अंबा प्रसाद

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड अंतर्गत कंडेर पंचायत के डेलिया पत्थर नदी में साढ़े तीन करोड़ की लागत से स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर उच्च स्तरीय पुल बनेगा। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना मद से पुल निर्माण कार्य संपन्न किया जायेगा। निर्माण कार्य में लगभग 3 करोड़ 54 लाख 19 हजार की लागत आयेगी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-डब्लूएस-24, दिनांक 04.09.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे दिनांक 25.09.2024 को अपराह्न 3.30 बजे अथवा उसके उपरांत खोला जाएगा। **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नामः** रेलवे कर्मियों के लिए हॉल्ट एवं वे साइट स्टेशनों (इटकी, नरकोपी, अकाशी, इरगाँव, हेंडलासो भोक्ता बगीचा, सोंडिमरा, बकरकुड़ी, हसलांग पीएच, बेगुनकोदार) में जल आपूर्ति व्यवस्था के प्रावधान हेतु विद्युतीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 6,35,698.04; **ईएमडी/बोली सुरक्षाः** रु. 12,700; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 25.09.2024 को अपराह्न 3.30 बजे। **वेबसाइट का विवरणः https://www.ireps.gov.in/** निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **(PR-563)**

## जनता मजदूर संघ में 10 सितंबर को विलय होगा कोलियरी मजदूर कांग्रेस यूनियन का



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आगामी 10 सितंबर को जनता मजदूर संघ में कोलियरी मजदूर कांग्रेस का विलय होने की घोषणा की गयी है। उक्त आशय की जानकारी कोलियरी मजदूर कांग्रेस के रिजनल सेक्रेटरी आरएन सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि जनता मजदूर संघ के झरिया, धनबाद कार्यालय में शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में विधिवत विलय कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1977 में मजदूर हितों की सुरक्षा के लिए मजदूरो के मसीहा स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह द्वारा स्थापित जनता मजदूर संघ के प्रथम अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह व महामंत्री स्व सूर्यदेव सिंह थे। वहीं, कोलियरी मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रामेश्वर सिंह फौजी ने उस वक्त स्व. सूर्यदेव सिंह का सहयोगी बनकर जनता मजदूर संघ के साथ मजदूरों के हक और अधिकार के लिए संघर्षरत रहे। बाद में सूर्यदेव सिंह के निधन बाद स्व बच्चा सिंह से कुछ मतभेद के कारण रामेश्वर सिंह फौजी ने संघ से अलग हो कर अपना यूनियन बनाया था। पुनः स्व. सूर्यदेव सिंह के युवा पुत्र सिद्धार्थ गौतम के आग्रह पर रामेश्वर सिंह फौजी ने अपने यूनियन कोलियरी मजदूर कांग्रेस को जनता मजदूर संघ में विलय का निर्णय लिया है।

## चोकाद में करम महोत्सव का आयोजन



**गोला (आजाद सिपाही)।** वृहत झारखंड कला संस्कृति मंच के तत्वावधान में प्रखंड क्षेत्र के चोकाद गांव में गुरुवार को करम महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जेएलकेएम के महामंत्री संतोष चौधरी मौजूद थे। यहां चोकाद पंचायत सहित अन्य गांवों से भी पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं पहुंचीं और गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। महिलाओं ने आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। अपने सम्बोधन में चौधरी ने कहा कि करम महोत्सव में प्रकृति की पूजा होती है। वहीं पर्यावरण की सुरक्षा होने की कामना करते हैं। यह त्योहार प्राकृतिक से नजदीक लाता है। कार्यक्रम के दौरान हेमली कुमारी के ढोलक बजाने की कला को देखने के लिए महिलाओं की भीड़ देखी गयी। मौके पर जेएलकेएम के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार चक्रपाणि, भुवनेश्वर महतो, मिथुन महतो, कौशल महतो, चंद्र देव महतो, हीरालाल महतो, तीजू महतो, श्रीकांत महतो, धनंजय महतो, शंकर महतो, तारकेश्वर महतो, राजेंद्र महतो, राजेश रजक, अरजलाल महतो, रामकुमार महतो, लोकेश्वर महतो, सालों देवी, दुलारी देवी, प्रभा देवी, मीना देवी, बबीता देवी, नमिता देवी, उषा देवी सहित सैकड़ो महिला पुरुष कार्यक्रम देखने को लेकर उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ममता देवी स्वास्थ्य मंत्री से मिली, जताया आभार



**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ के पूर्व विधायक ममता देवी गुरुवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिली। इस दौरान पूर्व विधायक ने सहिया दीदियों की वेतन बढ़ोतरी पर आभार जताया। रामगढ़ विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधा सहित कई अन्य समस्याओं अवगत कराया। पूर्व विधायक ने बताया कि जिला की सहिया दीदियों ने मुलाकात कर अपने वेतन बढ़ोतरी सहित कई मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था। साथ ही सरकार के समक्ष अपनी बातों को रखने का अनुरोध किया था। जिसमें मुख्य रुप से कार्य करने के बदले उन्हें इस महगाई में सिर्फ दो हजार रुपये मानदेय दिया जाता है। जिससे सभी सहिया दीदियों को पूरा परिवार का भरण पोषण में काफी कठिनाई होती है।

## स्पंदन फाइनेंस कर्मी से एक लाख बीस हजार की लूट, जांच में जुटी पुलिस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के दिगवार मरमगढ़ा नदी के पास दो बाइक सवार नकाबपोश लुटेरो ने फाइनेंस कर्मी से एक लाख 20 हजार रुपए नगद राशि की लूट लिया। इधर, भुक्तभोगी द्वारा घटना की जानकारी कुजू पुलिस को दी गई है। मामले को लेकर कुजू पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार, स्पंदन स्फूर्ति फाइनेंस के कर्मी महुदा धनबाद निवासी किशोर कुम्हार पिता दारा कुम्हार, करमा से एक लाख 20 हजार रुपया महिलाओं से कलेक्शन कर अपनी बाइक में सवार होकर रामगढ़ लौट रहा था। इसी बीच पहले से घात लगाए बैठे दो बाइक पर सवार नकाबपोश चार लुटेरों ने कर्मी को रोका। साथ ही, मारपीट के बाद कर्मी से एक लाख 20 हजार रुपए लूट कर चलते बने। साथ ही, बाइक की चाभी भी छीन ली। घटना के बाद भुक्तभोगी कर्मी द्वारा लूट की जानकारी पुलिस को दी गयी। भुक्तभोगी कर्मी का निवास स्थान गोलपार झंडा चौक रामगढ़ बताया जाता है। मामले को लेकर कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने बताया कि लूट को लेकर जांच की जा रही है।

# रेप के खिलाफ लॉ पहले से सख्त

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के बाद से पश्चिम बंगाल में देखे जा रहे असंतोष का कुल हासिल अगर 'अपराजिता' विधेयक का विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित होना है, तो इसे निराशाजनक ही कहना होगा। रेप पर नया कानून बनाने की इस पहल को जानकार लगभग एक स्वर में गैरजरूरी बता रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि देश में रेप के खिलाफ कड़े कानून पहले से ही हैं। 2012 में दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद उभरे अभूतपूर्व जनअसंतोष का एक परिणाम कानूनों में बदलाव के रूप में भी सामने आया था, जिसके तहत रेप के लिए मौत की सजा तक के प्रावधान कर दिये गये थे। उसका काफी प्रचार भी हुआ था। बावजूद इस सबके, रेप के आंकड़ों में तो कमी नहीं ही आयी, देश को सिहरा देने वाली कई बड़ी घटनाएं भी अंजाम लेती रहीं। दरअसल, रेपिस्टों के लिए मौत की सजा की मांग जनभावनाओं के तात्कालिक उभार को शांत करने में भले सहायक हो, एक्सपर्ट्स पहले से कहते रहे हैं कि इससे अपराध को काबू करने में खास मदद नहीं मिलती।

**कानून में कड़ी सजा का प्रावधान करना मुश्किल नहीं। असल संघर्ष तब शुरू होता है जब बात अपराध साबित कर अपराधी को सजा दिलाने की बात आती है। यहां न केवल अभियोजन पक्ष को कदम-कदम पर मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं, बल्कि विक्टिम के लिए भी इस लंबी लड़ाई में टिके रहना कठिन होता है।**

उलटे यह डर रहता है कि कहीं रेपिस्ट विक्टिम को मार ही न डाले, क्योंकि उसे पता होता है कि रेप की सजा भी फांसी हो सकती है, लेकिन हत्या के बाद विक्टिम द्वारा पहचाने जाने की संभावना खत्म हो जाती है। कानून में कड़ी सजा का प्रावधान करना मुश्किल नहीं। असल संघर्ष तब शुरू होता है जब बात अपराध साबित कर अपराधी को सजा दिलाने की बात आती है। यहां न केवल अभियोजन पक्ष को कदम-कदम पर मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं, बल्कि विक्टिम के लिए भी इस लंबी लड़ाई में टिके रहना कठिन होता है। यही वजह है कि जिन मामलों में रेप सरवाइवर अपराधियों को पहचान सकती हैं, उनमें भी कन्विक्शन रेट महज 2.6% है। जाहिर है, सरकारों के लिए सबसे जरूरी है रेप के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान कर प्रयासों को उस तरफ मोड़ें। स्ट्रीटलाइट की व्यवस्था करना, वर्कप्लेस को सुरक्षित बनाना, स्कूलों, कॉलेजों में असुरक्षित कोने न रहने देना और सबसे बड़ी बात पुलिस को ज्यादा संवेदनशील बनाना-ये कुछ ऐसे उपाय हैं, जिन पर चर्चा होती रही है, मगर व्यवहार में इन पर अमल कम ही दिखता है। ऐसे हालात में कोई राज्य सरकार कड़ा कानून लाने जैसा राजनीतिक स्टंट करती है और सभी पार्टियां विधानसभा में उसके पक्ष में खड़ी नजर आती हैं, यह हमारी मौजूदा राजनीति की सोच और उसके चरित्र पर एक सख्त टिप्पणी है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप यात्रा से स्थिति बदल रही है। प्रशासन पर्यटकों को लुभाने के लिए हर उपाय करने में जुटा है। धीरे-धीरे पर्यटक यहां आकर्षित हो रहे हैं। एक खाली द्वीप टाटा समूह को पांच सितारा रिसॉर्ट बनाने के लिए दिया गया है। अन्य द्वीपों पर भी छोटे-छोटे रिसॉर्ट तैयार हो रहे हैं। लोगों की सुविधा और मनोरंजन का खयाल रखने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं।**

# एक 'अलग दुनिया' का एहसास कराता है लक्षद्वीप



प्रशांत झा



लक्षद्वीप भारत का हिस्सा है। यह एहसास होना बहुत ही मुश्किल है। वहां तक पहुंचने के झंझावत, हालात व स्थिति और व्यवस्था व सौंदर्यता किसी 'दूसरी दुनिया' का एहसास करा देता है। पहुंचने की झंझावत इसलिए की संभवतः भारत का यही एक हिस्सा है, जहां जाने के लिए 'परमिट' यानी अनुमति पहले लेने की जरूरत होती है। वहां तक पहुंचना बहुत ही दुभर है। एक-दो छोटे हवाई जहाज और एक-दो पानी के जहाज ही उपलब्ध हैं। वह भी जब द्वीप पर छोड़ कर चले जाते हैं, तो वहां से निकलने का कोई रास्ता नहीं। स्थिति ऐसी की भारत के शेष हिस्सों से खुद को कटे हुए का अनुभव होने लगता है। बिजली और पानी की व्यवस्था शहरों की तरह सामान्य नहीं। समुंदर का खारा पानी को मीठा बनाया जाता, तो जेनरेट से पूरे शहर को बिजली मिलती है। सौंदर्यता और शांति ऐसी की पर्यटकों को खींचता ही रहता है। मुझे भी झारखंड विधानसभा के पीएसी कमेटी सदस्य के रूप में पिछले सप्ताह लक्षद्वीप जाने का मौका लगा।

लक्षद्वीप भारत के दक्षिण-पश्चिमी तट से 200 से 440 किमी (120 से 270 मील) दूर अरब सागर में स्थित एक द्वीपसमूह है। पहले इन द्वीपों को 'लक्कादीव-मिनिकॉय-अमिनीदिवि द्वीप' के नाम से जाना जाता था। यह द्वीपसमूह भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश होने के साथ-साथ एक जिला भी है। पूरे द्वीपसमूह को लक्षद्वीप के नाम से जाना जाता है। इसका कुल सतही क्षेत्रफल सिर्फ 32 वर्ग किमी (12 वर्ग मील) है। कवरत्ती इसकी राजधानी है। चूंकि इन द्वीपों पर कोई आदिवासी आबादी नहीं हैं, इसलिए विशेषज्ञ इन द्वीपों पर मानव के बसने का अलग-अलग इतिहास सुझाते हैं। पुरातात्विक साक्ष्यों के अनुसार 1500 इसा पूर्व के आसपास इस क्षेत्र में मानव बस्तियां मौजूद थीं। नाविक एक लंबे समय से इन द्वीपों को जानते थे, इसका संकेत पहली शताब्दी इस्वी से एरिथ्रियन सागर के पेरिप्लस क्षेत्र के एक अनाम संदर्भ से मिलता है। द्वीपों का उल्लेख इसा पूर्व छठी शताब्दी की बौद्ध जातक कथाओं में भी किया गया है। सातवीं शताब्दी के आसपास मुसलमानों के आगमन के साथ यहां इस्लाम का प्रादुर्भाव हुआ। मध्ययुगीन में, इस क्षेत्र में चोल राजवंश और कैनानोर राजाओं का शासन था। कैथोलिक पुर्तगाली 1498 के आसपास यहां पहुंचे, लेकिन 1545 तक उन्हें यहां से खदेड़ दिया गया। इस क्षेत्र पर तब अरक्कल के मुस्लिम घराने का शासन था, उसके बाद टीपू सुल्तान का। 1799 में टीपू सुल्तान की मृत्यु के बाद अधिकांशक्षेत्र ब्रिटिशों के पास चले गये और उनके जाने के बाद, 1956 में केंद्र शासित प्रदेश का गठन किया गया।

**लक्षद्वीप भारत के दक्षिण-पश्चिमी तट से 200 से 440 किमी (120 से 270 मील) दूर अरब सागर में स्थित एक द्वीपसमूह है।**

लक्षद्वीप को लाखों द्वीपों का समुह कहा जाता है। हवांकि यहां लगभग 32 द्वीप होने की बात लोग बताते हैं। इनमें केवल 10 द्वीपों पर मानव आबादी है। 2011 की भारतीय जनगणना के अनुसार, इस केंद्र-शासित प्रदेश की कुल जनसंख्या 64,473 थी। हालांकि अगात्ती द्वीप के डीसी ने बताया कि अभी लगभग 86,000 आबादी है। यहां लगभग सभी मुस्लिम हैं। हालांकि लक्षद्वीप की अधिकांश आबादी मलयालम पढ़ती और बोलती है। अगात्ती द्वीप पर एक हवाई अड्डा मौजूद है। लोगों का मुख्य व्यवसाय मछली पकड़ना और नारियल की खेती है, साथ ही टूना मछली का निर्यात भी किया जाता है। लक्षद्वीप में प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों का कार्यालय इसकी राजधानी कवरत्ती में है। जबकि हर द्वीप पर डीसी, पुलिस अधिकारी, डॉक्टर समेत अन्य अधिकारी तैनात है। एक छोटा सा एयरपोर्ट केवल अगात्ती में है। जहां छोटे विमान ही उतर सकते हैं।

लक्षद्वीप में खाने-पीने समेत हर सामान के लिए कोच्ची पर निर्भर है। द्वीप पर न ही बिजली उत्पादन होता है और न ही पानी की उपलब्धता है। अगात्ती की आबादी 6500 के आसपास है। सभी मुसलिम समुदाय के हैं। यहां पर जेनरेटर के जरिये पूरे द्वीप पर बिजली स्पलाइ की जाती है। पानी के लिए समुद्र के खारा पानी को शुद्ध कर पीने के लिए प्लांट तैयार किया गया है। इसी से पानी सप्लाई होती है। इस द्वीप पर सोशल मीडिया की ताकत भी देखने को मिली। यहां टीवी और समाचार पत्र तो उपलब्ध नहीं है, लेकिन लोगों को सोशल मीडिया के जरिये पूरे देश की खबर है। कुछ लोगों ने कोच्ची से गाड़ी और स्कूटर खरीद से मंगाया है। वह अपनी गाड़ी पर्यटकों को उपलब्ध कराते हैं। पेट्रोल-डीजल का टैंकर पानी जहाज से मंगाया जाता है। जो बड़े-बड़े कंटेनर में डाल कर वापस जाता है। सरकार ने एक समिति बना रखी है और कोटा तय कर रखा है। सभी को कोटे के हिसाब से पेट्रोल-डीजल दिया जाता है। यहां केंद्र सरकार की लगभग सारी योजनाएं चल रही हैं। 12वीं तक के लिए स्कूल हैं। कॉलेज के लिए कोच्ची जाना पड़ता है। स्कूली शिक्षा मुफ्त है। मिड डे मील की व्यवस्था है। अस्पताल हैं। चार डॉक्टर की तैनाती है। आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाता है। इसी तरह अन्य केंद्रीय योजनाएं यहां चल रही हैं। मुस्लिम आबादी होने के बाद भी ये सभी एसटी में गिने जाते हैं। इनका रहन-सहन, व्यवहार आदि देश के अन्य हिस्सों में मौजूद मुसलिम समुदाय से थोड़ा अलग है। इन्हें आरक्षण का भी लाभ प्राप्त है। हर द्वीप पर एसी ही स्थिति है। अगात्ती से अन्य द्वीपों पर मोटर वोटर के जरिये जा सकते हैं। दूसरा कोई रास्ता नहीं। लक्ष्यद्वीप की खास बात यह है कि यहां से बाहर शायद ही कोई शादी करता है। सभी एक-दूसरे को पहचानते और अपनों में ही शादी होती। पहला चुनाव अपने द्वीप के परिवार की होती है। अगर अपने द्वीप पर शादी नहीं हो पाती है, तो तब दूसरे द्वीप पर शादी करते हैं। दूसरी खास बात यह है कि यहां लड़कियां ससुराल नहीं, लड़के जाते हैं। खानदानी संपत्ति भी माता से बेटी को जाता है। बेटे को नहीं मिलता है।

एक तरफ एरेबीयन सी का हरा-नीला शुद्ध पानी तो दूसरी ओर एशियन ओशियेन का हल्का काला-भूरा पानी। बीच में द्वीप। नारियल के पेड़ के बीच छोटे-छोटे घर। अगात्ती द्वीप के आसपास के अन्य बंगाराम, अमरावत्ती आदि कुछ द्वीपों पर स्कूबा ड्राइविंग आदि मनोरंजन की व्यवस्था भी है। एक बात वहां देखने के लिए जरूर मिला कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप का भ्रमण से प्रस्थितियां बदल रही हैं। प्रशासन इस क्षेत्र को पर्यटन के लिए बढ़ावा दे रहा है। अगात्ती हवाई अड्डे पर अब तीन जगहों बंगलुर, कोच्ची और गोवा से विमान आने लगे हैं। अगात्ती के डीसी ने बताया कि एयरपोर्ट को विस्तार करने की योजना है। जिससे बड़े विमान आ सके। इसी तरह कोच्ची से पानी जहाज (यात्री वाला) आता है। जिसे 12 घंटे लगते हैं। उससे भी यात्री आते हैं। हाल में गोवा से भी पानी का जहाज आने लगा है। अगात्ती के स्थानीय लोगों ने बताया कि हर द्वीप पर छोटे-छोटे रिसार्ट तैयार हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से लोगों का नजरिया बदला है। लोगं ने बताया कि 15 सितंबर से लेकर फरवरी तक सबसे अच्छा समय पर्यटन के लिए है। उम्मीद है कि इस बार प्रधानमंत्री के कारण अधिक पर्यटक आयेंगे। हम लोगों के साथ-साथ प्रशासन भी इसकी तैयारी में लगा है।

**(लेखक आजाद सिपाही के राजनीतिक संपादक हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### महाराष्ट्र में जनसभा को प्रतिपक्ष के नेता ने किया संबोधित

# कांग्रेस जाति जनगणना कराकर रहेगी : राहुल

आजाद सिपाही संवाददाता




**मुंबई।** कांग्रेस सांसद सह प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गुरुवार को महाराष्ट्र दौरे पर हैं। इस दौरान राहुल ने महाराष्ट्र के सांगली में एक जनसभा को संबोधित किया। यहां राहुल ने जाति जनगणना और शिवाजी मूर्ति गिरने के विवाद पर पीएम मोदी के माफी मांगने पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि हम जाति जनगणना कराकर रहेंगे। सांगली में जनसभा से पहले राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के सांगली में पूर्व राज्य मंत्री दिवंगत पतंगराव कदम की प्रतिमा का अनावरण किया। कदम का 2018 में निधन हो गया था।इस मौके पर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार और कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात भी मौजूद रहेंगे।

# शराब नीति केस : केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस में गुरुवार को अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखने से पहले केजरीवाल और सीबीआइ का पक्ष सुना। अदालत में वकील ने कहा कि केजरीवाल को इसलिए गिरफ्तार किया गया, ताकि वे जेल से बाहर ना आ सकें जबकि जमानत नियम और जेल अपवाद है। मनीष सिसोदिया को जमानत देते वक्त कोर्ट ने यही कहा था। सीबीएआइ ने दलील दी कि केजरीवाल को जमानत के लिए पहले ट्रायल कोर्ट जाना चाहिए, सीधे सुप्रीम कोर्ट नहीं आना चाहिए। अगर उन्हें जमानत मिली तो हाइकोर्ट को निराशा होगी। केजरीवाल की जमानत और सीबीआइ की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच सुनवाई कर रही है। केजरीवाल का पक्ष वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी रख रहे हैं, जबकि सीबीआइ को एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू रिप्रेजेंट कर रहे हैं।

# भाजपा बोली, पित्रोदा पहले राहुल को बोलना सिखायें

### विदेश जाकर भारत की खिल्ली नहीं उड़ायी जाती

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी के फ्यूचर में प्रधानमंत्री बनने वाले सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पित्रोदा अगर सच में राहुल के अंदर पीएम की छवि देखते हैं तो पहले उन्हें बोलना सिखाएं। उन्होंने कहा कि राहुल विदेश जाकर भारत की खिल्ली उड़ाते हैं। वे यहां के लोकतंत्र, मीडिया और न्यायपालिका पर बाहर जाकर सवाल खड़े करते हैं। पित्रोदा को उन्हें होमवर्क कराना चाहिए कि कब और कहां, कैसे बोलना है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने 4 सितंबर को कहा था कि राजीव गांधी की तुलना में उनके बेटे राहुल गांधी ज्यादा समझदार हैं। वे समझदार होने के साथ-साथ एक बेहतर रणनीतिकार भी हैं। राहुल में फ्यूचर प्रधानमंत्री के सारे गुण हैं।

# देश की चौथी सबसे अमीर महिला की भाजपा से बगावत

### टिकट कटा तो सावित्री जिंदल ने निर्दलीय लड़ने का एलान किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हिसार।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार देर शाम को 67 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की थी। लिस्ट आते ही पार्टी में बगावत शुरू हो गयी है। कई पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया पर ही इस्तीफा दे दिया। वहीं, गुरुवार सुबह देश की चौथी सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल ने भी बगावत कर दी है। भाजपा से टिकट न मिलने के बाद उन्होंने हिसार से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। सावित्री जिंदल ने समर्थकों से कहा कि मैं भाजपा की प्राथमिक सदस्य नहीं हूं। मैं चुनाव न लड़ने के बारे में बोलने के लिए दिल्ली से वापस आई थी, लेकिन आपका प्यार और विश्वास देखकर मैं चुनाव लड़ूंगी। सावित्री मशहूर उद्योगपति और कुरूक्षेत्र से भाजपा सांसद नवीन जिंदल की मां हैं। हिसार सीट पर उनका मुकाबला भाजपा के मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से होगा। सावित्री जिंदल का टिकट कटने की जानकारी मिलते ही हिसार में जिंदल हाउस पर उनके समर्थक जमा हो गये।

# सेना के ड्रोन में चीनी पुर्जे लगाने पर रोक



आजाद सिपाही संवाददाता

**डिफेंस मिनिस्ट्री ने 200 ऑर्डर होल्ड किये**

**नयी दिल्ली।** भारतीय डिफेंस एस्टैब्लिशमेंट ऐसा मैकेनिज्म तैयार कर रहे हैं, जिससे ये सुनिश्चित किया जा सके कि देश की प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों से खरीदे गये ड्रोन्स में चीनी कंपोनेंट नहीं हैं। दरअसल, खुफिया एजेंसियों ने उन ड्रोन में चीनी पुर्जों के इस्तेमाल को लेकर चिंता जतायी है, जिन्हें भारतीय सेना ने घरेलू निजी कंपनियों से खरीदा है। हाल ही में डिफेंस मिनिस्ट्री ने 200 मीडियम-एल्टीट्यूड लॉजिस्टिक्स ड्रोन के ऑर्डर को होल्ड पर रख दिया था। मंत्रालय ने मैन्युफैक्चरर से कहा था कि वह इस बात का सबूत दे कि इन ड्रोन में चीनी कंपोनेंट इस्तेमाल नहीं हुए हैं। इन ड्रोन्स को चीन से लगी भारत की उत्तरी सीमा पर तैनात किया जाना था। मीडियम-एल्टीट्यूड लॉजिस्टिक्स ड्रोन ऊंचे इलाकों में 20 किलोग्राम तक का वजन कैरी करने में सक्षम हैं। आर्मी डिजाइन ब्यूरो के एडिशनल डायरेक्टर मेजर जनरल सी एस मान ने बुधवार को कहा कि इस फ्रेमवर्क को मजबूत बनाने के लिए कई तरीकों पर सोच-विचार किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस प्रोडक्शन ने इंडस्ट्री बॉडीज Ficci, CII, Assocham को कहा है कि अपनी सदस्य कंपनियों को कहें कि वे ड्रोन या अन्य संबंधित इक्विपमेंट बनाने में चीनी कंपोनेंट का इस्तेमाल करने से बचें।

# छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर मुठभेड़ में 6 नक्सली ढेर

### इनमें दो महिलाएं, शव और हथियार बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर 6 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल है। जवानों ने हथियार और शव बरामद कर लिये हैं। दो जवानों को भी गोली लगी है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। तेलंगाना की ग्रेहाउंड पुलिस को सूचना मिली थी कोत्तागुडेम जिले के गुंडाला-करकागुडेम इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी आधार पर फोर्स को एक दिन पहले ही सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। दो दिनों में ये दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले 3 सितंबर को दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर 9 नक्सली मारे गये थे अब तेलंगाना बॉर्डर पर 6 ढेर किये गये। जवान गुरुवार सुबह ही नक्सलियों के ठिकाने पर पहुंचे। जहां इनके साथ मुठभेड़ हो गयी। दोनों तरफ से जमकर गोलीबारी हुई। जवानों ने 6 डेडबॉडी बरामद कर लिया है।

मारे गये नक्सलियों में एक डिविजनल कमेटी मेंबर, एक एरिया कमेटी मेंबर और 4 पार्टी सदस्य शामिल हैं। इनमें 2 नक्सली बस्तर के सुकमा और बीजापुर जिले के रहने वाले हैं।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस

# रेनोवेशन का आदेश कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल ने दिया था

### संदीप घोष का आदेश पत्र सीबीआइ को मिला

आजाद सिपाही संवादादा

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के अगले दिन कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने सेमिनार हॉल से लगे कमरों के रेनोवेशन का ऑर्डर दिया था। यह बात सीबीआइ की जांच में सामने आयी है। ट्रेनी डॉक्टर का शव 9 अगस्त की सुबह सेमिनार हॉल में ही मिला था। सीबीआइ को ऐसे डॉक्यूमेंट मिले हैं, जिनमें इस बात की पुष्टि हुई है कि संदीप घोष ने 10 अगस्त को लेटर लिखकर स्टेट पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट को सेमिनार हॉल से लगे कमरे और टॉयलेट का रेनोवेशन करने को कहा था। इस परमिशन लेटर पर घोष के साइन भी हैं। सूत्रों के मुताबिक पहले यह समझा जा रहा था कि ढहऊको रेनोवेशन का काम शुरू करने का निर्देश आरजी कर मेडिकल कॉलेज के किसी प्रशासनिक अधिकारी ने दिया था। लेकिन, परमिशन लेटर मिलने के बाद यह साफ हो गया है कि घोष को रेनोवेशन कराने की जल्दी थी। इन्वेस्टिगेशन कर रहे अधिकारियों का कहना है कि इस डॉक्यूमेंट से यह साफ हो रहा है कि घोष को रेनोवेशन कराने की जल्दी थी, लिहाजा यह डॉक्यूमेंट रेप-मर्डर केस और आरजी कर कॉलेज में वित्तीय गड़बड़ी के केस के बीच कड़ी जोड़ने में मदद कर सकता है। 13 अगस्त की शाम को जब कलकत्ता हाईकोर्ट की डिविजन बेंच ने उइकको यह केस हैंडओवर किया था, उसके कुछ ही घंटों बाद ढहऊस्टाफ ने सेमिनार हॉल से लगे कमरे का रेनोवेशन शुरू कर दिया था। हालांकि कॉलेज स्टूडेंट्स ने इस केस को लेकर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था, जिसके चलते रेनोवेशन के काम को वहीं रोक दिया गया।

## गढ़वा पुलिस 10 को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित करेगी : एसपी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा पुलिस प्रशासन की ओर से 10 सितंबर को अनुमंडल मुख्यालयों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), झारखंड, रांची के आदेशानुसार 10 सितंबर को राज्य के सभी 24 जिलों में एक साथ जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर गढ़वा पुलिस ने निर्धारित तिथि को सुबह 11 बजे पूर्वाह्न नागरिकों के शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण किया जायेगा। इसके अंतर्गत गढ़वा अनुमंडल के टाउन हॉल, श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय और नगर उंटारी तथा रंका अनुमंडल के रंका थाना परिसर में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लोग अपनी शिकायत, समस्याओं को वाट्सएप नंबर 9470165434, गढ़वा पुलिस के फेसबुक तथा ट्विटर और जन शिकायत से संबंधित इमेल आइडी jansikayat-garhwa@jhpolice.gov.in पर भी भेज सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि अपनी समस्याओं / शिकायतों के निवारण के लिए कार्यक्रम में भाग लें ताकि समस्याओं का त्वरित और प्रभावी तरीके से निष्पादन किया जा सके।

# गढ़वा के पिछड़ेपन के सबसे बड़े जिम्मेदार पूर्व के जनप्रतिनिधिगण हैं : मंत्री मिथिलेश

## मंत्री मिथिलेश ने किया अटौला में स्टेडियम का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड के अटौला ग्राम में चार करोड़ नौ लाख रुपये की लागत से सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। गुरुवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर और दीप जलाकर इसका शिलान्यास किया। इससे पूर्व शहीद जवान की तस्वीर पर मंत्री ने माल्यार्पण किया। साथ ही स्थानीय गणमान्य लोगों को मंत्री ने शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया।

मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी गढ़वा अव्वल होगा। अब गढ़वा के खिलाड़ी भी इंटरनेशनल स्तर पर परचम लहरायेंगे। खिलाड़ियों को सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि गढ़वा को सबसे पिछड़ा विधानसभा होने का कलंक लगने के सबसे बड़ा जिम्मेदार पूर्व के जनप्रतिनिधिगण, विधायक व सांसद हैं। उन्होंने कहा कि आज भी विधायक की वहीं शक्ति और क्षेत्राधिकार है, लेकिन पूर्व के जनप्रतिनिधियों की इच्छा शक्ति और मेरी इच्छा शक्ति में जमीन आसमान का फर्क है। मंत्री ने कहा कि यह स्टेडियम अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न बनेगा। अब चेचरिया, खोरीडीह और अन्य सन्निकट पंचायतों के बच्चों को ना सिर्फ खेलने की सुविधा मिलेगी, बल्कि अच्छे खिलाड़ियों और अच्छे मैच भी देखने का अवसर मिलेगा। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, सुजीत सिंह, दीपमाला, आलोक, सूर्य प्रकाश, चंदा देवी सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।

## करुआ कला पंचायत के बीडीसी सहित सौ से अधिक लोग झामुमो में शामिल



गढ़वा । गढ़वा प्रखंड अंतर्गत करुआ कला पंचायत के बीडीसी सहित 100 से अधिक लोग विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। गुरुवार को सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला, संस्कृति खेलकूद औरयुवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री मिथिलेश ठाकुर को ऐतिहासिक जीत दिलाने और राज्य में महागठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प लिया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से करुआ कला पंचायत के बीडीसी रानिका देवी, बीडीसी प्रतिनिधि अभय कुमार, सचिन कुमार, राजकुमार राम, परीखा राम सहित सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

# हेमंत सरकार से नाराज शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शिक्षक दिवस के दिन किया कार्य

**7 सितंबर को रांची में शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव करेंगे शिक्षक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** शिक्षक दिवस पर टेट सफल सहायक अध्यापक राज्य कमिटी के निर्देशानुसार राज्य के सभी प्रखंडों में सरकार के उदासीन रवैया के प्रति शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर पठन पाठन और अन्य कार्य को किया। उच्च विद्यालय भागोडीह, टंडवा, मध्य विद्यालय रमना, छपरदागा, धवरवादामर, बेलवादामर, करचा, मड़वनियां, परसवान और बुलका सहित कई विद्यालय के टेट पास सहायक अध्यापकों ने आचार्य शिक्षक के बहाली में सभी का समायोजन करने की मांग व सरकार के टेट शिक्षकों के प्रति उदासीन रवैया के कारण शिक्षक दिवस जैसे पावन अवसर पर काला बिल्ला लगाकर कार्य किया।

इस अवसर पर प्रताप कुमार यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार धोखेबाज सरकार है। चुनाव से पूर्व सभी जगह अपने भाषणों में पारा शिक्षकों के लिए बड़ी-बड़ी बातें करते थे। लेकिन सत्ता पाने के बाद सभी वादे भूल गये। वहीं टेट सहायक अध्यापक, जो सहायक शिक्षक बनने की सभी अहर्ता रखते हैं, उन्हें बार-बार नजर अंदाज किया जा रहा है। जिसके विरोध में शिक्षक दिवस पर काला बिल्ला लगाकर कार्य किया जा रहा है। वहीं 7 सितंबर को रांची में शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव भी किया जायेगा। काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करने वालों में नरेंद्र ठाकुर, विरेंद्र ठाकुर, गोपाल राम, अजय गुप्ता, संदीप कुमार सिंह, समीर सिंह, मंजूर आलम, विजय कुमार, कृष्ण बिहारी सिंह, राजेश्वर चौधरी, विरेंद्र, संजय, जयनाथ , उपेंद्र और राजीव कुमार सहित कई शिक्षकों के नाम शामिल है।

# शिक्षक सर्वत्र पूज्य हैं : अलखनाथ

**आर के ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस अंतर्गत संचालित आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा, उंचरी मंझिआंव, अधौरा श्रीवंशीधर नगर, और आरकेवीएस बीएड कॉलेज में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर व केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मां सरस्वती और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। निदेशक ने अपने संबोधन में सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और समृद्ध जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजा-महाराजा की पूजा सिर्फ एक-दो राज्यों में होती होगी पर शिक्षक सर्वत्र पूज्य होते हैं। शिक्षक की महिमा शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हमारी सभ्यता-संस्कृति में शिक्षक का स्थान ईश्वर से भी ऊपर रखा गया है। बिना गुरु के ज्ञान असंभव है। एकलव्य का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार गुरु की प्रतिमा बनाकर शिक्षा प्राप्त की। भगवान भी धरती पर अवतरित हुए तो गुरु से ही ज्ञान प्राप्त किये। इसलिए शिक्षकों को भी अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा से करना चाहिए। उन्होंने राम-कृष्ण, एकलव्य और अर्जुन जैसे शिष्य तथा गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र, संदीपनि, द्रोणाचार्य, शंकराचार्य, विवेकानंद और चाणक्य जैसे शिक्षकों की भी चर्चा की, जिसे सुनकर छात्र-छात्राएं काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी और विशाल व्यक्तित्व के थे।

## गिरिनाथ सिंह ने किया मेराल उत्तरी मंडल टीम की घोषणा, कहा -

# आप सभी के सहयोग से गढ़वा में व्याप्त भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकेंगे

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने गुरूवार को अपने प्रखंड कार्यालय में मेराल उतरी मंडल तथा मंडल के पंचायत स्तरीय टीम की घोषणा की। बैठक की शुरूआत महात्मा गांधी और संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया। श्री सिंह ने कहा कि आप सभी कार्यकर्त्ताओं के दिन रात अथक परिश्रम का फल ही है कि इतनी बड़ी टीम का गठन किया गया। आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि हर प्रखंड में जो विचौलियागिरी और भ्रष्टाचार व्याप्त है, उसे सत्ता में आने के बाद बंद कराने का काम करुंगा। उतरी मंडल कमिटी के अध्यक्ष रामाधार राम को बनाया गया, जबकी उपाध्यक्ष के रूप में डॉ प्रेम चंद्र गुप्ता तेनार, लक्ष्मी साव तरके गोपी चंद्र चौधरी तरके, अनिल कुमार तिवारी अटौला, नजमुदिन अंसारी मकुना, ललसू यादव पढ़ूआ, बनारसी प्रजापति रजबंधा, छठु चौधरी सोहबरिया, धीरेन्द्र कुमार सिंह भंडार, मेंहदी खान टिकुलडीहा, वहीं युवा कमिटी का अध्यक्ष डॉ इलियास अंसारी विकताम, उपाध्यक्ष दुर्गेश कुमार यादव टिकुलडीहा, राजू रंजन पाल बाजुडीह, अवधेश चौधरी खोलरा, सचिव संजय राम पतरिया जबकी महिला कमिटी के अध्यक्ष लाली देवी छवनवा टोला मेराल, उपाध्यक्ष सुचिता देवी सुकठवा मेराल, सचिव अंजू पढ़ूआ को बनाया गया। साथ ही बाकि बचे सभी पंचायतों के टीम भी गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से दक्षिणी मंडल अध्यक्ष दुःखन चौधरी, सुरेश प्रसाद गुप्ता, मकसूद, सुनील, बाबुल, अवध सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## नितेश ने मृतक जगन के परिजनों को दिया मदद का भरोसा



रंका (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला बीस सूत्रि के उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने बरवाडीह निवासी मृतक जगन सिंह के परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया है। ज्ञात हो कि जगन सिंह की मृत्यु 4 सितम्बर 2024 को एक स्कूल वैन और मोटर साइकिल की टक्कर में घटना स्थल पर ही हो गयी थी। जिसकी सूचना मिलते ही बरवाडीह पंचायत के मुखिया पम्मी देवी और बीस सूत्रि जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और मृतक जगन सिंह के परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

## आरके पब्लिक स्कूल हूर में शिक्षक दिवस मना



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आरके पब्लिक स्कूल हूर में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पतस्वीर पर पुष्प अर्पण कर तथा दीप प्रज्वल्लन कर किया गया। मौके पर प्राचार्य नासरीन हक ने अपने संबोधन में छात्रों को शिक्षक का महत्व तथा जीवन में शिक्षक की क्या भूमिका होती है, यह भी छात्रों को बताया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महोदय नाशरीन हक, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या मिस किंजल, शिक्षिका छाया चौबे, सुनीता दास, पूर्णिमा कुमारी, निधि तिवारी, शिक्षक राकेश तिवारी और अजय शर्मा उपस्थित हुए।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी के खेल मैदान में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ नंदजी राम सीओ आफताब आलम, मुखिया इशरत जहां, उप मुखिया मिना देवी, बीडीसी अनिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर बीडीओ, सीओ, मुखिया, उप मुखिया, बीडीसी ने संयुक्त रूप से जेएसएलपीएस सखी मंडल की महिलाओं को रोजगार के लिए 7 लाख का चेक और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच 75 साइकिल का वितरण किया गया। शिविर में 591आवेदन मिले और 216 का निष्पादन किया गया। इस मौके पर कल्याण पदाधिकारी राजगीर राम, जेई विजय शंकर राय, बीटीएम राकेश कुमार, समाज सेवी तासबीन अंसारी, पिंटू आलम, पंचायत श्रम मित्र नंदू राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

# तिलदाग चौक पर नुक्कड़ सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के तिलदाग चौक पर एआइएमआइएम के हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एआईएआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान मुख्य रूप से उपस्थित थे। जनता का विकास नहीं हुआ। आज भी जनता परेशान है। ना किसानों को खेत में पानी मिला, ना ही युवाओं को रोजगार मिला। बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। वहीं यहां के विधायक बोलते हैं कि मैंने बहुत विकास किया। डॉ एमएन खान ने कहा कि कहा कि स्थानीय विधायक ने लोगों को विकास का ख्वाब तो जरूर दिखाया, लेकिन वह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विकास करने में असफल रहे। स्थानीय विधायक के द्वारा सिर्फ विकास का ढिंढोरा पीटा जाता है। वहीं उनके कार्यकर्ता के द्वारा सोशल मीडिया पर विकास का ढिंढोरा पीटने का काम किया जाता है। लेकिन यहां की जनता स्थानीय विधायक के कारनामों से पूरी तरह वाकिफ हो चुकी है। इस मौके पर युवा के जिला अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, युवा नेता हसनैन मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष गोपाल चौधरी, जिला महासचिव अशोक चौधरी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दल छोड़कर कई लोगों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की।

## पीडीएस दुकान को जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने किया निलंबित

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत घघरी गांव के खाद्य सुरक्षा के तहत राशन लेने वाले लाभुको ने बीते रविवार को डीलर मंजू देवी पर अगस्त माह का राशन नहीं देने का आरोप लगाते हुए भारी हंगामा किया था लाभुको का हंगामा की आजाद सिपाही अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। खबर को संज्ञान लेते हुए गुरुवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय ने इसकी गहनता से जांच किया और जिला आपूर्ति पधाधिकारी घघरी पहुंचकर लाभुकों से इसके विषय में जानकारी लेते हुए राशन दुकान की जांच किया। लाभुकों द्वारा लगाया गया आरोप को सही पाया, जो अगस्त माह का राशन का वितरण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय पर राशन का वितरण नहीं करने वाले डीलर के खिलाफ शिकायत मिलने पर अविलंब दुकान को निलंबित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया जायेगा। जिला आपूर्ति पधाधिकारी ने लाभुकों को कहा कि जब तक राशन नहीं लेते है, तब तक अपना अंगूठा नही लगायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड के सभी डीलर जो आपका एलॉटमेंट है, वह उठाया करें और लाभुकों को राशन कटौती नहीं करें अन्यथा शिकायत मिलने पर कानूनी करवाई की जायेगी। मौके पर लाभुक ललु यादव, शीतल भईया, मालदेव यादव, सोनू, वरुण, सोनू, धर्मेंद्र, सुमित कुमार इत्यादि ग्रामीण मायूस थे।

## झारखंड ग्रामीण बैंक ने अजय गुप्ता को दिया दो लाख का चेक

रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के गोदरमाना शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत शाखा प्रबंधक सूरज कुमार और जेएस एलपीएस के बीपीएम मनोज कुमार गुप्ता के हाथों समूह की मृतक सदस्य स्व० उषा देवी के नोमिनी पति अजय प्रसाद सोनी को दो लाख का चेक प्रदान किया गया। इस संबंध में जेएसएलपीएस के बीपीएम मनोज कुमार गुप्ता ने बताया शिवम महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य उषा देवी पति अजय प्रसाद सोनी ग्राम गोदरमाना पंचायत चुटिया की मृत्यु बीमारी के कारण 23 नवंबर 2023 को हो गयी थी।

# गुरु ही हमारे जीवन को आकार प्रदान करते हैं : निदेशक अनूप

**ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती समारोह मनाया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** टंडवा, नारायणपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती समारोह शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्या की देवी माता सरस्वती के पूजन वंदन करते हुए मंत्रोचारण के तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक अनूप सोनी, सचिव आलोक सोनी प्रबंधन सदस्य आकाश कुमार, सोनू कुमार, धीरज राज और मिडिया प्रभारी नूर अजीजी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। प्रबंधन समिति सदस्य आकाश कुमार ने आपने अभिभाषण में बच्चों को नए संकल्प के साथ उज्जवल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त विद्यालय के शिक्षक सुमित सर, अमित सर, सुधांशु मिश्र, मंगल पांडेय, दिरेंद्र, राहुल गिरी, जॉर्डन तमांग इत्यादि के अतिरिक्त कई गणमान्य मौजूद थे।

## विद्या मंदिर के भैया-बहनों ने लहराया परचम

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर के भैया बहन प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में भाग लेने फुसरो, बोकारो में गये थे। वहां बहन शिखा रानी और भैया अंकित कुमार ने मूर्तिकला प्रतियोगिता में पुरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रौशन किया। अब ये क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए 22-23 अक्टूबर को सीतामढ़ी, बिहार जायेंगे। इस उपलब्धि के लिये प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बधाई देते हुए कहा कि भैया बहन अपने परिश्रम द्वारा राज्य में विद्यालय का नाम रौशन किया। ये सभी बधाई के पात्र है। इनकी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना। विद्यालय द्वारा भैया बहन और उनके अभिभावकों को वंदना स्थल पर अंग वस्त्र और उत्सर्ग पत्रिका देकर सम्मानित किया गया।

# पेयजल मंत्री की नाकामी के कारण झारखंड में पेयजल का कार्य निचले पायदान पर: सतेंद्रनाथ

**झामुमो के छह दर्जन से अधिक लोगों ने थामा भाजपा का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता



पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत करते पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ

**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नाकामी के कारण झारखंड में पेयजल आपूर्ति का कार्य देश भर में सबसे निचले पायदान पर है। उन्होंने कहा की केंद्र की मोदी सरकार ने गरीबों के हित में पेयजल को एक मिशन के रूप में लेकर लोगों को पाइप लाइन के जरिये शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य शुरू कराया। उसके लिए केंद्र की सरकार ने आवश्यकतानुसार पर्याप्त राशि भी मुहैया कराया। लेकिन राज्य के पेयजल मंत्री ने उक्त योजना में भी खुलेआम भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। जिसके कारण योजना धरातल पर नहीं उतरा। गरीब दूषित पानी पीकर बीमार पड़ रहे है। पूर्व विधायक गुरुवार को कल्याणपुर में मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान छह दर्जन से अधिक लोग झामुमो छोड़कर कर भाजपा दामन थामा। आगे पूर्व विधायक ने कहा कि गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड भ्रष्टचार चरम पर है। हर जगह लूट मची हुई है। भाजपा में शामिल होने वाले लोगों में मुख्य रूप से मोबारक अंसारी, खुसबुदीन खान, मैहनुर अंसारी, खुसदिल अंसारी, फरीद खान, नीतीश पासवान, रामचंद्र राम, मंसूर अंसारी, मोनू कुमार, जबार अंसारी सहित अन्य का नाम शामिल हैं। मौके पर भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, चंद्रवंशी सेना के अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी, विवेकानंद तिवारी, विकास तिवारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यालयः—असैनिक शल्य चिकित्सक—सह—मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू
( जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई,पलामू )
ई0मेल0:—Civilsurgeonpalamu@gmail.com

**In Ref. to Letter No. 2704, Dated. 02.09.2024**

—:आवश्यक सूचनाः—

विज्ञापन संख्या 04/2023 के आलोक में दिनांकः—25.08.2024 को District CM School of Excellence (Zila School), Chhah Muhan Chowk, Medininagar, Palamu में आयोजित परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का परीक्षाफल https://applygov. ind. inपर प्रकाशित कर दी गई है। आप सभी अपना—अपना परीक्षाफल आपके Application Number (For Example PLM******) के माध्यम से देख सकते है साथ ही इस परीक्षा का Final Merit List आपके द्वारा समर्पित सभी प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरान्त पदानुसारविज्ञापित शैक्षणीक योग्यता से लिए गए 60 प्रतिशत अंक एवं लिखित परीक्षा से लिए गए 40 प्रतिशत का योग सेतैयार कर https://applygov. ind. inएवं NIC Palamu पर प्रकाशित की जाएगी।

उक्त हेतु पात्रता सूची तैयार करने के लिएआपके द्वारा समर्पित प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु तिथि/स्थल की सूचना भीhttps://applygov. ind. inएवं NIC Palamu पर प्रकाशित की जाएगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 334841 (District)24-25*D

# शिक्षा और खेल से युवा बेहतर भविष्य का निर्माण करें : रोहित प्रियदर्शी उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** गुरुवार को भंडरा प्रखंड के ग्राम कसपुर में शिक्षक दिवस पर बालक एवं बालिका वर्ग का फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेसी युवा नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। रोहित प्रियदर्शी उरांव ने फाइनल मैच का उद्घाटन करने के उपरांत खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि वर्तमान युग में शिक्षा के साथ-साथ खेल का भी विशेष महत्व है। आज युवा खेल के माध्यम से अपना कैरियर बना रहे हैं, एवं झारखंड सरकार भी प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है सभी खिलाड़ी अनुशासनात्मक तरीके से खेल को खेलें फीफा नियम के साथ खेलें। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, मंत्री के आप्त सचिव संजय कुमार, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, युवा महासचिव असलम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## पीवीयूएनएल ने पौधे का वितरण किया



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा सामुदायिक विकास के अंतर्गत पीवीयूएनएल कि बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा लगातार किया जा रहा। फलदार पौधों का वितरण सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत पीवीयूएनएल कि बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा ग्राम एटे, बरवाडीह तथा ग्राम सबानो में परियोजना प्रभावित परिवारों बीच लगभग 500 उच्च किस्म के फलदार वृक्षों के पौधों का वितरण किया गया। इस कार्य का शुभारंभ के. चंद्रशेखर (महाप्रबंधक) बनहरदी परियोजना के कर कमल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीवीयूएनएल बनहरदी परियोजना के अधिकारी अमरेश चंद्र राउल विनेश कुमार, अबीरलाल नाथ एवं अमित द्विवेदी उपस्थित रहे। इसके अलावा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सबानो के प्रधानाध्यापक रंथू उरांव द्वारा विद्यालय में पौधा वितरण करने में सहयोग प्रदान किया गया।

## ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों के अनिश्चित कालीन धरना में शामिल हुए एलएपी के प्रदेश अध्यक्ष

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकहित अधिकार पार्टी (एलएपी) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने आरोप लगाया है कि सरकार ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं के दुख-दर्द को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि एलएपी इस प्रकार के चिटफंड कंपनियों के खिलाफ पहले से ही आवाज उठाती रही है और इसे अपने घोषणापत्र में भी शामिल किया था। साहू ने कहा कि एलएपी इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी जब तक ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार को न्याय नहीं मिल जाता। उन्होंने लोहरदगा जिला उपायुक्त के समझ ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों के अनिश्चित कालीन धरना में शामिल होकर उनके साथ एकजुटता दिखायी। इस धरना में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया जिसमें सुकुरु उरांव, आदित्य साहू, पूजा सोनी, इलीसबा मिंज, शशि नंदन भगत, मो. क्यूम अंसारी, करमीला कुमारी, चंद्रमणी देवी, तारा देवी सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# सीएम ने जुरिया के ग्रामीणों से की बात

## योजनाओं की सौगात देने के लिए ग्रामीणों ने आभार जताया

मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों से की बात

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जुरिया पंचायत लोहरदगा में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए बेहद विशेष रहा। इस कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपना अनुभव साझा करने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री गुमला जिला के सिसई पंचायत में आयोजित कार्यक्रम से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुरिया के ग्रामीणों से लाइव जुड़े थे। इस दौरान मुख्यमंत्री, झारखंड ने जुरिया पंचायत के पांच लाभुकों सीमा उरांव (झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना), नाजरीन खातून (झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना), सुशांति कुजूर (सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना), जयमंती भगताइन (अबुआ आवास योजना) और रामप्यारी कुमारी (मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना) से बातचीत की और राज्य सरकार की ओर से मिल रही योजनाओं के बारे जानकारी ली। लाभुकों ने मुख्यमंत्री को योजनाओं की सौगात देने, निरंतर युवाओं, महिलाओं समेत हर वर्ग की सेवा के लिए कार्य करने के लिए धन्यवाद दिया और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को जुरिया व आसपास के ग्रामीणों ने लाइव देखा। कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का भी वितरण जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

# भाजपा से टिकट पाने के लिए आधा दर्जन उम्मीदवार दौड़ में शामिल

लोहरदगा विधानसभा चुनाव को लेकर सरगरमी तेज

सत्यकाम






**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा चुनाव को लेकर स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में सरगरमी बढ़ गयी है। वर्तमान में लोहरदगा सीट से विधानसभा चुनाव में भाग्य आजमाने के लिए प्रत्याशी चयन की कवायद जोरों पर है। लोहरदगा सीट से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले लगभग आधा दर्जन उम्मीदवारों ने टिकट की चाहत के लिए दौड़ लगाना शुरू कर दिया है। माना जा रहा हैं कि, अगले माह तक भाजपा राज्य आलाकमान लोहारदगा सीट से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर देगा। लिहाजा, इस सीट से जिताऊ कैंडिडेट की फीडबैकिंग भाजपा नेतृत्व ले रहा है। टिकट बंटवारे को लेकर भाजपा आलाकमान द्वारा मंथन किया जा रहा है। वर्तमान में लोहरदगा सीट से लगभग आधा दर्जन उम्मीदवारों की टिकट की दौड़ में होने की चर्चा हो रही है। भाजपा के अंतरंग सूत्रों ने बताया कि, लोहरदगा लोकसभा सीट से लगातार तीन बार सांसद रहे सुदर्शन भगत लोहरदगा विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हो सकते हैं। संघ के घनिष्ठ माने जाने वाले सुदर्शन भगत की छवि भोला भाला और सरल व्यक्तित्व का रहा है। जिताऊ कैंडिडेट के रूप में भी सुदर्शन भगत को माना जा रहा है। भाजपा टिकट के प्रबल दावेदार भी माने जाते हैं। चुनावी टिकट की दौड़ में भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव प्रबल दावेदार माने जाते हैं। प्रदेश भाजपा नेताओं में उनकी सशक्त और प्रबल पहचान है। भाजपा संगठन में उनकी पहचान अनुशासित और समर्पित नेता के रूप में है। लोहरदगा सीट से जिताउ कैंडिडेट के रूप में उनकी चर्चा भी संगठन के भीतर जोरों पर है। लंबे समय से भाजपा संगठन से जुड़कर मुख्य धारा के राजनीतिक करने वाले वर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव लोहरदगा सीट से भाजपा के टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। लगभग दो टर्म से जिला अध्यक्ष का पद संभाल कर मनीर उरांव ने भाजपा संगठन को संगठित करने में अलग पहचान बनाया है। दुष्ट को तुष्ट करने की रणनीति इनको आती है। आदिवासी मूल के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव तेज तर्रार नेता के रूप में अपनी पहचान बनाया है। जिला परिषद के चुनाव में किस्को प्रखंड से निर्वाचित होकर जिला परिषद में उपाध्यक्ष का पद भी संभालने का प्रशासनिक अनुभव उनके पास है। भाजपा जिला संगठन के उपाध्यक्ष पद पर रहकर धारदार राजनीति करने वाले अनिल उरांव के नाम की चर्चा भी टिकट लेने वाले उम्मीदवारों में शामिल है। गंभीर व्यक्तित्व के अनिल उरांव की पहचान भाजपा प्रदेश में अलग है। संगठन के भीतर अनिल उरांव की गहरी पैठ होने की चर्चा है। अनिल उरांव नगर पार्षद चुनाव में निर्वाचित होकर जन सरोकार से जुड़े मामलों को उठाने का अनुभव रखते हैं।

# विशेष अभियान में कई वर्षों से फरार चार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता






**बरवाडीह।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के नेतृत्व में बरवाडीह पुलिस द्वारा विभिन्न मामले में फरार चल रहे चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में अंकित कुमार सिंह कुटमु, संजीत कुमार सिंह सरईडीह, मांनदेव ठाकुर पुटुवागड (छेंचा) ललन राम मंगरा शामिल है। गिरफ्तार सभी आरोपी को लातेहार जेल भेज दिया गया है। उधर इस सम्बंध में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि ललन राम पर कांड संख्या 12/19 धारा 323, 341, 504 व 34 आइपीसी के तहत मामला दर्ज था। मानदेव ठाकुर पर कांड संख्या 14/17 धारा 272, 273, 290 आइपीसी, 47 ए उत्पाद अधीक्षक में मामला दर्ज था। संजीत कुमार सिंह पर थाना कांड संख्या 107/19 के तहत धारा 397 आइपीसी के तहत मामला दर्ज था। जो कई वर्षों से फरार चल रहे थे। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## दस धाम यात्रा के लिए निकले कार राइडर्स को डीएसओ ने किया रवाना



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 10 धाम यात्रा के लिए जाने वाले जांबाज लोहरदगा के स्थानीय कार राइडर्स युवाओं को समाहरणालय परिसर से डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल एवं उपवन बड़ा ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के डोढा टोली निवासी वेद प्रकाश साहू, सीठीओ गांव निवासी सूरज महली, 10 धाम यात्रा के लिए कार से निकले हैं। जांबाज युवा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल का भ्रमण कर लगभग 1 महीने बाद वापस लोहरदगा लौटेंगे। मौके पर डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने कार राइडर्स युवाओं को मंगलमय यात्रा होने की शुभकामना दिया। कहा कि, लोंगों को विभिन्न राज्य और धार्मिक स्थलों का यात्रा करनी चाहिए। यात्रा करने से दूसरे जगह के लोगों के संस्कृति, रहन सहन और कल्चर की जानकारी मिलती है। डीएसओ ने कहा उत्तर भारत, दक्षिण भारत समेत देश के विभिन्न स्थान और राज्य सुंदर और घूमने लायक है।

## नसीम अंसारी बने एलएडीसीएस चीफ



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार साक्षात्कार के आधार पर अधिवक्ता नसीम अंसारी को कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली का चीफ नियुक्त किया गया। उन्होंने दिनांक 21/8/2024 को हुए साक्षात्कार के आधार पर कुल छः प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए यह पद हासिल किया। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के अनुशंसा के पश्चात उन्होंने आज मुख्य कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के रूप में अपना योगदान दिया। वहीं पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने अधिवक्ता नसीम अंसारी को बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली में अब कुल छः अधिवक्ता पूर्ण कालिक सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। एलएडीसीएस टीम का नेतृत्व मुख्य एलएडीसीएस के द्वारा किया जायेगा। एलएडीसीएस का मुख्य कार्य गरीब एवं निर्धनों के केसों की पैरवी करना, वैसे बंदी जो अपना अधिवक्ता नहीं कर पा रहे हैं उनकी सहायता करना, डालसा द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होना है।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को सीओ ने किया जब्त



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू उठाव तथा परिवहन मामला पर अंचल क्षेत्र सेन्हा में अंचलाधिकारी द्वारा कारवाई करते हुए दो ट्रैक्टर को अलग अलग जगहों से जब्त किया गया। सेन्हा अंचल क्षेत्र में अवैध बालू का खनन एवं परिवहन मामला में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी एव अंचल में पदस्थापित होमगार्ड जवानों के साथ ऑटो में सवार होकर अवैध बालू पर रोक लगाने के लिए कारवाई करते हुए गुरूवार को अलग अलग जगहों से दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी एवं होमगार्ड जवान बक्सीडीपा के समीप रियाडा रोड पहुंचे जहां दक्षिणी कोयल नदी से बालू खनन कर परिवहन किया जा रहा ट्रैक्टर को जप्त किया गया। जबकि पुनः अपने सरकारी वाहन से क्षेत्र में छपेमारी करते हुए सेन्हा चौक पहुंचे जहां पर बालू लाद कर आ रहा एक ट्रैक्टर को जप्त किया। जब्त कर दोनो ट्रैक्टर को सुरक्षित सेन्हा थाना में रखा गया है। वही अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि जिला सहायक खनन पदाधिकारी को दो ट्रैक्टर जब्त होने की सूचना दे दिया गया है। दोनों ट्रैक्टर के मालिक और चालक पर प्राथमिकी दर्ज किया जायेगा। साथ ही कहा कि अवैध बालू माफियाओं द्वारा जासूसी किया जाता है। वैसे लोग चौक के आस पास पकड़े जाते है तो सख्त कानूनी कारवाई किया जायेगा।

## कोल्हान की खबरें

# बीज संरक्षण करम पर्व का आयोजन

पारंपरिक बीजों के संरक्षण के लिए दिये संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बालिगुमा करम आँखड़ा कमिटी के तत्वाधान सुखना बस्ती करम अखाड़ा में आदिवासी समुदाय का प्रकृति आधारित बीज संरक्षण करम पर्व का आयोजन किया गया। मौके पर आदिवासी समुदाय की प्रकृति आधारित बीज संरक्षण की परंपरा को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो स्थानीय आदिवासी समुदाय के महिला व पुरुष बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर बीज संरक्षण के महत्व को साझा किया गया। आदिवासी महिलाओं के अनुसार करम पर्व एक पारंपरिक त्योहार है। बीज बोने से पहले उसकी गुणवत्ता की जांच करने के लिए मनाया जाता है। इस पर्व में नृत्य, संगीत और पारंपरिक खेल सहित विभिन्न प्रकार के आयोजनों और उत्सवों में ग्रामीण भाग लेते हैं। पर्व का मुख्य उद्देश्य बीजों की गुणवत्ता की जांच करना और अगले वर्ष की फसलों के लिए आशीर्वाद मांगना है। इस वर्ष के करम पर्व में बीज संरक्षण के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोगों ने अपने पारंपरिक बीज संरक्षण विधियों को प्रदर्शित किया और बीजों के महत्व को साझा किया। कार्यक्रम में जया, रुम्पा, संजना, संगीता, मोनी, बर्षा, प्रीति, पिहू, ब्रिस्टी, तानी, स्वीटी,उमा,माला, शिखा, शिल्पी, शीला, शेफाली, जीत सहित अन्य ने अहम भूमिका निभायी।

# डीसी और डीडीसी ने पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत अभियान का गुरुवार को डीसी अनन्य मित्तल व डीडीसी मनीष कुमार ने गुब्बारा उड़ाकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीसी ने कहा जागरुकता रथ जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों और गांवों में घूम-घूमकर महिलाओं और बच्चों को पोषण के बारे में जागरूक करेगी। जिले में रथ के माध्यम पोषण संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना उद्देश्य है। उन्होंने बच्चों और महिलाओं के अच्छे पोषण को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। साथ ही इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका को सपथ दिलाकर जागरूक किया। मौके पर सभी ने जिला को कुपोषण मुक्त बनाने, स्वस्थ व खुशहाल बचपन, गर्भवती व धात्री माताओं को उचित पोषाहार हेतु जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# बीएड कॉलेज के विद्यार्थियों ने मनाया शिक्षक दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर स्थित को-ऑपरेटिव कॉलेज के बीएड 2023-25 के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया। गुरुवार को बीएड के छात्र- छात्राओं के द्वारा आयोजित भव्य संमरोह में मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह,विशिष्ट अतिथि बीएड को-ऑर्डिनेटर डॉ प्रभात कुमार सिंह, सम्मानित अथिति डॉ अशोक रवानी, विभागाध्यक्ष डॉ राजू ओझा शामिल हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।इस अवसर पर स्वागत भाषण डॉ राजू ओझा ने दी। वही मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह ने विधार्थियों को शिक्षा से जुड़े कई टिप्स दी। इस अवसर पर सत्र 2023-25 के छात्र-छात्राओं ने सभी अतिथियों एंव शिक्षकों को पौधा भेट कर सम्मानित किया। वही विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में गीत प्रस्तुत की। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्वेता, रीका, विकास, नितेश, संजय, सन्निता सहित सैकड़ो छात्र - छात्राएं ने अहम भूमिका निभाई।

## सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पर लगा ठगी का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बागुन नगर टीओपी क्षेत्र के रहने वाले देवानंद झा ने सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सह आरटीआइ कार्यकर्ता सुरेंद्र कुमार महतो पर लाखों रुपये ठगी करने का आरोप लगाया। मौके पर उन्होंने बमामाईंस थाना में शिकायत दर्ज कर न्याय के लिए गुहार लगाई। मिली जानकारी के अनुसार देवानंद झा अपने बेटे को पॉलिटेक्निक कॉलेज में नौकरी लगाने के लिए सुरेंद्र कुमार महतो को 2.50 लाख दिया था। थाना में लिखित शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

# विस चुनाव को लेकर भाजपा घोड़ाबांधा मंडल ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा के घोड़ाबांधा मंडल अध्यक्ष दीपक पाल के अध्यक्षता में मंडल की एक बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से मीरा मुंडा,भाजपा के जिला महामंत्री अनिल मोदी व अन्य शामिल हुए। मौके पर वक्ताओं ने बूथ शशक्तिकरण एवं शक्ति केंद्र को मजबूत करने पर विशेष चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होना है। उन्होंने कार्यकताओं से पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से संगठन के कार्यों में लग जाने की अपील की। ताकि प्रदेश में भाजपा की मजबूत सरकार बन सके। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी मीरा मुंडा, घोड़ाबांधा मंडल के प्रभारी व जिला महामंत्री अनिल मोदी, मंडल के वरीय उपाध्यक्ष हरदीप सिंह, मंडल के उपाध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य आशिस पाल, नीरज शर्मा, रूपेश सिंह, बिनोद कुमार, कृष्णा कुमार बारी, सुशीला सरदार समेत मंडल के सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# नमन परिवार ने शिक्षिक दिवस पर सैकड़ों बहनों और माताओं को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** साकची स्थित नमन कार्यालय में अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में शिक्षक दिवस का विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से परिवार और समाज के प्रति शिक्षिका के रूप में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले सैकड़ो माता व बहन शामिल हुए। इस अवसर पर काले ने कहा मां जीवन की प्रथम और सर्वोत्तम शिक्षक होती है। हर बच्चा सबसे पहले अपनी मां से ही जीवन के महत्वपूर्ण पाठ सीखता है। इसलिए शिक्षक दिवस के इस विशेष अवसर पर माताओं का सम्मान सबसे उपयुक्त है। इससे पूर्व श्री काले ने उपस्तित सभी माता व बहनों को उनके योगदान के लिए नमन किया। काले ने कहा शिक्षक सिर्फ स्कूल या कॉलेज में ही नहीं होते, बल्कि हर मां अपने बच्चों की पहली और सबसे महत्वपूर्ण शिक्षिका होती है। हमारे जीवन के नैतिक मूल्यों, संस्कारों और व्यवहारों की नींव मां ही रखती है। हम सभी को अपनी मांओं का सम्मान करना चाहिए। उन्हें समाज की वास्तविक शिक्षिका के रूप में पहचानना चाहिए।

# गुमला में हेमंत गरजे, विपक्ष को अब खदेड़ देना है

आजाद सिपाही संवाददाता






**गुमला/ सिसई।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुमला में विपत्र पर गरजे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भोली-भाली जनता के हित व विकास में हमेशा से तत्पर रही है। वहीं विपक्ष नहीं चाहता कि ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दे। ऐसे विपक्ष को अब खदेड़ देना है। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में आपको इतना मजबूत बनायेंगे कि आपको किसी से मदद मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप अपने बलबूते अपने विकास का रास्ता तय करेंगे। राज्य की तस्वीर एवं तकदीर बदलने में राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को गुमला जिले के सिसई प्रखंड अंतर्गत शिवनाथपुर पंचायत के पण्डरानी ग्राम में आयोजित चौथे चरण के 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में हर घर में हर वर्ष एक लाख रुपए पहुंचने का हमारा संकल्प है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का चौथा चरण चल रहा है। हर गांव-मोहल्ला-टोला में शिविर लगाकर आपकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मेरा आपसे कहना है कि आपका अधिकार आपका दरवाजा खटखटा रहा है। आप आगे आयें और अपनी जरूरत की योजना को अपने घर में ले जायें। हमारी कोशिश विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आपके और आपके परिवार को सशक्त और स्वावलंबी बनाना है।

## आपकी सोच और जरूरत के अनुरूप बन रही योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो भी योजनाएं बना रही है, वह आपकी सोच और जरूरत को ध्यान में रखकर है। हम अपनी इन योजनाओं के माध्यम से आपको आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। क्योंकि, जब आप सशक्त होंगे तो राज्य भी मजबूत बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में जो भी आवेदन आते हैं, उनका भी ध्यान योजनाओं के निर्धारण में किया जाता है, क्योंकि इससे हमें अपनी जनता के वास्तविक हालात की जानकारी प्राप्त होती है।

## आदिवासियों की पहचान बनाये रखने के लिए कृत संकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की पहचान आदिवासियों से है। ऐसे में आदिवासी पहचान को बनाये रखना हमारा संकल्प है। इस कड़ी में आदिवासियों के लिए अलग सरना कोड का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। आदिवासियों के उत्थान के लिए कई योजनाएं लेकर हम आये हैं। यहां के आदिवासी अपनी काबिलियत के बल पर अपने और राज्य का नाम रोशन करें, सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है।

## जल -जंगल- जमीन के साथ होता रहा खिलवाड़

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिदो -कान्हू, तिलका मांझी, बुधु भगत और नीलाम्बर पीताम्बर जैसे अनेकों वीरों ने जल- जंगल- जमीन की रक्षा एवं अन्याय, शोषण जुल्म के खिलाफ अपनी शहादत दे दी थी। लेकिन, आज उद्योग- धंधे, खनन एवं फैक्ट्री लगाने के नाम पर जल - जंगल- जमीन के साथ छेड़छाड़ होता रहा है। इस वजह से यहां के आदिवासी- मूलवासी विस्थापित होते गए। उनकी जमीन पर किसी और का कब्जा हो गया। लेकिन, हमारी सरकार जल- जंगल- जमीन की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में नेतरहाट फायरिंग रेंज को बंद कर हमने ग्रामीणों को उनकी जमीन वापस करने का काम किया है । वहीं, व्यक्तिगत और सामुदायिक वन पट्टा प्रदान किया जा रहा है,ताकि आदिवासियों को को जल -जंगल- जमीन पर अधिकार फिर से दे सकें।

## 18 वर्ष से अधिक की बहन- बेटियां भी दे सकती हैं अग्रिम आवेदन

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना नारी सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक मजबूत कदम है। इस योजना को लेकर राज्य की बहन- बेटियों में अदभुत उत्साह देखने को मिल रहा है। अभी इस योजना का लाभ 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को मिल रहा है, लेकिन योजना के प्रति बहन- बेटियों का जबरदस्त उत्साह देखते हुए हमने 18 वर्ष से ही इस योजना का लाभ बहन- बेटियों को देने का निर्णय लिया है। इस सिलसिले में जल्द ही नीति बनायी जाएगी। लेकिन, मैं राज्य की बहन- बेटियों से कहना चाहता हूं कि वे 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविरों में अग्रिम आवेदन दें ताकि उन्हें इस योजना का लाभ देने की प्रक्रिया भी आरंभ हो जाए।

## कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, गुमला विधायक भुषण तिर्की, सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो, कांग्रेस के रमेश कुमार चीनी, फिरोज आलम रामनिवास प्रसाद, मुरली मनोहर, आशिक अंसारी, मो खुरशीद, अजय नाथ साहदेव, मो कलाम, कैप्टन लोहरा राजीव रंजन महतो, बैबुल अंसारी, आजाद अंसारी सहित झामुमो से कलीम अख्तर कल्लन, आरिफ अंसारी, सरदार रणजीत सिंह, उमर फारूक, मो. साजिद समेत अधिकारीगण मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरूआत में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा कार्यक्रम स्थल से गुमला जिले में कुल 63674.54 लाख की लागत से 159 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया जा रहा है। वहीं लोहरदगा जिले से कुल 36786.28 लाख की राशि से 188 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा

- आपका अधिकार आपका दरवाजा खटखटा रहा है, आप आगे आयें और अपनी जरूरत की योजना को घर ले जायें।
- आने वाले पांच वर्षों में आपको इतना मजबूत बनाएंगे कि आपको किसी से मदद मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- राज्य वासियों की सोच एवं जरूरतों को ध्यान में रखकर बनायी जाती है योजनाएं ।
- आदिवासी-मूलवासियों की पहचान बनायें रखने तथा उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।

### पिछली सरकार में भूख से मरे थे कई लोग : रामेश्वर उरांव

झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार बेहतर कार्य कर रही है। पिछली सरकार में लगभग पांच हजार लोग भूख से मर गए थे। मगर हमारी सरकार ने राशन कार्ड बनाने का काम किया है। प्रजातंत्र का मतलब होता है आम लोगों का राज। अब सरकार आम लोगों के घरों तक पहुंच रही है।

### अब ब्लॉक और दफ्तर गांवों तक पहुंचता है : भोक्ता

सत्यानन्द भोक्ता ने कहा कि कल तक लोग ब्लॉक और कार्यालयों का चक्कर काटते थे। आज ब्लॉक और दफ्तर खुद चल कर ग्रामीणों के पास पहुंच रही है। अब लोगों की जरूरत घर बैठे ही पूरी हो रही है।

# दुकान का कुंडी तोड़कर नगद समेत सामानों की हुई चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के सामने भगत चौक ढौठा टोली निवासी राहुल टोप्पो के मकान अवस्थित किराना दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने कुंडी तोड़कर नगद सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। जानकारी देते हुए राहुल ने बताया बीती रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर अपने घर चला गया। सुबह जब उठा और दुकान खोलने गया तो देखा कि शटर का कुंडी उखड़ा हुआ है। बताया चोर ताले को नहीं तोड़ पाये। तो कुंडी को उखाड़ कर दुकान में रखें नगद 5 हजार इसके अलावा बुधवार की शाम दो बोरा सामान लाया गया था। जिसे नहीं खोला गया था जिसमें सरसों तेल सहित कई सामान था। चोर उसे उठाकर ले गये। जिसकी कीमत करीब 6500 और 7700 रुपये है। वहीं दुकान में रखें 1500 का सिगरेट, गुटका केक बिस्किट ले गये। चोरी की घटना से करीब 20 हजार की क्षति हुई है। सुबह पड़ोसी ने बताया रात करीब 12 से 1:00 बजे के बीच कुछ आवाज सुनाई पड़ी थी लेकिन कुत्ता होगा सोचकर हम लोग चुपचाप सो गए। वहीं राहुल ने बताया इस क्षेत्र में पहले भी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है। संभवतः नशा गिरोह का यह काम होगा।

# तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड के ससिया में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग मुख्य रूप से उपस्थित थे। मैच का शुभारंभ अतिथियो द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उराँव एवं विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की बात कही। खेल आयोजनकर्ताओं को मुख्य अतिथि डॉ दिनेश उरांव द्वारा जर्सी जबकि विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग द्वारा फुटबॉल दिया गया। मंच संचालन जेम्स जोजो द्वारा किया गया। खेल समाप्ति के उपरांत अतिथियो द्वारा विजेता ओर उपविजेता टीम के बीच प्राइज के रूप में खस्सी का वितरण बीच भी किया गया। इस मौके पर पूरनधर प्रधान, गोवर्धन, चुनेश्वर दास, जिप सदस्य विनोद भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष बड़ाइक नवीन सिंह, अशोक गोप, बलि दास, टेकमन प्रधान, वार्ड सदस्यब रूपन देवी, मोहन प्रधान, तुलन प्रधान समेत सैकड़ो ग्रामीण दर्शक समेत टीम के खिलाड़ी उपस्थित थे।

# कुगांव और घाघरा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के कुगांव और घाघरा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड अंचल शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग कल्याण विभाग सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। जहां ग्रामीण महिला पुरुष पहुंचकर आवश्यकता अनुसार आवेदन भर कर जमा किया। कार्यक्रम में अबुआ आवास, मईया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा सिंचाई सर्वजन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित कई महत्वाकांक्षी योजनाओं लेने को लेकर लोगों की भीड़ लगी रही। मौके पर पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके घरों तक पहुंच उनके पंचायत तक पहुंच उन्हें लाभान्वित करना है। मौके पर उपस्थित लोगों मे कनीय अभियंता सतीश बंसल, नीतीश कुमार, संजय पांडे, पंचायत समिति सदस्य उप मुखिया वार्ड सदस्य कर्मी कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# हर बूथ को सशक्त बनाकर मन से पार्टी के लिए कार्य करें कार्यकर्ता: संतोष पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** डबल इंजन की सरकार में झारखंड विकास के पथ पर दौड़ेगा, हर एक बूथ को सशक्त बनाकर मन से पार्टी के लिए कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए समर्पित होकर काम करें। उक्त बातें गुमला नगर कार्यसमिति की बैठक में संगठन द्वारा राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के सांसद संतोष पांडेय ने कही। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि बूथ कमेटियों का पुर्ननिरीक्षण कर हर बूथ में बैठक करते हुए मेहनत करने वालों का उत्साहवर्धन करें। आगे कहा कि भाजपा सभी धर्म समाज को साथ में लेकर राष्ट्र निर्माण की बात करती है। संविधान को हाथ में लेकर भगवान शिव जी का फोटो दिखाकर विपक्ष देश मे भ्रम फैला रही है। हमारी संस्कृति- सभ्यता का मजाक उड़ाया जा रहा है ।हम लोगों को देश की एकता - अखंडता को बनाए रखने के लिए कटिबद्ध रहना है।

जिन्होंने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को हराकर संसद की सदस्यता ग्रहण की है।

इससे पहले माहेश्वरी भवन में नवनियुक्त नगर भाजपा अध्यक्ष बबलू वर्मा की अध्यक्षता में नगर समिति की बैठक आयोजित हुई। जहां डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक का शुभारंभ सामूहिक वंदे मातरम गान के साथ किया गया।

वहीं बैठक में जनसंघ के नेता रहे पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण प्रसाद, भगवान साबू, संजीव उर्वशी को नगर भाजपा की ओर से सम्मानित कर पार्टी के लिए किए गए अभूतपूर्व योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया। बैठक मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू ने भी बैठक को संबोधित करते हुए आगामी 8- 9 सितंबर को सभी बुथों पर बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा समभाव से पार्टी के लिए समर्पित होकर काम करते हुए भाजपा का परचम लहराना है। हर बुध पर पांच महिलाओं को जोड़ने का निर्देश दिया। वहीं भाजपा का संकल्प यात्रा अभियान में कार्यकर्ताओं द्वारा सुझाव संग्रह अभियान चला, जिसमे कार्यकर्ताओं ने पार्टी हित मे अपना सुझाव मत पेटी में डालकर पार्टी के प्रति आस्था जताया।

# कोटाम में अर्धविक्षिप्त महिला ने दिया नवजात को जन्म



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के कोटाम गांव में एक अर्धविक्षिप्त महिला ने स्वस्थ नवजात शिशु को जन्म दिया है। जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं और उन्हें तुरंत स्वास्थ्य केंद्र कोटाम में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें गुमला के सदर अस्पताल ले जाया गया।

गांव वालों ने बताया कि महिला सिमडेगा थाना क्षेत्र की निवासी है और उसकी उम्र करीब 35 साल है। कुछ महीने पहले वह कोटाम गांव में भटकते हुए पहुंची और रह रही थी सामुदायिक भवन तथा बाजार टांड़ में आश्रय लेती थी। गांव में आने से पहले ही वह गर्भवती थी। गुरुवार सुबह ममता वाहन द्वारा महिला को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसने बच्चे को जन्म दिया। यह खबर गांव में फैलते ही कई ग्रामीण महिला से मिलने पहुंचे और उसके नवजात पुत्र को गोद लेने की इच्छा जतायी।

मिली जानकारी के अनुसार, महिला विवाहित है और उसके पहले से दो बच्चे हैं जो उनके पिता के पास रहते हैं। महिला का पति दूसरी शादी कर चुका इसलिए उसे प्रताड़ित करता था। कुछ महीनों पहले, महिला को घर से निकाल दिया गया, जिसके बाद वह भटकते-भटकते कोटाम पहुंची।

# काला बिल्ला लगाकर शिक्षकों ने किया राज्य सरकार का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** कांडी प्रखंड के सैकड़ों सहायक अध्यापकों ने गुरुवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर काला बिल्ला लगाकर सरकार द्वारा शिक्षकों के साथ किये जा रहे भेदभाव का विरोध किया।

टेट पास सहायक अध्यापक विद्यालयों में लगातार 20 वर्षो को सेवा के बाद सरकार से सहायक आचार्य के पदों पर समायोजन की मांग कर रहे हैं। सहायक अध्यापकों का कहना है कि हेमंत सोरेन द्वारा चुनाव से पूर्व सभी सहायक अध्यापकों को वेतनमान देने का वादा किया गया था।जो पूरा नहीं हुआ। इधर शिक्षा मंत्री द्वारा वार्ता के दौरान टेट पास सहायक अध्यापक के प्रतिनिधि मंडल से बात नहीं कर उन्हे उपेक्षित करने का काम किया है।

शिक्षकों का कहना है कि सरकार द्वारा आयोजित सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में टेट पास सहायक अध्यापकों के लिए 13000 सीट निर्धारित की गयी है किंतु केटेगरी वाइज सीट निर्धारित होने की वजह से परीक्षा में शामिल होने के बावजूद सभी सहायक अध्यापक सहायक आचार्य के पदों पर नियुक्त नहीं हो सकते हैं। शिक्षकों ने सरकार से सभी 13000 पदों पर टेट पास को नियुक्ति व 10 वर्षो की बाध्यता खत्म करने की मांग की है। सरकार द्वारा टेट पास सहायक अध्यापकों को उपेक्षित करने से नाराज शिक्षकों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर काला बिल्ला लगाकर सांकेतिक विरोध जताया। सांकेतिक विरोध करने वालों में अमरेंद्र कुमार पंडित,रामरंजन, प्रवीण कुमार सिंह, अर्चना कुमारी, रेनू कुमारी, मदन मोहन राम, वासुदेव राम, विजय विश्वकर्मा, निरंजन, संजय ठाकुर और अरुण मेहता सहित प्रखंड के सभी सहायक अध्यापक शामिल थे।

### भवनाथपुर में अध्यापकों ने भी जताया विरोध

**भवनाथपुर।** हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए भवनाथपुर प्रखंड के सभी विद्यालयों में कार्यरत टेट सफल सहायक अध्यापकों ने काला बिल्ला लगाकर सरकार का सांकेतिक विरोध किया। सहायक अध्यापकों ने कहा, सरकार अपनी वादा से मुकर रही है। हम सरकार से केवल दो ही मांग रखते है, जिनमें पहला सभी टेट सफल अध्यापकों को सहायक आचार्य के पद पर संयोजित किया जाय और दूसरी मांग है कि 10 वर्ष कार्यानुभव की बाध्यता समाप्त की जाय।

# जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक सिंह के पिता हुए पंचतत्व में विलिन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला के जिप उपाध्यक्ष सह झामुमो के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार सिंह ऊर्फ टुटू सिंह के पिता श्यामदेव सिंह (96) का निधन बुधवार को उनके पैतृक गांव महुअरी में हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को देवरी सोन नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान निकली शव यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुये। बड़े पुत्र उमेश सिंह ने पिता को मुखाग्नि दी। उनके निधन पर विधायक कमलेश कुमार सिंह, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह, ज्योतिरेश्वर सिंह, प्रफुल्ल कुमार सिंह, रविद्र कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रेमतोष सिंह, उदय विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, जामुमो के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, एजाज हुसैन, वशिष्ठ कुमार सिंह, डॉ एजाज आलम, शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रंधीर कुमार सिंह आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## हरिहरगंज में दो घरों में चोरी

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुमरखा और कुरहत कटैया गांव में चोरों ने बुधवार की रात दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया. इस मामले में गुरुवार को हरिहरगंज पुलिस ने भुक्तभोगियों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सबसे पहले मुमरखा गांव के कई घरों का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। जिसके बाद एक ही घर के आंगन में रह रहे नरेश राम, और अनिमेष कुमार के कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने तलाशी ली, लेकिन कुछ नहीं मिलने पर चोरों ने दो बक्सा, एक अटैची और एक बैग को उठाकर ले गए और घर से करीब एक किलोमीटर दूर हदहदवा स्थान पर फेंक दिया। दूसरी घटना कुरहत गांव निवासी जितेंद्र कुमार सिंह के घर में हुई। वहां भी चोरों ने चोरी का प्रयास किया। इस मामले में भुक्तभोगियों ने गुरुवार को एक जोड़ी पायल, बिछिया, अंगूठी और नगदी चोरी होने का आरोप लगाते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि 50 से 60 हजार रुपये के आभूषण चोरी होने की शिकायत मिली है। पुलिस जांच कर रही है।

## हुसैनाबाद के सरकारी एवं गैरसरकारी विद्यालयों में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की जयंती गुरुवार को हुसैनाबाद प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया। एके सिंह कॉलेज, शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय, आरपीएस पब्लिक स्कूल, प्लस-2 बालिका उच्च विद्यालय, बक्सी उच्च विद्यालय, प्रजापिता ईश्वरिय विश्वविद्यालय, राजकीय कृत मध्य विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बून पब्लिक स्कूल, लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल, दक्ष स्कूल, समता स्कूल, सर्वोदय विद्याभारती, किड्सजॉन पब्लिक स्कूल, डिवाइन पब्लिक स्कूल और पाराडाइस पब्लिक स्कूल आदि में सरकारी व गैरसरकारी विद्यालयों में सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके नक्शे कदम पर चलने का आह्वान किया गया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक नृत्य गीत-संगीत नाट्क का मंचन कर लोगों की वाहवाही लूटी। इस दौरान शिक्षक की महता पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापक ने शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए डॉ राधाकृष्णन के जीवन की महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। कहा कि शिक्षक दिवस गुरु और शिष्य के बीच बने बेहतर संबंध के साथ गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का त्योहार है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई मामले का निष्पादन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान गुरुवार को कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी फैजूर रहमान अंसारी ने 5 लोगों को मृत्यु प्रमाण पत्र और दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सेल्फ एंप्लॉयमेंट प्रोग्राम इंडीविजुअल के तहत पांच दुकानदारों को 25-25 हजार रुपए ऋण का चेक प्रदान किया, जबकि गुरु माता स्वयं सहायता समूह को 65000 रुपए ऋण दिया गया। इस मौके पर शहर प्रबंधक नजीबुला अंसारी, विचित्रा कुमारी, सीआरपी अनिता कुमारी, शाहदा अंजुम और लालमुन्नी कुमारी आदि उपस्थित थीं।

## हुसैनाबाद की छह सड़कों को मिली स्वीकृति

# हुसैनाबाद का विकास ही मेरी प्राथमिकता: कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छह महत्वपूर्ण सड़कों को स्वीकृति मिल गई है। इसकी जानकारी देते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि उनकी अनुसंशा के आलोक में हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड में छह ग्रामीण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। अब इन सड़कों के निर्माण के लिए दो दिनों में निविदा निकलने की उम्मीद है। बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अपने-अपने क्षेत्र की सड़कों, पुल-पुलिया की समस्या से उन्हें अवगत कराया था। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर उन पुल-पुलिया व सड़कों का निर्माण कराने की अनुसंशा की थी। जिसकी निविदा निकाल दी गई है। जल्द ही सड़कों की निविदा भी निकल जायेगी। जिन ग्रामीण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है, उसमें हुसैनाबाद के हदना से सैदा बिगहा होते बैजली, मीडिल स्कूल बड़ेपुर से पंचायत भवन होते पुराना बड़ेपुर तक, महुअरी पंचायत के मिराहियाडीह गांव से झरहा मुख्य पथ तक, नारायणपुर नहर से शिवपुर तक, हैदरनगर के बरेवा मेन रोड से कुट्टी सरयू नदी और हैदरनगर बभनडीह मेन रोड से लोहरपुरा रोड चहका भाया बरवाडीह तक सड़क निर्माण शामिल है। विधायक ने बताया कि अब क्षेत्र की लगभग सभी सड़कों को स्वीकृति दिलाने का काम उन्होंने किया है। अधिकांश सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। कुछ पर कार्य चल रहा है। कुछ पर काम शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि वह लगातार समस्याओं के समाधान कराने की दिशा में प्रयासरत रहते हैं।



विधायक कमलेश सिंह।

# महिलाओं को पेंशन नहीं नौकरी व रोजगार दे सरकार : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर का चौधरी समाज की महिलाओं, बुजुर्गों व युवाओं ने खुर्रा पंचायत के बहेराखुर्द गांव में जनसंपर्क अभियान के दौरान भव्य स्वागत किया। गत 15 दिनों से ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर निकली अरुणा शंकर का ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए कहा कि हमारे गांव में मूलभूत सुविधा का घोर अभाव है। हमारे बच्चों व परिवार को भी न्यूनतम बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा चाहिए। इस पर प्रथम महापौर ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक है। झारखंड की गठबंधन सरकार अपनी ओर आकर्षित करने के लिए पढ़ी-लिखी बहनों को भी एक-एक हजार युवा पेंशन देकर बरगलाने की कोशिश कर रही। पर पढ़ी-लिखी बहनों को पेंशन नहीं सरकार नौकरी दे। जब तक नौकरी नहीं दे पाती शिक्षा के अनुसार न्यूनतम पांच-पांच हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता दे। इस मौके पर जवाहर चौधरी, राजीव रंजन चौधरी, शिवकुमार चौधरी, संजय चौधरी, सुधीर चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, पुनीत बैठा, डॉ कमलेश कुमार आदि मौजूद थे।

# ईश्वर से भी ऊंचा है गुरु का स्थान : सुधा कुमारी

**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)।** शिक्षक दिवस पर सतबरवा प्रखंड के पोंची स्थित आनंद मार्ग स्कूल के निदेशक सह रिटायर्ड शिक्षक लाखन सिंह को सतबरवा जिप सदस्य सुधा कुमारी व समाजसेवी अजय उरांव ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुधा कुमारी ने कहा कि गुरु बिना ज्ञान अधूरा है। गुरु बच्चों के भविष्य को गढ़ कर उज्जवल करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु का पद भगवान से भी ऊपर है। वहीं शिक्षक लखन सिंह ने कहा कि गुरु का काम ज्ञान बांटना है। मैनें अपने जीवन का पूरा समय ज्ञान बांटने में लगा दिया। विद्या ऐसा धन है जिसे ना चोरी किया जा सकता है ना ही छीना जा सकता है। जीवन में आगे बढ़ाने के लिए सभी को गुरु की जरूरत होती है।



# गुरु ही हमारे सही मार्गदर्शक : अविनाश देव

## शिक्षक दिवस पर संत मरियाम विद्यालय में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भारतीय सभ्यता में गुरु ही एक ऐसा व्यक्तित्व हैं जिनके योगदानों का सम्मान समाज सदैव करता है। गुरु ही अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाकर लक्ष्य तक पहुंचाते हैं। जिनके सम्मान के लिए शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या में संत मरियम विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन व मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देवघर से आए गजल गायक अमरेश राज सिंह, कोलकाता की गायिका अखी दास की सुरीली आवाज में गुरुओं का भजन, गजल अथवा वाद्य यंत्र पर संगत कर रहे चिंटू मिश्रा, कमल शर्मा, रत्नेश मिश्रा आदि के मधुर धुन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि गुरु ही हमारे सही मार्गदर्शक हैं। गुरु सदैव वंदनीय और श्रेष्ठ है। जिनकी तुलना भगवान से की जाती है। हालांकि बदलते वक्त के अनुसार उन्नत तकनीकी के माध्यम से निश्चित रूप से हम बच्चों को बेहतर शिक्षा तो दे पा रहे हैं, लेकिन संत मरियम का प्रयास है कि यह विद्यालय शिक्षा का एक माध्यम नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास का साधन बने, ताकि बच्चों में शिक्षा के साथ ही संपूर्ण व संतुलित व्यक्तित्व का निर्माण हो सके। क्योंकि गणित,विज्ञान या अन्य विषयों को बेहतर रूप से पढ़ा देना ही एक सभ्य शिक्षक की परिभाषा नहीं है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, उप प्राचार्य एसवी शाहा, रानी मैम, पूजा देव, देवम इंस्टिट्यूट के विभागाध्यक्ष आरएन सिंह, शैक्षणिक प्रमुख यूएस चौबे, प्रवीण दुबे, संजय सिंन्हा विद्यालय समन्वयक अमरेंद्र कुमार, अचला कुमारी आदि मौजूद रहे।

# बूथ स्तर पर मजबूती को लेकर भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** आरबी प्लेस होटल में गुरुवार को भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम एवं संचालन मंडल महामंत्री सन्नी गुप्ता ने की। बैठक में बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया की सभी बूथों पर जाकर बैठक करें और झारखंड सरकार की जन विरोधी नीतियों से आमजनों को अवगत कराएं। बैठक में हरिहरगंज हुसैनाबाद विधान सभा प्रभारी जवाहर पासवान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कर्नल संजय सिंह, सिवी रमनसिंह, अशोक सिंह, मुन्ना विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, सिकन्दर पासवान, विजय मिश्रा, रघुनंदन साव,भीमसेन शर्मा, सनोज गुप्ता, करण राजवीर, विनय विश्वकर्मा, कन्हैया विश्वकर्मा, गौतम मिश्रा, अरविंद पासवान, अम्बुज सिंह, विक्की पटेल, नारेन्द्र गुप्ता, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश मेहता, धनंजय सिंह, धनंजय यादव, सत्येन्द्र भुइयां, महेंद्र पासवान आदि उपस्थित थे।



झारखण्ड सरकार

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

माननीय उच्च न्यायलय के वाद 1544/12 के विरूद्ध आदेश संख्या 1946, दिनांक 22.07.2024 के आलोक गोला प्रखण्ड अन्तर्गत सभी प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोंग समिति (1935) एवं स्वावलम्बीं मत्स्यजीवी सहकारी समितियों (1996) कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पत्रांक 55/25.01.2022 के आलोक में गठित पंचायत स्तरीय समितियों से राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती वर्ष 2024 – 25 से 2026 – 27 तक के लिए बन्दोबस्ती का प्रस्ताव दिनांक 11.09.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में निम्नलिलिखत कागजातों के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो समिति पूर्व में प्रस्ताव जमा कर चुके है उन्हें पुनः जमा करने की आवश्यकता नहीं है:–

1. **वर्ष 2023 – 24 में समिति के द्वारा सदस्यों के साथ की गई जलकरों की वितरण का प्रतिवेदन :–**

| क्र0सं0 | वर्ष | जलकर का नाम | सदस्य का नाम | सदस्यता पंजी में कम संख्या | बन्दोबस्ती अवधि (सदस्य के साथ) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

2. राजस्व जमा प्रतिवेदन / राजस्व बकाया रहित प्रमाण पत्र। (रसीद की छायाप्रति संलग्न करें।)
3. कार्यकारिणी समिति की आम सभी की कार्यवाही की छायाप्रति। (पारित प्रस्तावित जलकरों की सूची सहित)
4. अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन (2023 – 24)
5. विशेष आम सभा / निर्वाचन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
6. सदस्यता सूची की सत्यापित छायाप्रति।(सहायक निबंधक / संबंधित प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा)
7. सहायक निबंधक, सहयोग समितियॉ / जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
8. कार्यकारिणी का प्रस्ताव।
9. समिति के बैंक खाता का प्रथम पृष्ठ की छाया प्रति।

बन्दोबस्ती प्रस्ताव के साथ उपरोक्त कागजातों को जमा करने के पश्चात ही समितियों के साथ बन्दोबस्ती करने पर विचार करने पर विचार किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक जिन की बन्दोबस्ती का प्रस्ताव समितियों के द्वारा सभी कागजातों / अर्हताओं के साक्षय प्राप्त नहीं होने पर उक्त जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती खुले डाक से करने हेतु प्रक्रिया प्रारभ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
रामगढ़

PR 334791 Fish (24-25)_D

झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय,गढ़वा।

दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 09 सितंम्बर–2024

सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, रॉची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, गढ़वा द्वारा दिनांक–09.09.2024 को पूर्वाहन–10.30 बजे से 4.00 अपराहन् तक टाउन हॉल भवन, चिनियां मोड़,गढ़वा में "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2024" का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने हेतु सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | DSETS Pvt Ltd | Technician | 100 | 10th Pass | ITI, Diploma | - | 18-28yr | 12000 - 23000/- | Faridabad, Haryana |
| 02 | AISECT | Computer Operator cum Trainer | 10 | ADCA, PGDCA, DCA, | BCA, MCA | 1 year | 18-50yr | 10000-20000/- | Bana,Meral Garhwa |
| | | Sweeper | 03 | 5th | 5th | - | 18-45yr | 6000-10000/- | |
| | | Cook | 02 | 8th | Cooking Experience | - | 18-50yr | 7000 – 15000/- | |
| 03 | GREYBEEZ PRIVATE LIMITED | Sewing Machine Operator | 100 | 8th Pass | - | - | 18-30yr | 10800/- (In hand) CTC - Rs,14000 | Aluva, Kerala, Tamil Nadu |
| 04 | KISMATI COLLEGE OF NURSING, MERAL | Nursing TUTOR | 01 | Bsc.Nursing | - | Fresher | 22-35yr | 12000/- 15000/- | Meral, Garhwa |
| 05 | SPANDANA SPHOORTY FINANCIAL LTD | Loan Officer | 20 | 12th, ITI/ Diploma, GRADUATE | Bike, Learning Licence/Driving Licence | - | 19-27yr | 12000/- | Garhwa, Jharkhand |
| 06 | 2050 HEALTH CARE, RANCHI | ANM (Home Care) | 95 | 12+ANM | GNM | - | 18-40 yr | 12000 to17000/- | Ranchi &PAN India |
| | | GDA (Home Care) | 50 | GDA Certification from any Skill centre | HHA | - | 18-40 yr | 12000 to 17000/- | |
| 07 | G.S.A FOUNDATION, JAMTARA | CNC Machine Operator /Quality Incharge | 200 | 10th /12th | ITI/GRADUATE/DIPLOMA | - | 18-35 yr | 16000-20000/- | RAJKOT, GUJRAT |
| 08 | LIFE INDURANCE CORPORATION OF INDIA | Agent / Insurance advisor | 20 | 10th pass | 12th Pass | - | 18yr or above | Commission , Allowances, | Garhwa |
| 09 | UTKARSH SMALL FINANCE BANK, LTD | TCO | 100 | Intermediate | - | - | 18-32yr | 10500/- | Any district of Jharkhand |
| | | TRO | 10 | Graduate | - | - | 18-28yr | 13000/- | |
| | | PSE | 20 | Graduate | - | - | 18-28yr | 17700/- | |
| | | TCSO | 10 | Graduate | 6 month Diploma in Computer | - | 18-28 yr | 13000/- | |
| 10 | Vananchal Dental College & Hospital | X-Ray Technician | 02 | Diploma in X-Ray | - | 2year | Upto 45 yr | 10000 to 12000 | Garhwa |
| | | Lab Technician | 04 | B.Sc. MLT | Diploma in DMLT | 1year | Upto 45 yr | 10000 to 12000/- | |
| 11 | Vananchal College of Science | Lab Attendant | 04 | Intermediate | - | 1 year | Upto 45 yr | 8000 to 10000/- | Garhwa |
| 12 | Vananchal Educational & Welfare Tuust | Care Taker | 02 | Intermediate | Graduation | 2 year | Upto 45yr | 8000 to 10000/- | Garhwa |
| | | Plumber | 02 | Matric | Intermediate | 2 year | Upto 45yr | 8000 to 10000/- | Garhwa |
| | | Cook Male | 02 | Matric | Intermediate | 1 year | Upto 45yr | 8000 to 10000/- | Garhwa |
| | | Store Keeper | 02 | Intermediate | Graduation | 2year | Upto 45 yr | 8000 to 10000/- | Garhwa |
| | | Hostel Warden Male/ Female | 02 | Intermediate | Graduation | 2 year | Upto 45 yr | 8000 to 10000/- | Garhwa |
| | | Security Guard (Female ) | 02 | Matric | Intermediate | 2 year | Upto 45 yr | 8000 to 10000/- | Garhwa |
| | | Gardener | 02 | Matric | Intermediate | 2 year | Upto 45yr | 8000 to 10000/- | Garhwa |
| | | Security Guard (Male ) | 02 | Matric | Intermediate | 2 year | Upto 45 yr | 8000 to 10000/- | Garhwa |
| | | Electrician | 02 | Intermediate | ITI | 2 year | Upto45yr | 10000 to 12000/- | Garhwa |
| | | Clerk | 04 | Intermediate | Graduation | 2year | Upto 45yr | 8000 to 12000/- | Garhwa |
| | | Cook Female | 02 | Matric | Intermediate | 1 year | Upto 45yr | 8000 to 10000/- | Garhwa |
| | | Computer Operator | 05 | Intermediate, DCA, PGDCA | Graduation, BCA | 2year | Upto 45 yr | 10000 to 15000/- | Garhwa |
| 13 | Kalyan Gurukul | Electrician | 25 | 10th | 12th | - | 18-30 year | 18000/- | Bengaluru |
| | | Construction | 40 | 5th | 12th | - | 18-30year | 20000/- | |
| 14 | SIS Ltd, Garhwa | Security Guard | 100 | 10th Pass | - | - | 19-40 yr | 15000 - 22000/- | All India |
| | | Supervisor | 20 | 12th Pass | - | - | 21-37 yr | 19000 - 25000/- | |
| | | CIT | 50 | 12th Pass | - | - | 18-33 yr | 13000 - 19000/- | |
| 15 | JIS Foundation, Dhurki More Garhwa | Centre Manager | 01 | Graduation | - | 2 Yr | 18-30yr | 20000-25000/- | Nagar Untari |
| | | GDA Trainer (Female) | 02 | B.Sc. Nursing | TOT Certificate | 1Yr | 18-30yr | 12500-15000/- | |
| | | DDEO Trainer (Female) | 02 | Graduation | ADCA | 1yr | 18-30yr | 12500-15000/- | |
| | | Mobilizer | 02 | 12th pass | - | 1yr | 18-30yr | 10,000/ + Feul | |

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय निबंधन कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, बायोडाटा (02 कॉपी) तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षत्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के नियम एवं शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य अन्तर्गत निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरुद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रुप में लाभ प्राप्त करने के लिए किसी एक पदाधिकारी यथा– अंचल अधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी तथा उपायुक्त के स्तर निर्गत किए गए स्थानीय निवास प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

रिक्तियों की विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के अधिकृत वेबसाईट –www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

नोट :–मेला में भाग लेने वाले कम्पनी की संख्या तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई रिक्ति घट–बढ़ सकती है।

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी गढ़वा।

PR 334830 Labour Employment and Traning(24-25)D

महत्वपूर्ण न्यूज

## शिक्षक दिवस पर धनबाद जिले के 25 शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शिक्षक दिवस पर धनबाद जिले के 25 शिक्षकों को जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक की ओर से उत्कृष्ट सेवा के लिए पुरस्कृत किया गया। इन शिक्षकों द्वारा जिले में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है। प्रतिदिन उक्त शिक्षकों द्वारा विद्यालय अवधि के बाद ऑनलाइन कक्षा संचालित की जाती है। साथ ही फिन निपुण समागम में पुरस्कृत जिला के 13 शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इसी तरह जिले को शिक्षा के क्षेत्र में और उपलब्धि हासिल करने की शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम प्राधिकारी आदि उपस्थित थे। इसके पहले सभी प्रखंडों से आए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम के पदाधिकारियों के बीच पहले समीक्षा बैठक की गई।

## 22 शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित



**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** शिक्षक दिवस पर गुरुवार को जोगता मोदीदिह स्थित बालिका उच्च विद्यालय में दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता के नेतृत्व में प्रज्वला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के 22 शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करते हुए पारितोषिक वितरण किया गया। साथ ही 300 विद्यार्थियों के बीच मिठाई एवं केक बांटा गया। हालांकि कार्यक्रम से पूर्व विद्यार्थियों के बीच एक निबंध प्रतियोगिता कराई गई, जिसका शीर्षक 'शिक्षक का महत्व आपके जीवन में क्या है' था। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कहकशा परवीन, द्वितीय स्थान कैफा अंजुम, तृतीय स्थान नंदनी गुप्ता एवं सांत्वना पुरस्कार दिया कुमारी को महिला समिति की अध्यक्ष राजश्री राय द्वारा दिया गया। इस अवसर पर प्रज्वल्ला महिला समिति की अध्यक्ष राय ने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक, विद्वान और दार्शनिक थे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत में पहला शिक्षक दिवस 5 सितंबर 1962 को मनाया गया था। उन्होंने कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाएं उन सितारों की तरह होते हैं, जो हमें अज्ञानता से ज्ञान के प्रकाश में लाते है। वह हमारे अच्छे मित्र मार्गदर्शन और हमारे आदर्श होते है। मौके पर समिति की सदस्य सुलक्षणा सिंह, माया सिंह, बनोश्री नंदा, अनिता विश्वकर्मा, बंदना और नूतन जोशी आदि उपस्थित थी।

## बीआइटी सिंदरी में मना शिक्षक दिवस



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** बीआईटी सिंदरी के रोट्रैक्ट क्लब ने शिक्षक दिवस पर प्रोफेसर इन चार्ज एससी दत्ता को सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह का उद्देश्य उन शिक्षकों की सराहना करना था जिन्होंने छात्रों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। समारोह की शुरूआत केक काटने के साथ हुई। जिसमें प्रोफेसर दत्ता को फूलों और आभार के प्रतीकों से सम्मानित किया गया। क्लब के सदस्यों ने प्रोफेसर दत्ता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनकी प्रशंसा। मौके पर क्लब के सदस्य प्रियेश, प्रताप, अभिषेक, सुमित, सत्यम, अदिति, निधिश्री, झील, मृदुला, सार्थकऔर सूरज आदि मौजूद थे। रोट्रैक्ट क्लब ने इस आयोजन के जरिए सभी शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता और सराहना व्यक्त की।

## सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में बोकारो इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के 19 अधिशासीयों के लिए दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार से हुआ। इस कार्यक्रम में फैकल्टी के रूप में वैसे अधिकारी शामिल हो रहे हैं जो पूर्व में मेसर्स एएसके- इएचएस द्वारा 'ट्रेन दि ट्रेनर' कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा) बीके सरतापे, महाप्रबंधक (एच आर-एल एंड डी) डीआर टोप्पो उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा) बीके सरतापे ने सभी को सुरक्षा शपथ दिलाई और कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में स्टील प्लांट में सेफ्टी की अहमियत पर प्रकाश डाला और सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम से सीखी बातों को अपने सहमर्मियों से भी साझा करने की अपील की। वहीं, डीआर टोप्पो ने भी सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के आयोजन मे वरीय ओपरेटिव (एचआर-एल एंड डी) राकेश कुमार, कौशलेंद्र प्रताप सिंह और इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद बाउरी का सराहनीय योगदान रहा।

## 8 सितंबर से झरिया में बहेगी भक्ति की धारा



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया में 8 से 15 सितंबर तक नया अग्रवाल धर्मशाला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी जानकारी अग्रवाल धर्मशाला नया भवन में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने दी। श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन से आ रहे परम पूज्य जय कृष्ण दास जी महाराज अपनी मधुर वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। इस दौरान कलश यात्रा लक्ष्मीनिया मोड़ स्थित रानी सती मंदिर से नगर भर्मण करते हुए अग्रवाल धर्मशाला पहुंचेगी।

# जिला परिषद में होगा डीआरडीए का विलय

## जिला ग्रामीण विकास शाखा के गठन की स्वीकृति का निर्णय

**मंत्रीपरिषद की बैठक में 6 मार्च को ही प्रस्ताव को मिली थी स्वीकृत**

आजाद सिपाही संवाददाता



समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण।

**धनबाद।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) शासी निकाय की बैठक गुरुवार को समाहरणालय सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता डीआरडीए शासी निकाय की अध्यक्ष सह जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने की। बैठक में डीआरडीए का जिला परिषद (पंचायती राज विभाग) में विलय और ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के लिए जिला ग्रामीण विकास शाखा के गठन की स्वीकृति पर निर्णय लिया गया। इस अवसर पर डीआरडीए शासी निकाय के सचिव सह डीडीसी सादात अनवर ने कहा कि जिस तरह राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, असम औरर ओडिशा में डीआरडीए का जिला परिषद में विलय करने की प्रक्रिया अपनाई गई, उसका अध्ययन कर राज्य सरकार ने झारखंड के सभी जिलों में डीआरडीए को जिला परिषद में विलय करने की प्रक्रिया निर्धारित की है। इस संबंध में मंत्रीपरिषद की बैठक में 6 मार्च 2024 को प्रस्ताव को स्वीकृत दी है। विलय के बाद डीआरडीए के 15 कर्मी (स्थाई सरकारी कर्मचारियों को छोड़कर), डीआरडीए की संपत्ति जिला परिषद में समाहित करने की सहमति बनी। बैठक में डीआरडीए शासी निकाय की अध्यक्ष सह जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, निरसा विधायक अपर्ण सेनगुप्ता, डीआरडीए शासी निकाय के सचिव सह डीडीसी सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजुर, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, एलडीएम अमित कुमार के अलावा विधायक के प्रतिनिधि, जिला परिषद के सदस्य, प्रखंड प्रमुख मौजूद थे।

# लॉटरी के अवैध धंधे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**लोदना बाजार व आसपास के क्षेत्रों में धड़ल्ले से बिक रही झरिया के समीर की लॉटरी**

**एजेंट संजय और राजेश लोदना बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में सेलर के माध्यम से बेच रही लॉटरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झारखंड में लॉटरी पूरी तरह से प्रतिबंधित है। बावजूद इसके प्रतिबंधित लॉटरी का अवैध कारोबार कोयलांचल में धड़ल्ले से चल रहा हैं। इसी बीच सुदामडीह पुलिस की ओर से गौरखुट्टी में अवैध लॉटरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। इस दौरान अवैध लॉटरी टिकट एवं नगद राशि सहित अवैध लॉटरी के सरगना अजय चौरसिया और लॉटरी सेलर करण महतो को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र राउत ने गुरुवार को अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि धनबाद वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुदामडीह थाना क्षेत्र के भौंरा गौरखुट्टी स्थित अजय चौरसिया के घर छापामारी की गयी। इस दौरान अवैध लॉटरी टिकट सहित नगद राशि बरामद की गयी। बतातें चलें कि विगत माह में अवैध लॉटरी के धंधे में संलिप्त तनवीर, जहांगीर, झरिया के शब्बीर व समीर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। पुलिस सभी को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापामारी कर रही है। पर अब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पायी है।

## लॉटरी के अवैध धंधे में लिप्त दो आरोपी गिरफ्तार



**झरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रही लॉटरी के खिलाफ झरिया पुलिस ने छापामारी तेज कर दी है। बुधवार की रात झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार के निर्देश पर टीम गठित कर विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी की गयी। इस दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान बनियाहिर स्थित हनुमानगढ़ी निवासी मनोज कुमार निराला और कोयरिबांध निवासी सूरज कुमार साव के रूप मे हुई है। उनके पास से 145 लॉटरी टिकट और 2830 रुपए भी बरामद किये गये हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कांड संख्या215/24 के तहत मामला दर्ज कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## रांची में आजसू की नवनिर्माण संकल्प सभा की तैयारियों को लेकर बैठक

# बेरोजगार युवाओं को ना नियोजन मिला, ना बेरोजगारी भत्ता : तापेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** युवाओं को उज्ज्वल भविष्य के लुभावने सपने दिखाकर सत्ता में काबिज हुई गठबंधन सरकार ने सबसे अधिक युवाओं को ही ठगा है। इस सरकार के पांच साल का कार्यकाल पूरा होने को है। बावजूद इसके हेमंत सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे सकी। उक्त बातें आजसू युवा के बोकारो जिला प्रभारी तापेश कुमार महतो ने कही। वे गुरुवार को बोकारो परिसदन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने पांच लाख युवाओं को नियोजन देने का वादा किया था। नियोजन नहीं दे पाने पर सभी बेरोजगार स्नातक को पांच हजार व स्नोकोत्तर को सात हजार रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक ना युवाओं को रोजगार मिला, ना ही बेरोजगारी भत्ता। सरकार सिर्फ बेरोजगार युवाओं को गुमराह करती रही। यूं कहें कि हेमंत सरकार विकास के हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि पीजीटी शिक्षक परीक्षा में 100 अंक के पेपर में अभ्यार्थियों को 252 अंक मिला है। झारखंड में 62 प्रतिशत पद खाली है। इसके बावजूद सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे रही है। सरकार नियुक्ति के प्रति उदासीन है। सबसे ज्यादा पद शिक्षा विभाग में खाली है। दूसरे स्थान पर स्वास्थ्य विभाग है। पर सरकार की गलत नीतियों की वजह से बेरोजगार युवक दर-दर भटकने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार के वादा खिलाफी को लेकर आजसू आठ सितंबर को रांची के प्रभात तारा मैदान में नवनिर्माण संकल्प सभा आयोजित करेगी। उन्होंने बोकारो के युवाओं से नवनिर्माण संकल्प सभा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। मौके पर जिला संयोजक बंकिम चंद्र महतो, भीम महतो, विश्वनाथ गोराई, कैलाश महतो, आनंद सिंह, रवि महतो, अमरजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# तीन महीने से डीओ नहीं मिलने से नाराज असंगठित मजदूरों ने किया विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** राजापुर कोलियरी में पिचले तीन महीने से डीओ आफर नहीं भेजने से गुस्साए असंगठित मजदूरों ने गुरुवार को जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के बैनर तले लोडिंग प्वाइंट पर जमकर हंगामा किया। इस दौरान मजदूरों ने परियोजना का पांच घंटे उत्पादन व ट्रांसपोटिंग कार्य ठप कर दिया। मजदूरों ने परियोजना में खड़े सभी वाहनों को बाहर निकाल दिया। प्रबंधन के तानाशाही रवैया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसकी सूचना पाकर पहुंचे पीओ केके सिंह ने लोगों को समझा बुझा कर काम शुरू कराने का प्रयास किया, लेकिन मजदूरों ने पीओ को घेरकर जमकर खरीखोटी सुनाई। मजदूरों का आक्रोश देख पीओ वहां से निकल गये। उत्पादन व ट्रांसपोटिंग प्रभावित होने के बाद बस्ताकोला क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभारी एके शर्मा राजापुर आंदोलनकारियों से बातचीत किये। इसके बाद कोयला भवन अधिकारियों से बात की। उन्होंने कोयला भवन से डीओ आफर भेजने की स्वीकृति मिलते ही 10 हजार टन आरओएम कोयला का आफर कोयला भवन भेज दिया। इसके बाद परियोजना का कार्य शुरू किया गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मनोज गोप व रंजीत सिंह ने कहा कि प्रबंधन ट्रांसपोटिंग के चक्कर में तीन माह से डीओ आफर नहीं भेज रहा है। जिस कारण यहां काम करनेवाले मजदूरों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उपर से कई त्योहार भी आ रहे है। यहां ट्रक लोडिंग कर 550 मजदूरों के परिवार की रोजी रोटी चलती है। मौके पर दिनेश चौहान, गनौरी चौहान, बीरू दास आदि मौजूद थे।

## श्री शिव स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवा ट्रस्ट ने मनाया शिक्षक दिवस



**बोकारो थर्मल/जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित पलामू पंचायत के आदिवासी बहुल गांव छोटकी कुडी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय मांझी टोला में श्री शिव स्वास्थ्य व शिक्षा सेवा ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी जोधन नायक ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। ट्रस्ट के संस्थापक सह सचिव भुनेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि ट्रस्ट के जरिए शिक्षा व स्वास्थ्य को सुदुरवर्ती गांवों में जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। वहीं, ट्रस्ट की ओर से सचिव भुनेश्वर साहू ने शिक्षक उमेश कुमार महतो, राज कुमार किस्कू, रीतलाल महतो, धनेश्वर महतो, राजेश कुमार सिंह, टेकलालराज महतो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं नव प्राथमिक विद्यालय मांझी टोला के अव्वल छात्र गणेश मुर्मू व गीता कुमारी व उमवि छोटकी कुडी के सविता कुमारी व उर्मिला कुमारी को नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मौके पर ट्रस्ट के कानूनी सलाहकार गणेश तिवारी, सुदामा कुमार, शंभू गुप्ता, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष होपन मुर्मू आदि उपस्थित थे। उधर, जरीडीह प्रखंड स्थित तेतरियाडीह में एजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एजी कॉलेज ऑफ फामेर्सी और सैम्फोर्ड इंटरनेशनल अकादमी के प्रांगन में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें राष्ट्रीय कांग्रेस के झारखंड अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी, निदेशक जैकी अर्फिन आदि मौजूद थे।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 28/2023-24(IInd call)

पत्रांक–568 लातेहार/दिनांक– 04.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | नगर नदी पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य प्रखंड–,चन्दवा जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 77.886 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 09.09.2024 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.09.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.09.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 26.09.2024 5.00 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 334694 Water Resource(24-25)#D

**Govt. of Jharkhand, Energy Department**
Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice (Urgent)**

**Tender reference no.: 14/JREDA/SOLARCITY/RESCO/24-25**
**Dated: 04.09.2024**

Online bids are invited for selection of Developers for Design, Manufacture, Testing, Supply, and Installation & Commissioning of Ground Mounted Solar Power Plants on RESCO Mode under Giridih Solar City Scheme. The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Selection of Developers for Design, Manufacture, Testing, Supply, Installation & Commissioning of 18 MW Ground Mounted Solar Power Plants on RESCO Mode under Giridih Solar City Scheme. |
| 2 | Tentative quantity (kWp) | **18 MW** |
| 3 | Completion of work | **18 (Eighteen) Months** |
| 4 | Period of contract | **25 ( Twenty-five) Years** |
| 5 | Date of publication of NIT on website: http:// jharkhandtenders.gov.in | **06.09.2024 (Friday)** |
| 6 | Date & time of Pre-bid meeting | **12.09.2024 (Thursday)** at 1.00 P.M. |
| 7 | Last date & time for receipt of online bids | **23.09.2024 (Monday)** upto 05:00 PM |
| 8 | Submission of original copies of Bid fee &EMD through Online via SBI Payment Gateway of Jharkhand Tenders | **23.09.2024 (Monday)** upto 05:00 PM |
| 9 | Technical Bid Opening Date | **25.09.2024 (Wednesday)** at 3.00 P.M. |
| 10 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 11 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491163/67/61, 9570086777 |
| 12 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491163/67/61 |

**Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in** & www.jreda.com. **Further details can be seen on website:** http://jharkhandtenders.gov.in **&** www.jreda.com

**Sd/-**
**Director, JREDA, Ranchi**

**PR 334754 Energy(24-25)#D**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अति अल्पकालीन निविदा संख्याः–17/2024-25/RWD/KHUNTI, दिनांक– 05.09.2024
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नामः–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHUNTI-15/ 2024-25 | मुरहू | लिलीकोटो से तुरांग तक पथ निर्माण कार्य (लं०– 3.200 कि०मी०)। | 3,23,35,100.00 (तीन करोड़ तेईस लाख पैंतीस हजार एक सौ रू० मात्र।) | 6,47,000.00 (छः लाख सैंतालीस हजार रू० मात्र।) | 12 माह। |
| 2 | RWD-KHUNTI-16/ 2024-25 | खूँटी | बिरजिला से बुकुलदा बाड़ेडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं०– 4.600 कि०मी०)। | 4,34,16,800.00 (चार करोड़ चौंतीस लाख सोलह हजार आठ सौ रू० मात्र।) | 8,69,000.00 (आठ लाख उनहत्तर हजार रू० मात्र।) | 12 माह। |
| 3 | RWD-KHUNTI-17/ 2024-25 | खूँटी | पुटीदाग से जिक्की गाँव तक पथ निर्माण कार्य (लं०– 2.000 कि०मी०)। | 1,70,95,000.00 (एक करोड़ सत्तर लाख पंचानब्बे हजार रू० मात्र।) | 3,42,000.00 (तीन लाख बयालीस हजार रू० मात्र।) | 12 माह। |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 09.09.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 18.09.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 20.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०ः– 9431170803
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

PR 334855 (Rural Work Department) 24-25 (D)

## प्रधानमंत्री की सिंगापुर और ब्रुनेई की यात्रा संपन्न, टॉप सीइओ से कहा

# ‘भारत के बच्चे खुद अपना सैटेलाइट कर रहे लांच’

### भारत और सिंगापुर ने सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी, हेल्थ सपोर्ट और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में समझौता किया

एजेंसी

**सिंगापुर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिंगापुर और ब्रुनेई दौरे पर गये थे। भारत और सिंगापुर ने सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी, हेल्थ सपोर्ट और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में समझौता किया। इसके बाद मोदी ने सिंगापुर के बिजनेस लिडर्स और टॉप सीइओ से बातचीत कर भारत में इंवेस्ट करने का अह्वान किया। प्रधानमंत्री ने



सिंगापुर के अपने पूर्व समकक्ष ली सीन लूंग से मुलाकात की और उन्हें भारत-सिंगापुर संबंधों का मजबूत समर्थक बताया तथा दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के विकास में उनके योगदान की सराहना की। सिंगापुर और ब्रुनेई की यात्रा खत्म करने के बाद भारत के लिए रवाना हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तेजी से बढ़ता हुआ अर्थव्यवस्था है। हमारे यहां एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। इंवेस्ट के लिए भारत में पूरा आसमान खुला पड़ा है। हमें 100 नये एयरपोर्ट बनाने हैं। आपको काशी में निवेश करना चाहिए। भारत के पास टैलेंट है और उसका लाभ दुनिया को मिलेगा। भारत के बच्चे खुद सेटेलाइट लांच कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि मैंने पूरी दुनिया को एक वादा किया है। हम ग्लोबल वार्मिंग को एक चुनौती मानते हैं। हम सिर्फ अपनी संवेदना व्यक्त कर अटकने वाले लोग नहीं हैं, हम समाधान देने वाले लोग हैं। हमने 500 गीगावाट का लक्ष्य रखा है और 2030 तक हमें ये करना है। इसमें मैं न्यूक्लियर, हाइड्रो, सोलर और विंड पर जाना चाहता हूं। इसी प्रकार हमने बॉयो फ्यूल की पॉलिसी बनायी है। भारत इसको लीड करना चाहता है। ऊर्जा से जुड़े हुए ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां ग्रीन जॉब्स की पूरी संभावना है, हम इसमें पहल कर रहे हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं, आप भी आइये।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in

## पिछली सरकार में शिक्षा व्यवस्था बहुत खराब थी : मोहन चरण माझी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने नवीन सरकार के दौरान 5टी स्कूल की समालोचना की है। सीएम ने कहा, 5टी के नाम पर जो स्मार्ट स्कूल बना है, वह स्कूल के छात्रों को प्लस माइनस नहीं कर पा रहे है। 5टी के स्कूल में शिक्षा व्यवस्था बहुत खराब थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाई स्कूल तक पहुंचते-पहुंचते उन बच्चों को निचली कक्षा का पाठ भी नहीं पता होता है। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय गुरु दिवस समारोह और छात्र संबर्धना समारोह में भाग लेकर इस संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि हर पंचायत में मॉडल स्कूल होंगे। सारा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। स्कूल का नाम ओड़िशा के पहले शिक्षा मंत्री गोदाबरीश मिश्र के नाम पर रखा जायेगा। अगले 3 महीने में 16010 जूनियर शिक्षकों की भर्ती की जायेगी। चालू वित्तीय वर्ष में 27 हजार 197 शिक्षकों की भर्ती की जायेगी।

## कर्मचारियों की वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने के लिए पूर्व तट रेलवे और भारतीय स्टेट बैंक के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेलवे कर्मचारियों की वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम में, पूर्व तट रेलवे (ईसीओआर) ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता रेलवे के विशाल कार्यबल की जरूरतों के अनुरूप एक अद्वितीय वित्तीय लाभ और सेवाएं पेश करेगा एमओयू में पूर्व तट रेलवे के तीन डिवीजनोंः खुर्दा रोड, वाल्टेयर, संबलपुर और मंचेश्वर वर्कशॉप के 59,762 सेवारत कर्मचारी शामिल हैं। इस समझौते से लगभग 76% कार्यबल, अर्थात 45,419 कर्मचारी, जिनके वेतन खाते एसबीआई में हैं, वे लाभान्वित होंगे। **एमओयू की मुख्य विशेषताओं में शामिल हैं :**

इसका लक्ष्य क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 37,500 कर्मचारियों को लाभ प्रदान करना है ट्रैकमैन, सिग्नल कीपर, तकनीशियन, आरपीएफ कार्मिक, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर और फील्ड में काम करने वाले अन्य कर्मचारी, जो नौकरी स्तर की सुरक्षा, रखरखाव कार्य में लगे हुए हैं, इस सुविधा के लिए पात्र हैं। व्यापक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा में आकस्मिक मृत्यु के लिए 1



करोड़, हवाई दुर्घटनाओं के लिए 1.6 करोड़ और भीर्णक्षम के लिए पर्याप्त कवरेज शामिल है। **वित्तीय समाधान प्रदान करने वाले ऋणों के लिए किफायती ब्याज दरें :** आधुनिक बैंकिंग प्रौद्योगिकियों के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा और सुविधा को बढ़ाने वाले उन्नत डिजिटल बैंकिंग समाधान। इस कार्यक्रम में पूर्व तट रेलवे और एसबीआई दोनों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल और एसबीआई भुवनेश्वर सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक ने कार्यवाही का नेतृत्व किया। दोनों प्रमुखों ने कर्मचारी कल्याण के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए इस सहयोग के महत्व पर जोर दिया। यह समझौता ज्ञापन केवल एक समझौता नहीं है, यह हमारे कर्मचारियों के समग्र कल्याण को बढ़ाने के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। एसबीआई के साथ साझेदारी हमें व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाती है जो हमारे कार्यबल के लिए मानसिक शांति और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन प्रदान करती है, परमेश्वर फूंकवाल ने कहा। इन लाभों के अलावा, एमओयू व्यक्तिगत बैंकिंग सेवाओं, सुव्यवस्थित ऋण प्रसंस्करण और पूर्व तट रेलवे कर्मचारियों के लिए समर्पित ग्राहक सहायता की शुरूआत करता है। यह वित्तीय सुरक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को दशार्ता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कर्मचारी अपने वित्त का प्रबंधन आसानी और आत्मविश्वास से कर सकें। इस समझौते के माध्यम से, पूर्व तट रेलवे अपने विस्तारित रेलवे परिवार के लिए नवाचार और देखभाल के लिए नये मानक स्थापित करते हुए, कर्मचारी कल्याण में अग्रणी बना हुआ है।

## मंडल रेल प्रबंधक ने सजग लोको चालकों और आरपीएफ कर्मचारियों को सम्मानित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक, तुषार कांत पाडेय ने रेढ़ाखोल स्टेशन के पास गाड़ी संख्या 18426 दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस से गिरे एक नाबालिग लड़के को बचाने के लिए रेढ़ाखोल के आरपीएफ कर्मियों, सहायक उपनिरीक्षक, लक्ष्मण कुमार प्रधान, आरक्षक, बिक्रम बाग और लोको चालक बिभूति भूषण देहुरी, बयेन कुमार बेहेरा और ह्रदानंद प्रधान के प्रयासों की सराहना की। गुरुवार को लगभग 03.30 बजे गुजर रही मालगाड़ी के लोको चालकों ने रेलवे ट्रैक के पास एक बेहोश नाबालिग लड़के को पड़ा देखा, लोको चालकों ने तुरंत रेढ़ाखोल स्टेशन को सूचित किया। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कर्मियों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर

**ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कर्मियों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायल नाबालिग लड़के को बचाया।**

घायल नाबालिग लड़के को बचाया। बाद में उचित चिकित्सा जांच और अन्य प्रक्रियाओं के बाद नाबालिग को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। लोको चालकों और आरपीएफ कर्मियों को उनकी सजगता और त्वरित कार्रवाई के लिए मंडल रेल प्रबंधक, तुषार कान्त पाण्डेय द्वारा प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, आनंद सिंह और सभी शाखा अधिकारी सम्मान समारोह में उपस्थित थे।

## भाजपा की चंदौरी और तिसरी मंडल की कार्यसमिति की बैठक



**धनवार (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के चंदौरी और तिसरी मंडल की कार्यसमिति सह संगठनात्मक बैठक बरनवाल धर्मशाला में बुधवार को आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह, विधानसभा के प्रभारी प्रकाश सेठ मौजूद थे। बैठक के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव और कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर रणनीति बनायी जायेगी। बैठक में सात और आठ सितंबर को पंचायत प्रभारी अपने क्षेत्र में रह कर बूथ के मतदाताओं का आकलन करेंगे।











## वेदांता एल्युमीनियम ने किया उन्नत एलएमवी और एचएमवी सिमुलेशन प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**झारसुगुड़ा।** गुरुवार को भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने ओड़िशा के झारसुगुड़ा में अपने मेगा एल्युमीनियम प्लांट में काम करने वाले ड्राइवरों के बीच सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक अत्याधुनिक लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) और हैवी मोटर व्हीकल (एचएमवी) सिमुलेशन प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया है। यह नयी सुविधा परिचालन सुरक्षा को बढ़ाने, कौशल विकास को बढ़ावा देने और परिवहन क्षेत्र में उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाये रखने के लिए कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नवनिर्मित प्रशिक्षण केंद्र में अत्याधुनिक सिमुलेटर हैं, जो एलएमवी और एचएमवी दोनों ऑपरेटरों के लिए अत्यधिक यथार्थवादी प्रशिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गये हैं। केंद्र का प्राथमिक उद्देश्य चालक कौशल को निखारना, परिचालन जोखिमों को कम करना और सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना है। नियंत्रित वातावरण में व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करके, केंद्र आवश्यक ड्राइविंग दक्षताओं के विकास और सड़क सुरक्षा के समग्र संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस परियोजना के बारे में बात करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ सुनील गुप्ता ने कहा, हमारे कार्यबल की सुरक्षा वेदांता एल्युमीनियम में हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह रणनीतिक



हस्तक्षेप परिचालन सुरक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हमें विश्वास है कि यह केंद्र हमारे परिचालन के भीतर सड़क सुरक्षा प्रथाओं को आगे बढ़ाने और सुरक्षा, कौशल विकास और रसद परिदृश्य में सुधार पर अधिक ध्यान देने के साथ नये उद्योग मानक स्थापित करने में सहायक होगा। सिमुलेशन प्रशिक्षण केंद्र वेदांता एल्युमीनियम द्वारा अपनी सुरक्षा-केंद्रित संस्कृति को मजबूत करने के लिए शुरू की गयी कई पहलों में से नवीनतम है। इनमें शामिल हैं। संकल्प, कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों के लिए सुरक्षा संस्कृति परिवर्तन कार्यक्रम। इसे सभी साइटों पर लागू किया गया है। सुरक्षा प्रशिक्षण को बढ़ाने और दुकान के कर्मचारियों के लिए एक आकर्षक और आकर्षक अनुभव प्रदान करने के लिए संवर्धित और आभासी वास्तविकता प्रशिक्षण केंद्र। मशीनों के साथ मानवीय संपर्क को कम करने के लिए संचालन और प्रक्रियाओं का व्यापक डिजिटलीकरण और महत्वपूर्ण संयंत्र संचालन की 360-डिग्री दृश्यता सुनिश्चित करने के लिए एक विनिर्माण निष्पादन प्रणाली, जिससे मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से दूरस्थ निर्णय लेने की अनुमति मिलती है। आग की घटनाओं का तुरंत पता लगाने और सुरक्षा मानकों के प्रति कर्मचारियों के पालन की निगरानी के लिए वीडियो एनालिटिक्स, निरंतर संयंत्र सुरक्षा सुनिश्चित करना। झारसुगुड़ा में एक पूरी तरह से महिला अग्निशमन टीम अग्निवाहिनी, जिन्हें किसी आपात स्थिति में कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए सावधानीपूर्वक प्रशिक्षित किया गया है, जो स्थानीय प्रशासन और समुदाय को ऑफ-साइट प्रतिक्रिया सहायता प्रदान करती है। सेफ्टी स्टैंड डाउन, एक कार्यक्रम जिसमें नेतृत्व दल नियमित रूप से कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों के साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करते हैं, ताकि समग्र सुरक्षा-प्रथम संस्कृति का निर्माण किया जा सके। वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जिसने वित्त वर्ष 24 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का उत्पादन किया।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**